सुप्रभात
रांची, शनिवार
19.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैसाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 274 | 12



युद्ध के लिए जेलेंस्की जिम्मेदार नहीं : ट्रंप

## न्यूज डायरी

### अपराधियों ने ज्वेलर्स दुकानदार को मारी गोली

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में आकाश ज्वेलर्स के मालिक बसंत कुमार को दुकान में घुसकर अपराधियों ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद घायल दुकानदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना को लूट के उद्देश से अंजाम दिया गया है या किसी अन्य वजह से, इसकी जांच की जा रही है।

### नाबालिग की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में जुए में जीते पैसों को लेकर विवाद होने पर तीन नाबालिगों ने अपने ही नाबालिग दोस्त की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना रुद गांव की है। मृतक की पहचान 16 वर्षीय कृष्णा भुइयां उर्फ कईला के रूप में हुई है। शुक्रवार को एमआरएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

### मांडविया ने खान सुरक्षा प्रक्रिया की समीक्षा की

**धनबाद।** केंद्रीय श्रम रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को धनबाद में खान सुरक्षा महानिदेशालय के कामकाज की समीक्षा की। खनन क्षेत्र में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सुशासन और राज्य सरकारों के साथ समन्वय के महत्व पर बल दिया तथा श्रमिकों के हितों के लिए निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों के तकनीकी उन्नयन को बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय खनन प्रौद्योगिकियों से अवगत कराने का सुझाव दिया। कहा कि इससे उद्योग और खदानों में कार्यरत लोगों को लाभ होगा।

### गोड्डा में सरकारी शेड गिरने से एक की मौत

**गोड्डा।** रमला में एक सरकारी शेड गिरने से एक बच्चे की मौत हो गयी और छह बच्चे भी घायल हो गये। इनमें दो की हालत गंभीर है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। बच्चे एक पुरानी सरकारी शेड के नीचे खेल रहे थे, तभी तेज बारिश से शेड ढह गया।

### भगोड़ा आतंकी हरप्रीत अमेरिका में गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने पंजाब में कई आतंकवादी घटनाओं में नामजद भगोड़े अभियुक्त हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार करने की घोषणा की है। हरप्रीत का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से संबंध बताया जाता है। एफबीआई ने सोशल मीडिया पर हरप्रीत के पकड़े जाने की जानकारी दी। दो अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से संबद्ध हरप्रीत अमेरिका में अवैध तरीके से घुसा था और गिरफ्तारी से बचने के लिये बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहा था।

# रांची में वायुसेना के जांबाज आज और कल दिखायेंगे अपना शौर्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में शनिवार को पहली बार भारतीय वायु सेना का शौर्य दिखाई देगा। नामकुम आर्मी ग्राउंड में दो दिवसीय 19 और 20 अप्रैल को होनेवाले एयर शो में सूर्य किरण की टीम विमानों के जरिए कई रोमांचकारी करतब दिखाएगी। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के चीफ ऑफ स्टाफ एपी सिंह भी शामिल होंगे।



वहीं कार्यक्रम को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी रांची के सभी स्कूल प्रबंधक और कॉलेज के प्राचार्यों से रांची में होनेवाले पहले एयर शो को देखने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि शिक्षण संस्थालन छात्र-छात्राओं को एयर शो जरूर दिखाएं।

सेठ ने कहा भारतीय सेना के प्रति बच्चे जागरूक हों और अपनी देश की सेना के शौर्य और पराक्रम को जान सकें। इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन रांची में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह शो पूरी तरह निःशुल्क है। एयर शो की शुरूआत सुबह नौ बजे से होगी।

## गुड फ्राइडे

### यीशु के मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें : सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर राज्यवासियों के लिए अपना संदेश जारी किया। सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि प्रेम, दया, त्याग, समर्पण और मानवता का संदेश देकर प्रभु यीशु ने अपने जीवन का बलिदान दिया था। गुड फ्राइडे का यह दिन हमें प्रेम, क्षमा और करुणा का संदेश देता है। आइए, इस पवित्र दिन हम प्रभु यीशु के मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।



## अधिकारियों और पत्नी समेत स्पेन और स्वीडन दौरे पर गये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# झारखंड में औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने का रणनीतिक प्रयास शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन के दौरे पर रवाना हो गया है। इस दौरान सीएम श्री सोरेन, झारखंड और स्पेनिश उद्यमों के बीच औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के रणनीतिक प्रयास में 19 से 27 अप्रैल तक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

यह आधिकारिक यात्रा इस्पात और धातु, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित अपने सबसे गतिशील क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने की राज्य की व्यापक रणनीति का हिस्सा रहेगी।

- झारखंड में निवेश को बढ़ावा देने की हेमंत सरकार की बड़ी पहल
- सबसे पहले बार्सिलोना, मैड्रिड और स्वीडन के गोथेनबर्ग जायेगी टीम



**टीम में ये हैं शामिल** : सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा में महिला एवं बाल कल्याण कमेटी की चेयरपर्सन कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अल्का तिवारी, सीएम के प्रधान सचिव, खनन निदेशक, जुडको निदेशक, उद्योग सचिव, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक, उद्योग निदेशक, विशेषज्ञ और सुरक्षा अधिकारी।

### स्पेन और भारत के बीच आर्थिक संबंध मजबूत

पिछले एक दशक में स्पेन और भारत ने अपने आर्थिक संबंधों को लगातार बढ़ाया है। आज, भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनियां काम करती हैं और द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 8.78 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो साल-दर-साल 6.3% की वृद्धि दर्शाता है। अक्षय ऊर्जा, धातुकर्म उद्योग, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्र दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रमुख तालमेल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### स्वीडन में भी बैठक करेगा प्रतिनिधिमंडल

झारखंड से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विदेश दौरे पर गया प्रतिनिधिमंडल स्पेन एवं स्वीडन में अपनी यात्रा के दौरान प्रमुख स्पेनिश औद्योगिक और ऊर्जा समूहों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों के साथ बातचीत करेगा। निर्धारित व्यापार मंच और कई बैठकें स्पेनिश कंपनियों को झारखंड के महत्वाकांक्षी औद्योगिक रोडमैप, निवेशक सुविधा नीतियों और सार्वजनिक-निजी सहयोग के अवसरों की जानकारी देंगी। प्रतिनिधिमंडल स्वीडन में भी बैठक करेगा।

प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले बार्सिलोना, मैड्रिड और स्वीडन के गोथेनबर्ग जायेगा। 19 से 27 अप्रैल तक स्पेन और स्वीडन के विभिन्न शहरों में यह प्रतिनिधिमंडल विदेशी निवेशकों के साथ बैठक कर राज्य सरकार की नीतियों से उन्हें अवगत करायेगा। दौरे के क्रम में 22 अप्रैल को माइनिंग सेक्टर में काम करने वाली कई कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में स्पेन और स्वीडन के साथ अनुभव साझा किया जाएगा। वहां की आइबरड्रोला, एसिओना, एनर्जी विंड एनर्जी जैसी कंपनियों के साथ बातचीत होगी। सौर ऊर्जा को लेकर राज्य में उपलब्ध साधन और उसमें निवेश की संभावनाओं पर भी विस्तार से निवेशकों के साथ बातचीत होगी। कुल मिलाकर यह यात्रा राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और विकास का मार्ग प्रशस्त करते हुए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की सोच है।

**सुशांत गौरव, उद्योग निदेशक, झारखंड**

# डॉ शशिबाला सिंह रिम्स की नयी प्रभारी निदेशक

- रिम्स की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने का किया जायेगा प्रयास : रिम्स निदेशक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। डॉ शशिबाला सिंह को रिम्स का नया अंतरिम प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग की ओर से अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया है।

**संस्थान में सबसे सीनियर हैं डॉ शशिबाला सिंह** : बता दें कि डॉ सिंह संस्थान की वरिष्ठ प्राध्यापक तथा स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ विभाग की संकायाध्यक्ष और प्राध्यापक हैं। प्रभारी पद पर उनकी नियुक्ति नियमित नियुक्ति होने या 6 माह के लिए की गयी है।

**सरकार का जताया आभार** : डॉ शशिबाला सिह ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी तथा अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के प्रति आभार प्रकट करती हूं। इन्होंने जो विश्वास और उत्तरदायित्व मुझे सौंपा है, मैं उसे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निभाने का संकल्प लेती हूं। रिम्स की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगी।

### शरीयत को सर्वोच्च बताने वाले बयान पर मंत्री हफीजुल हसन का यू-टर्न

## अब कहा- मेरे लिए सर्वोच्च है संविधान

**रांची।** झारखंड के अल्पसंख्यक और जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने अपने एक बयान से विवाद खड़ा होने के बाद अब अपना रुख बदल लिया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उनका बयान गलत तरीके से पेश किया गया और वह संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा है कि संविधान उनके लिए सर्वोच्च है और वह इसके मूल्यों के अनुसार काम करेंगे। वह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। हफीजुल हसन ने कहा कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन संवैधानिक मूल्यों के अनुसार करेंगे और सभी समुदायों के लिए न्याय, समानता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह किसी भी तरह की नफरत या हिंसा का समर्थन नहीं करते हैं।

# मालदा कैंप में मुर्शिदाबाद हिंसा पीड़ितों से मिले गवर्नर बोस, केंद्र को सौंपेंगे रिपोर्ट

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जाने से किया था मना, सीवी आनंद बोस ने ठुकराया

**एजेंसी**

**कोलकाता/नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मालदा जिले के एक राहत शिविर में मुर्शिदाबाद हिंसा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। वह शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित इलाकों से भागकर अस्थायी शरणार्थी से मिलने मालदा पहुंचे थे। इससे पहले सीएम ममता बनर्जी ने उनसे मुर्शिदाबाद का दौरा न करने की अपील की थी, जिसे राज्यपाल ने ठुकरा दिया था। श्री बोस ने मालदा रवाना होने से पूर्व कहा कि वह पीड़ितों से मिलने के लिए जा रहे हैं और इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को देंगे। राज्यपाल बोस अगले 2 दिन हिंसा प्रभावित इलाकों और शरणार्थी शिविरों का दौरा करेंगे। मुर्शिदाबाद में स्थिति का जायजा लेंगे और पीड़ितों से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा- मैं जमीनी स्थिति का जायजा लूंगा। शिविरों में रह रहे लोगों की शिकायतें सुनूंगा, उनकी भावनाओं, उनकी जरूरतों को समझूंगा और फिर हम उचित कार्रवाई करेंगे। हमें हिंसा के रास्ते को खत्म होगा और ताबूत में आखिरी कील ठोकनी होगी। यह एक ऐसा काम है जो बंगाल में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि वहां जो कुछ हुआ है, वह ऐसा कुछ है जो कभी नहीं होना चाहिए था। इस तरह की हिंसा कभी बर्दाश्त नहीं की जा सकता है।



रवाना होते समय राज्यपाल ने कहा, मैं फील्ड में जा रहा हूं।

**टीएमसी ने लगाये आरोप** : राज्यपाल के मालदा दौरे पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, अदालत ने किसी को भी क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी है, ताकि शांति और सौहार्द्र में सुधार हो सके। वे अपने पद का दुरुपयोग करके वहां घुसे हैं।

**आज देशव्यापी प्रदर्शन** : हिंसा को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। विहिप ने शनिवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने की भी घोषणा की है।

**महिलाओं से ज्यादती भी हुई** : वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि मुर्शिदाबाद में महिलाओं से ज्यादती भी हुई। उन्होंने हिंसा से प्रभावित व कैंप में महिलाओं और बच्चों से मुलाकात की है। उनके साथ क्या बीती है, उसके बारे में पीड़ितों ने बताया है। महिलाओं को बहुत तकलीफ हुई है। यौन उत्पीड़न भी हुआ है।

## कार्टून कोना

### तीसरी आंख




### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एलन मस्क की फोन पर हुई बातचीत

# टेक्नोलॉजी-इनोवेशन के क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच आपसी साझेदारी बढ़ाने की जतायी प्रतिबद्धता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को बढ़ाने के बारे में चर्चा की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी और एलन मस्क से बात हुई और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरूआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।



फाइल फोटो

**टेस्ला भारत में मैन्युफैक्चरिंग बेस स्थापित करने के लिए कर रहा बातचीत** : यह बातचीत मस्क की कंपनियों विशेष रूप से टेस्ला और स्टारलिंक की भारतीय बाजार में बढ़ती दिलचस्पी के बीच हुई है। टेस्ला देश में मैन्युफैक्चरिंग बेस स्थापित करने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने मार्च में भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं लाने के लिए मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। टेलीकॉम टाइकून सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल ने भी स्पेसएक्स के साथ इसी तरह की साझेदारी की है।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और मस्क की इससे पहले फरवरी में पीएम मोदी की अमेरिका की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मुलाकात हुई थी। दोनों ने इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की थी।

### सेटेलाइट टोल सिस्टम लागू होने की खबर अफवाह

# देश में लागू रहेगी फास्टैग व्यवस्था

**स्पष्टीकरण**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोल सिस्टम लागू करने की बात कही गयी थी। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कुछ मीडिया हाउस की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोल सिस्टम लागू हो जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को रिप्लेस करेगा।




मंत्रालय ने कहा कि हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सैटेलाइट आधारित टोल सिस्टम एक मई से लागू करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध, बिना किसी परेशानी के आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर एएनपीआर-फास्टैग बेस्ट बैरियर-लैस टोलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।

### 23 तक झारखंड में बारिश का अनुमान

**रांची।** भारतीय मौसम विभाग ने झारखंड में 23 अप्रैल हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान जताया है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। अनुमान के अनुसार 19 अप्रैल को भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। वहीं 20 अप्रैल को राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है जबकि 21 अप्रैल को कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। 22 और 23 अप्रैल को भी गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। इधर शुक्रवार को रांची और कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। इस दौरान ओले भी गिरे। इधर आईएमडी ने राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों को छोड़कर अन्य भागों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश के दौरान गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका जतायी थी।

## खबर एक नजर में

### इरफान अंसारी ने सीपी सिंह को बताया गिद्ध, कहा दंगा फैलाने की साजिश करते हैं

**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रांची के विधायक सीपी सिंह पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने सीपी सिंह की तूलना गिद्ध से करते हुए कहा कि वह दंगा करने की साजिश करते हैं और समाज में अमन चैन के लिए खतरा हैं। सीपी सिंह विधानसभा के अध्यक्ष और राज्य के नगर विकास मंत्री रह चुके हैं। वह पिछले पांच बार से रांची के विधायक हैं। इरफान अंसारी ने उन पर आरोप लगाया कि वह मुस्लिमों से नफरत करते हैं और अपने विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम इलाकों में झांकने तक नहीं जाते हैं। इरफान अंसारी यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि सीपी सिंह हमें (इरफान अंसारी) को प्रमाण पत्र नहीं दें। उनका (इरफान अंसारी) का परिवार फ्रीडम फाइटर के परिवार से हैं। जबकि सीपी सिंह अंग्रेजों से माफी मांगने वाली परंपरा से आते हैं। इरफान अंसारी ने सीपी सिंह को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह आरएसएस और भाजपा से जुड़े स्वतंत्रता सेनानियों के नाम बताएं, नहीं तो समाज से माफी मांगे। सीपी सिंह घोर निराशा के दौर से गुजर रहे हैं। वह भाजपा की राजनीति से किनारा कर दिए गए हैं। उनकी ऐसी खराब स्थिति के लिए वह सहानुभूति रखते हैं।

### राज्य के 668 छोटे-बड़े खनिज डीलरों के लाइसेंस सस्पेंड, 960 का हुआ लैप्स

**रांची।** झारखंड में खनिजों के व्यापार करने वाले छोटे-बड़े 668 डीलरों के लाइसेंस सस्पेंड कर दिये गये हैं। वहीं 860 डीलरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है। खान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्यभर में फिलहाल 8749 डीलर कार्यरत हैं। जिन डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है, उनमें बड़े खनिजों का व्यापार करने वाले 374 और माइनर मिनरल (लघु खनिज) का व्यापार करने वाले 333 डीलर शामिल हैं।

**चतरा में 252 डीलरों को किया गया है सस्पेंड :** चतरा में सबसे अधिक 252 डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है। इसके बाद पाकुड़ में 53, रामगढ़ में 49, साहिबगंज में 49, पलामू में 35 और लातेहार में 34 डीलरों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं 484 बड़े डीलरों और 506 छोटे डीलरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है।

### रिम्स निदेशक को हटाने के मामले में सरयू राय भी कूदे, कहा दुर्भाग्यपूर्ण

**रांची।** रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को हटाए जाने के मामले में सरयू राय भी कूद गए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि रिम्स निदेशक पद से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह कार्रवाई इसलिए की गई कि इन्होंने दो दिन पूर्व हुई रिम्स शासी निकाय बैठक में करोड़ों रूपए का गलत भुगतान करने का सरकारी आदेश नहीं माना और सही बातें कह दी। इनके द्वारा रिम्स में किया जा रहा सुधार सरकार को रास नहीं आया।

### झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 601 इंस्पेक्टर व सार्जेंट मेजर की वरीयता सूची की जारी

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 601 इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर की अंतिम वरीयता सूची जारी की है। डीजीपी ऑफिस ने झारखंड पुलिस अकादमी के निदेशक, स्पेशल ब्रांच, एसीबी, सीआईडी, रेल, झारखंड जगुआर और जंगल वारफेयर स्कूल के डीआईजी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर रैंक के पदाधिकारी की वरीयता सूची मूल कोटि के आधार पर तैयार की गयी है। इसके लिए पहले आपत्तियां आमंत्रित की गयी थीं। वरीयता आपत्ति निराकरण समिति द्वारा प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करने के बाद अंतिम वरीयता सूची जारी की गयी है।

### आज राज्य के सभी जिला केन्द्रों पर विहिप का आक्रोश प्रदर्शन

**रांची।** आज राज्य के सभी जिला केन्द्रों पर विहिप का आक्रोश प्रदर्शन होगा। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत एवं प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया पिछले एक सप्ताह से वक़्फ अधिनियम के बहाने से प>िम बंगाल में हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा निमित्त दृष्टिगत नहीं हुई है। राज्य सरकार द्वारा पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा के विरोध एवं वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा झारखंड के सभी जिला केन्द्रों पर धरना, आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा तथा जिलाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## बाबूलाल ने सीएम के विदेश दौरे पर उठाये सवाल, कहा

# राज्य में निवेश लाना है, तो उद्योग मंत्री को साथ क्यों नहीं ले गये

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर सवाल खड़ा किया है। कहा है कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं, बिजली संकट गहराया हुआ है। इन सबके बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी विधायक पत्नी सहित एक बड़े सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। यदि इस यात्रा का उद्देश्य विदेशी निवेश लाना है, तो सबसे बड़ा सवाल है कि उद्योग मंत्री को क्यों नहीं साथ ले जाया जा रहा है। उद्योग विभाग के सचिव और निदेशक तो इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं, लेकिन उद्योग मंत्री का नाम सूची से नदारद है। क्या निवेश की बातचीत में मंत्री की कोई भूमिका नहीं?

**कोलकाता में उद्योग मंत्री को किया गया अपमानित :** बाबूलाल ने सोशल मीडिया में आगे लिखा है कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा। सुना है कि कोलकाता में हुई एक महत्वपूर्ण निवेश बैठक में भी उद्योग मंत्री को अपमानित कर अंतिम समय पर शामिल होने से रोक दिया गया था और उनके स्थान पर हेमंत सोरेन अपनी पत्नी को साथ ले गये थे। सीएम से कहा है कि यह यात्रा सरकारी है, तो उद्योग मंत्री की जगह कल्पना सोरेन किस हैसियत से शामिल हो रहीं हैं। यदि यह निजी यात्रा है, तो फिर सरकारी खजाने से खर्च कर अधिकारियों की फौज क्यों भेजी जा रही है।

**रिटायर आईएफएस पर भी उठाए सवाल :** चौंकाने वाली बात यह भी है कि प्रतिनिधिमंडल में एक ऐसे सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी को शामिल किया गया है, जिनकी ख्याति से पूरा प्रदेश परिचित है। सरकार में सहयोगी दलों के मंत्रियों को अपमानित करना अब एक परंपरा बनती जा रही है। सारे विभागों से निर्णय लेने की शक्ति अघोषित तौर पर मुख्यमंत्री की विधायक पत्नी को दी जा चुकी है।

### रिम्स निदेशक पर डाला जा रहा था करोड़ों के भुगतान का दबाव : मरांडी

रांची। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विगत दिनों हुई रिम्स शासी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय अधिकारियों के भ्रष्टाचार का विरोध करने और अनुचित भुगतान के आदेश को न मानने के कारण डॉ राजकुमार जी को रिम्स निदेशक पद से हटाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि शासी परिषद की हालिया बैठक में निजी डायग्नोस्टिक केंद्रों को बिना किसी अनुबंध के करोड़ों रुपये का भुगतान करने का दबाव स्वयं स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय सचिव द्वारा रिम्स निदेशक पर डाला जा रहा था। इस दौरान विभागीय सचिव ने शासी परिषद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने की कोशिश की। अनुचित भुगतान का दबाव नहीं मानने के साथ ही निदेशक ने उस बैठक में अपने इस्तीफा तक दे देने की बात कह दी थी।

**रिम्स में भ्रष्टाचार का खेल यूं ही चलता रहेगा :** अब सरकार ने रिम्स निदेशक को पद से हटाकर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि रिम्स में भ्रष्टाचार का खेल यूं ही चलता रहेगा। इससे पहले हेमंत सोरेन के पिछले कार्यकाल में भी अनुचित दबाव नहीं मानने के चलते रिम्स के कई निदेशकों को समय पूर्व इस्तीफा देकर यहां से जाना पड़ा। उन्होंने लिखा है कि यदि सरकार को गवर्निंग बॉडी की सलाह नहीं माननी थी तो फिर औपचारिकता की बैठक करने से बेहतर इसे भंग कर देना ही उचित होगा। अत्यंत दुखद है कि हेमंत सोरेन ने राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स को अपने संगठित भ्रष्टाचार का केन्द्र बना दिया है।

## भाजपा नकारात्मक व निराशाजनक समूह बनता जा रहा : विनोद पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि हेमंत सरकार की किसी भी सकारात्मक पहल के प्रति भाजपा नेताओं में ईर्ष्या और असुरक्षा सर्वव्यापी है। भाजपा की प्रतिक्रिया में कुछ भी आ>र्यजनक नहीं है। एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री का विदेश दौरा भाजपा के नेताओं को भला कैसे पच सकता है, ये तो उनके डीएनए में ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड जल्द ही कई अन्य देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। हेमंत सोरेन का नेतृत्व क्षमता बेमिसाल है। उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होता जा रहा है। दूसरी ओर विपक्ष के नाम पर भाजपा नकारात्मक और निराशाजनक समूह बनता जा रहा है। भाजपा का एक ही काम है साम्प्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने की साजिष रचना। चुनावों में जनता से निकारे जाने के बाद प्रदेश में भाजपा नेताओं के पास कोई काम नहीं है। इसलिए सरकार के सकारात्मक कार्य या पहल का परिणाम आने से पहले ही भाजपा के नेता अपने मुताबिक काल्पनिक परिणाम गढ़ कर राजनीति में जिंदा रहने की कोशिश कर रहे हैं। झामुमो नेता विनोद पांडेय ने कहा कि जहां तक प्रश्न है स्पेन और स्वीडन की आर्थिकी का, तो पिछले एक दशक में स्पेन और भारत ने अपने आर्थिक संबंधों को लगातार बढ़ाया है। भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनियां काम करती हैं और द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 8.78 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो साल-दर-साल 6.3 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है। अक्षय ऊर्जा, धातुकर्म उद्योग, स्मार्ट इंफ्रास्ट्^र और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्र दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रमुख तालमेल का प्रतिनिधित्व करते हैं। झारखंड प्रतिनिधिमंडल स्पेन एवं स्वीडन में अपने यात्रा के दौरान प्रमुख स्पेनिश औद्योगिक और ऊर्जा समूहों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों के साथ बातचीत करेगा।

## झारखंड में बदहाल उच्च शिक्षा की स्थिति सुधारना सबसे जरूरी : बंधु

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड में उच्च शिक्षा की स्थिति निरंतर बदहाल होती जा रही है। झारखण्ड में राजधानी रांची से लेकर विविध जिले और प्रखण्ड स्तर तक बेहतर उच्च शिक्षा के लिये सभी कॉलेजों में पठन-पाठन, शिक्षकों एवं गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरना और शैक्षणिक वातावरण को सुधारना सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी झारखण्ड में विभिन्न विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेजों में स्थिति यहां तक परेशान करनेवाली है कि शिक्षकों के अधिकांश पद खाली पड़े हैं और अध्ययन-अध्यापन का कार्य बहुत हद तक बाधित है। बंधु तिर्की ने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सिमडेगा कॉलेज, मांडर कॉलेज, कार्तिक उरांव कॉलेज बेड़ो सहित अधिकांश महाविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। वहीं मुख्य विषयों के साथ ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में भी शिक्षकों के नहीं रहने के कारण पढ़ाई-लिखाई बाधित है। उन्होंने कहा है कि झारखण्ड गठन के बाद पिछले 25 साल में प्रदेश में उच्च शिक्षा की स्थिति में निरंतर ह्रास होता जा रहा है। वर्तमान समय में ऐसी स्थिति से छात्र-छात्राओं में निराशा व्याप्त गया है। उच्च शिक्षा के हित में वर्तमान राज्यपाल की भूमिका की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदय को झारखण्ड में बेहतर उच्च शिक्षा के वातावरण को कायम करने के लिये अपनी सकारात्मक तथा सहयोगात्मक भूमिका का निर्वहन करना चाहिये ना कि राज्य सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा में बेहतर वातावरण के लिये उठाए जा रहे कदमों के आगे असहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिये।

# तेतुलिया मामले में आरसीसीएफ और डीएफओ अवमानना के मामले में दोषी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हाईकोर्ट ने डीएफओ रजनीश कुमार और आरसीसीए डी वैंकटेश्वरला को न्यायालय के अवमानना का दोषी करार दिया है। हालांकि न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में इन दोनों अधिकारियों के अवमानना के मामले में सजा नहीं सुनाई है। अवमानना को दोषी करार अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात कहने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। पूरा प्रकरण तेतुलिया के 74.38 एकड़ जमीन से संबंधित है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश दीपक रौशन की पीठ ने अवमानना से संबंधित मामले में सुनवाई पूरा करने के बाद 17 अप्रैल 2025 को अपना फैसला सुनाया। इजहार हुसैन से जमीन खरीदने वाली उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी। इसमें यह कहा गया था कि कंपनी ने 10 फरवरी 2021 को इजहार हुसैन व अख्तर हुसैन से तेतुलिया मौजा की 74.38 एकड़ जमीन खरीदी थी।

इजहार हुसैन की इस जमीन पर सरकार की ओर से यह दावा किया गया था कि जमीन प्रोटेक्टेड फॉरेस्ट है। जमीन से जुड़े दोनों मामलों में सरकार हार गयी। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट से भी सरकार को राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट से याचिका रद्द होने के बाद बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार की ओर से एक पत्र जारी किया गया। पत्र में कंपनी को गैर- वानिकी काम नहीं करने का निर्देश दिया गया।

इसके बाद कंपनी की ओर से हाईकोर्ट में एक अवमानना याचिका दायर की गयी। इसमें कहा गया कि डीएफओ जानबूझ कर हाइकोर्ट द्वारा दिये गये फैसलों के रोकने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे हैं। इसलिए इस मुद्दे पर डीएफओ के खिलाफ अवमानना के मामले में कार्रवाई की जानी चाहिए।

न्यायालय ने याचिका की सुनवाई के बाद डीएफओ को यह आदेश दिया कि वह बोकारो के तेतुलिया जमीन मामले में हाईकोर्ट के फैसलों के प्रभावित करने के लिए जारी किये गये पत्रों को वापस लें। लेकिन डीएफओ रजनीश कुमार ने आरसीसीएफ डी वेंक्टेश्वरला द्वारा जारी किया गया एक पत्र कोर्ट में पेश किया। साथ ही यह भी कहा कि वह संबंधित जमीन पर गैर-वानिकी कार्य रोकने से संबंधित जारी किये गये पत्रों को वापस नहीं ले सकते हैं।

डीएफओ द्वारा न्यायालय में शपथ पत्र के माध्यम से इस बात को कहे जाने के बाद न्यायालय ने आवमानना याचिका में आरसीसीएफ डी. वैंक्टेश्वरला को भी प्रतिवाद बना दिया। इसके बाद सरकार ने कंटेम्प्ट पिटिशन के खिलाफ एसएलपी दायर की।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद सरकार को अपनी बात हाईकोर्ट में कहने का निर्देश दिया। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को यह निर्देश दिया कि अवमानना को दोषी पाये जाने के बाद हाईकोर्ट आठ सप्ताह तक सजा नहीं सुनाये।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में हाईकोर्ट में दोनों अधिकारियों को दोषी करार दिया। लेकिन सजा नहीं सुनायी। हाईकोर्ट ने अवमानना के दोषी पाये गये अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट जाने की आजादी दी।

## राज्यकर्मियों को अब ऑनलाइन मिलेगा विजिलेंस क्लीयरेंस

### ऐसा होने से उनकी पदोन्नति व पदस्थापन में होगी आसानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अब राज्यकर्मियों के पदोन्नति और पदस्थापन में आसानी होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने विजलेंस क्लीयरेंस को ऑनलाइन करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया होने से राज्य कर्मियों को विजिलेंस क्लीयरेंस प्राप्त करने के लिए महीनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एचआरएमएस के तहत विजिलेंस क्लियरेंस इन्फॉर्मेशन सिस्टम (वीसीआइएस) डेवलप किया गया है। यह व्यवस्था ऑनलाइन होगी। इसके लिए किसी भी पदाधिकारी को एचआरएमएस पर लॉगिंग कर एक्सेस किया जाएगा। फिर विजिलेंस क्लियरेंस सिस्टम में इंप्लॉय कॉर्नर, एबीसी, टेक्निकल इवैल्युएशन, कैबिनेट विजिलेंस और संबंधित डिपार्टमेंट अपना-अपना अनुमोदन करेगा।

**एचआरएमएस पर अद्यतन रखना होगा पदस्थापन का विवरण :** पदाधिकारियों को अपने पदस्थापन संबंधी विवरणी को एचआरएमएस पर अद्यतन रखना होगा। विभाग भी अपने पदाधिकारियों और कर्मचारियों की विवरणी को इस प्रणाली के तहत अद्यतन कराएगा। इस प्रणाली में किसी भी पदाधिकारी के विरुद्ध दर्ज मामलों के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, तकनीकी मूल्यांकन कोषांग तथा मंत्रिमंडल निगरानी विभाग के द्वारा ऑनलाइन सूचना अंकित की जाएगी।

विजिलेंस क्लीयरेंस की वैधता

एसीबी प्रत्येक माह की पांच तारीख को किसी पदाधिकारी के विरुद्ध दर्ज मामलों या निष्पादित मामलों के संबंध में जानकारी वीसीआईएस (विजिलेंस क्लियरेंस इन्फॉर्मेशन सिस्टम) पर अद्यतन करेगा। इसके बाद जेनरेटेड विजिलेंस क्लीयरेंस अगले माह की 15 वीं तारीख तक वैध होगी। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी है और जल्द ही इस प्रस्ताव को कैबिनेट में रखा जाएगा।

# गये हैं सैर सपाटे को, बता रहे विदेश दौरा : शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री का यूरोप दौरे सिर्फ कैमरा एक्सपोजर और सैर सपाटे की दृष्टि से किया जा रहा है। ये पूरा दौरा करदाताओं के पैसे का अनावश्यक निवेश है। यह बातें बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कही। उन्होंने कहा कि स्वीडन और स्पेन में वर्ष 2024 में 13 करोड़ पर्यटक घूमने आए थे। मुख्यमंत्री अपने दल के साथ इस संख्या में इस वर्ष इजाफा करने जा रहे हैं। झारखंड एक खनन और कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाला राज्य है। भारत के जीडीपी का लगभग 15% हिस्सा कृषि से आता है। देश के साथ झारखंड की बड़ी आबादी रोजगार के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर आश्रित है, जबकि स्पेन के जीडीपी का मात्र 2.5% हिस्सा कृषि से आता है और स्वीडन का तो सिर्फ 1.7% जीडीपी का हिस्सा कृषि पर आधारित है। कृषि क्षेत्र में तो झारखंड और भारत इन देशों से कहीं आगे हैं। भारत की खनन टेक्नोलॉजी स्पेन और स्वीडन की तुलना में कहीं ज्यादा उन्नत है। इन दोनों देशों में खनन का कोई बहुत बड़ा इतिहास भी नहीं रहा है। खनन क्षेत्र में इन देशों से कोई बड़े निवेश या टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। सीएम को पहले राज्य के विधि व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिये

मुख्यमंत्री को पहले अपने राज्य के विधि व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए था। जब तक झारखंड का विधि व्यवस्था नहीं सुधरेगा, तब तक पर्यटकों की संख्या में वृद्धि नहीं हो सकता। स्पेन में 25 वर्ष से कम उम्र के युवाओं की बेरोजगारी 28.4% है। स्पेन के 12000 यूनिट औद्योगिक यूनिट या तो बंद हो गए हैं या बंदी की तरफ बढ़ रहे हैं। ऐसे में स्पेन के उद्योग पहले अपने घर को बचाएंगे कि झारखंड में निवेश करेंगे? वैसे स्पेन का ला टोमैटिना (टोमैटो फेस्टिवल), फिएस्टा दे सैन फर्मिन (बुल चेज) और ला लिगा (स्पेनिश फुटबॉल लीग) पर्यटकों में बहुत प्रसिद्ध है। शायद मुख्यमंत्री को भी ये तीनों पसंद है।

**उद्योग मंत्री का नहीं रहना बिन दूल्हे की बारात जैसा :** इस दौरे का एक आ>र्यजनक पहलू यह भी है कि औद्योगिक निवेश के लिए गए इस प्रतिनिधि मंडल से उद्योग मंत्री ही गायब हैं। यह तो वही स्थिति हो गई कि पूरी बारात रवाना हो गई, लेकिन दूल्हे को घर में ही छोड़ दिया गया। उद्योग मंत्री को नहीं ले जाना, यह स्पष्ट कर रहा है कि यह सिर्फ पर्यटन यात्रा है। निवेश लाने से इसका कोई संबंध नहीं। उन्होंने कहा कि सीएम को स्वीडन के स्टॉकहोम जरूर जाना चाहिए, जहां बोफोर्स का मुख्यालय है।

## पुंदाग टोल प्लाजा कर्मियों की मांगों पर चंद्रप्रकाश चौधरी ने वार्ता करायी



**रांची।** पुंदाग टोल प्लाजा के कार्यालय में गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी के उपस्थिति में टोल प्लाजा परियोजना प्रबंधक और अखिल झारखंड श्रमिक संघ के बीच विभिन्न मांगों को लेकर बैठक हुई और एक सहमती बनी। इनकी मांगों में वार्षिक वेतन वृद्धी 8% से बढ़कर 10 % करने, अधिलाभांश बोनस 8.33%से बढ़ा कर 10 % करने व वार्षिक उत्सव अवकाश प्रदान करने शामिल था। जिसमें 5 राष्ट्रीय अवकाश व 2 राजकीय अवकाश की 4 नियुक्ति एक कर्मचारी को बर्खास्त किया गया था तो उन्हें पुनः नियुक्त किया गया। झारखंड श्रमिक संघ ने सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी को धन्यावाद दिए।

# सीपी सिंह मानसिक कुंठा के शिकार, दे रहे अनाप-शनाप बयान : शहजादा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** बीजेपी विधायक सीपी सिंह द्वारा सभी मुसलमानो को जिहादी कहे जाने पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजानद अनवर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि बीजेपी विधायक सीपी सिंह मानसिक कुंठा के शिकार हो गए हैं, हताश होकर अनाप-सनाप बयान दे रहे हैं।

शहजादा अनवर ने कहा कि सीपी सिंह ने जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया है। सीपी सिंह का बयान शांति, सदभाव, लोकतंत्र, भाईचारगी और एकता में विश्वास रखने वालों के खिलाफ है। देश के प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह इस बयान का समर्थन करते हैं या विरोध। अगर इस बयान का समर्थन नहीं करते हैं तो सीपी सिंह पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि भाजपा अपने नेता शाहनवाज हुसैन, मुख्तार अब्बास नकवी, जफर इस्लाम, राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान जैसे लोगों को भी क्या जिहादी समझती है। उनहोंने कहा कि जिन मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानीयों ने देश की आजादी के लिए कुर्बानियां दी क्या वह जिहादी थे। बीजेपी को यह बताना चाहिए।

शहजादा अनवर ने कहा कि जिस तरह महाराष्ट्र के विधायक द्वारा सदन के बाहर बयान देने पर स्वतः संज्ञान लेकर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कार्रवाई की गई और उन पर प्राथमिकी दर्ज की गई, उसी तरह इस मामले में भी सीपी सिंह पर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि समाज में दुर्भावना फैलाने, दंगे फसाद की मंशा रखने वाले लोगों के बीच संदेश जाए।

उन्होंने कहा कि सीपी सिंह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष या विधायक दल के नेता नहीं बन पाने के अवसाद से गुजर रहे हैं। अपनी पीड़ा वह सार्वजनिक रूप से व्यक्त भी कर चुके हैं लेकिन उनके अवसाद से गुजरने का परिणाम जनता क्यों भुगते। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति और सदभाव कायम रखने के लिए इन पर कार्रवाई होनी चाहिए। गोडसे की पूजा करने वालों को हमने कभी इस तरह संबोधित नहीं किया। सीपी सिंह और भाजपा नेताओं को झारखंड की शांति हजम नहीं हो रही है। रामनवमी, ईद, सरहुल जैसे पर्व पूरे झारखंड में शांतिपूर्ण ढंग से गुजर गया शायद यही शांति और सदभाव भाजपा को पसंद नहीं है, इसलिए भड़काऊ बयान दिए जा रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एम तौसीफ, गजेंद्र सिंह उपस्थित थे।

CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

GENRAL PUBLIC NOTICE

Original Title Deed of K.R. Industrial Projects Pvt. Ltd. vide Lease Deed No. 3295/3296 dated 18.10.1985 is not traceable. Missing diary has been lodged at Adityapur Police Station, Jamshedpur vide SDE No 37/25 dt.27.03.2025. If anyone find please contact: 9263566440.

स्पीड न्यूज

# गोलमुरी कैथोलिक चर्च और लोयोला स्कूल चर्च में मना गुड फ्राइडे

### यीशु के दु:ख भोग याद किया हुई क्रूस मार्ग आराधना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को समस्त दुनिया के साथ ही शहर में प्रभु यीशु के विश्वासियों ने गुड फ्राइडे मनाया। रोमन कैथोलिक, बैपटिस्ट, जीईएल, सीएनआई कलीसिया में विश्वासी बड़ी संख्या में पहुंचे और वहां उन्होंने क्रूस तथा क्रूस मार्ग की आराधना की।

गोलमुरी कैथोलिक चर्च व लोयोला स्कूल चर्च में भी क्रूस तथा क्रूस मार्ग की आराधना, प्रभु यीशु के दुख भोग, मिस्सा बलिदान हुआ।

यहां प्रार्थना के उपरांत परिसर में प्रभु यीशु के 14 क्रूस मार्ग की आराधना हुई। चर्च में प्रभु यीशु की गिरफ्तारी एवं कर उसकी सजा देने की घटना को याद किया और लोगों की आंखें नम हो गईं।

क्रूस आराधना में लोगों ने क्रूस को चूम चूम कर अपनी द्रवित आंखों से अपनी भावना को दर्शाया।

बाइबल से (मैथ्यू, मार्क, ल्यूक और जॉन) दिए गए उन अंशों को पढ़ा गया जो यीशु के अंतिम दिनों, उनके दुख और क्रूस पर चढ़ने के वृतांत रहे। यहां दुनिया भर के चर्च, पोप, पुरोहितों, विश्वासियों, अविश्वासियों, नास्तिक तथा राष्ट्र अध्यक्ष और जरूरतमंद रोगियों के चंगाई की प्रार्थना की गई।

पुरोहितों ने अपने कथन में कहा कि पुण्य शुक्रवार प्रभु यीशु मसीह के मानव जाति के लिए, किए गए, अंतिम बलिदान को याद करने का दिन है। यीशु ने हमारे पापों के प्रायश्चित के लिए क्रूस पर अपनी जान दी थी। यह मानव जाति के लिए उनके असीम प्रेम, करुणा और क्षमा का प्रतीक है। हमारे लिए अपने पापों पर पश्चाताप करने और ईश्वर से क्षमा मांगने का दिन है। भले ही यह शोक का दिन है, लेकिन यह ईस्टर संडे की उम्मीद का दिन भी है। यीशु मृतकों में से जी उठना, जो पाप और मृत्यु पर विजय का प्रतीक है और ईस्टर में मिलने वाली आशा की तैयारी करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

लोयोला स्कूल चर्च में फादर ज्योति, फादर के एम जोसफ, फादर विक्टर





गोलमुरी चर्च में आराधना करते इसाई धर्मावलंबी और लोयला स्कूल में आराधना का दृश्य।

### सुरभि शाखा ने बाराद्वारी अटल पार्क में लगाये पौधे



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने शुक्रवार को पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम के तहत बाराद्वारी अटल पार्क में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सात फल और छायादार पौधारोपण किया। कार्यक्रम संयोजिका मेघा जैन और अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। पर्यावरण की रक्षा करने के लिए उन्होंने पेड़ों को कटने से बचाने तथा हर उत्सव पर एक पौधा लगाने की बात कही। इसे सफल बनाने में सचिव पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, डॉ रुचिता, मेघा जैन, श्रुति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल का योगदान रहा।

### एसजेएमडीसी ने दिये 20 महिलाओं को लघु ऋण



**जमशेदपुर।** भारतीय विपणन विकास केंद्र (सीबीएमडी) से संबद्ध स्वावलंबी झारखंड माइक्रोफेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर के द्वारा सेंटर के निदेशक अशोक गोयल एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय सह प्रचार प्रमुख अमित मिश्रा के हाथों 20 महिलाओं के बीच लघु ऋण वितरित कर आठ लाख रुपये दिया गया। इस दौरान निदेशक अशोक गोयल ने महिलाओं को इस लघु ऋण की राशि का सदुपयोग करते हुये इसे अपने व्यवसाय में लगाने या नये व्यवसाय प्रारंभ करने की सलाह दी गयी। उन्होंने कहा कि इस लघु ऋण की राशि को व्यवसाय के माध्यम से अपने आपको आत्मनिर्भर बनाकर और अधिक सबल बनायें और अपने परिवार की आर्थिक मदद कर कर्रे। कार्यक्रम में घनश्याक दास, मुकेश कुमार, देव कुमार, आदर्श सिंह आदि उपस्थित थे।

### बहड़ागोड़ा के प्रथम विधायक मुकुंद की 20वीं पुण्यतिथि मनी



**जादूगोड़ा।** अविभाजित बिहार में 1952 में पूर्वी सिंहभूम जिले के बहड़ागोड़ा से प्रथम विधायक स्वर्गीय मुकुंद राम ताती का आज शुक्रवार को जादूगोड़ा से सटे मानपुर में 20वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। इधर मानपुर स्थित दबाकी में कार्यक्रम आयोजित की, जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उनके बताए रास्ते पर चलने का लोगों ने संकल्प लिया गया। इसके पूर्व मुकुंद राम ताती अमर रहे के नारों से पूरा मानपुर गांव गूंज उठा।

### उदय हयात की पुस्तक चौखट पे बाजार लोकार्पित



**जमशेदपुर।** डॉ उदय हयात का नया गजल संग्रह 'चौखट पे बाजार' भोजपुरी भवन गोलमुरी में अरविंद विद्रोही की अध्यक्षता में लोकार्पित हुई। अशोक शुभदर्शी ने गजलकार पर बोलते हुये उदय हयात को जमीनी गजलकार कहा। शैलेन्द्र अस्थाना ने कहा कि गजल में व्यंग्य का शोर आक्रोश से उत्पन्न होता है जो कवि अपने भीतर दबा के रखता है दिव्येन्दु त्रिपाठी ने उदय हयात की गजलों के नयापन और जनवादी तेवर की प्रशंसा की। मौके पर डॉ संध्या सिन्हा, वीणा भारती, माधवी उपाध्याय, प्रो हरेन्द्र प्रताप सिंह, काशी नाथ प्रजापति, मामचंद अग्रवाल, बलविंदर सिंह, मनीष कुमार, कैलाश गाजीपुरी, अजय मेहताब, रमेश हंसमुख, अजय प्रजापति, राजदेव सिन्हा, सविता सिंह मीरा, हरिहर राय चौहान एवं कई अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केंद्र की इंचार्ज ज्योति कुमारी पर हमला, हालत गंभीर

- एमजीएम थाना अंतर्गत रुहीडीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर की घटना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत एमजीएम थाना क्षेत्र के रूहीडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य केंद्र) की इंचार्ज ज्योति कुमारी पर शुक्रवार की सुबह कुछ अज्ञात हमलावरों ने कुदाल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें गंभीरावस्था में टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

स्वास्थ्य केंद्र की इंचार्ज ज्योति कुमारी के भाई प्रेम प्रकाश ने बताया कि सुबह के समय तीन से चार लोग अचानक अस्पताल पहुंचे और बिना किसी बात के ज्योति कुमारी पर हमला कर दिया। हमले के दौरान कुदाल से उनके सिर पर वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं। मौके के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। इसके बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर टीएमएच रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पटमदा के डीएसपी खुद मामले की जांच कर रहे हैं। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग भी इस मामले को अपनी निगरानी में जांच करवा रहे हैं। वह जांच टीम से खबर ले रहे हैं।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि ज्योति कुमारी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही अपने परिवार के साथ रहती हैं। इस घटना से सभी हतप्रभ हैं। पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डा साहिर पाल ने इस घटना पर हैरानी जताते है, और कहा है कि पुलिस जांच के बाद ही वह इस मामले को लेकर कोई निर्णय पर पहुंच पायेंगे, क्योंकि इस घटना के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रहने वाले अधिकारियों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। रुरीडीह में आयुष्मान आरोग्य मंदिर को भारत सरकार ने वर्ष 2018 में प्रारंभ किया था। इस योजना के तहत कम आय वाले लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया जाता है।



ज्योति कुमारी की फाइल फोटो। और ज्योति कुमारी को एमजीएम से टीएमएच ले जाते उनके परिजन।

#### ज्योति के आवास पर लगा सीसीटीवी बंद मिला

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही ज्योति कुमारी अपने पति एवं परिवार के साथ रहती हैं। घर पर सीसीटीवी भी लगा हुआ है किन्तु पुलिस जब जांच करने पहुंची तो सीसीटीवी बंद मिला। ज्योति कुमारी के पति ने पुलिस को बताया कि कल शाम बिजली कड़कने के चलते उन्होंने सीसीटीवी बंद कर दिया था। इसी तरह समान परिसर में रहने पर ज्योति कुमार की चित्कार सुन कर उनके पति आये किन्तु हमलावरों ने उनको छुआ तक नहीं।

#### ग्रामीण एसपी ने बताया

जमशेदपुर के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने खबर मन्त्र को बताया कि ज्योति कुमारी पर जानलेवा हमला हुआ है। पुलिस बहुत सर्तकता से मामले की जांच कर रही है। इस मामले में कुछ डार्क प्वाइंट है जिस पर हम ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। -ऋषभ गर्ग, ग्रामीण एसपी-जमशेदपुर।

### एक नजर में

#### सोनुवा में शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे सांसद और विधायक



**सोनुवा।** पश्चिम सिंहभूम के सोनुवा प्रखंड अंतर्गत गुदड़ी के समाजसेवी अरविंद बरजो के पिता मानसिद्ध बरजो के निधन विगत 17 अप्रैल को चाईबासा में हो गया। वे 92 वर्ष के थे। इस इलाके के वे अच्छे शिक्षक के रूप में जाने जाते थे और उनके बड़े पुत्र भी सरकारी शिक्षक से सेवानिवृत हुए हैं। निधन की खबर पाकर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी व विधायक जगत माझी उनके सोनुवा स्टेशन स्थित आवास पहुंच कर अंतिम दर्शन करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। अरविंद बरजो ने बताया कि विगत 17 अप्रैल गुरुवार को अचानक तबियत बिगड़ने के कारण वे चाईबासा बहन के घर पहुंच थे जहां दोपहर को पिता का निधन हो गया। शुक्रवार को अंतिम संस्कार गोडासाई स्थित कब्रिस्तान में किया गया। अंतिम दर्शन के लिए पहुंचने वालों में गुदड़ी की पूर्व जिला परिषद सदस्य आइलिना बरजो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुनील बुढ़, 20 सूत्री प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष रोलेन बरजो समेत काफी लोग शामिल थे।

#### महिलाओं ने किया बंद पड़े गोपाल ऑयल मिल पर कब्जा, पुलिस ने खदेड़ा



**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखंड के छोटा गम्हरिया स्थित बन्द पड़े गोपाल आयल मिल में गुरुवार को विद्या महतो समेत तीस-चैतीस महिलाओं ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने इसकी जानकारी मालिक मनीष गोयल को देने के बाद उन्होंने इसकी शिकायत गम्हरिया पुलिस तथा अंचल अधिकारी को दी। उसके बाद शुक्रवार की दोपहर गम्हरिया पुलिस एवं अंचल प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उक्त मिल को अवैध कब्जा से मुक्त कराया। इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं द्वारा इसका विरोध किए जाने के पश्चात पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया गया है। बताया जाता है कि यह मिल वर्षों से बंद पड़ा था। इसका फायदा उठाकर कुछ लोगों ने महिलाओं को आगे कर उक्त मिल पर कब्जा जमाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस एवं प्रशासन की सक्रियता से उसे कब्जामुक्त करा लिया गया। इस बावत ऑयल मिल के मालिक मनोज एवं मनीष गोयल ने बताया कि बीते गुरुवार को कुछ महिलाओं ने कंपनी में मौजूद सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाकर उसकी पिटाई कर जबरन कब्जा जमा लिया था। सूचना पाकर इसकी शिकायत उन्होंने गम्हरिया पुलिस एवं अंचल कार्यालय में की थी। तत्पश्चात, पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इसके पीछे किन लोगों का हाथ है, पुलिस इसका पता करने में जुट गयी है।

#### राजकुमार सिंह के निजी टैंकर से जलापूर्ति शुरू



**जमशेदपुर।** गर्मी के प्रचंड प्रकोप और पानी की बढ़ती किल्लत को देखते हुए पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है। उन्होंने अपने दोनों निजी टैंकरों से बागबेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में नि:शुल्क पीने का पानी बंटवाना शुरू किया है। इसकी शुरुआत हरहर गुट्टू स्थित दादी बागान से हुई, जहाँ राजकुमार सिंह, वर्तमान जिप उपाध्यक्ष पंकज सिंहा, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में नारियल फोड़कर और अगरबत्ती दिखाकर वितरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने दोनों जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद नया बस्ती रोड नंबर 1, बागबेड़ा में भी पानी वितरण किया गया, जिसमें पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता और उप मुखिया मुकेश सिंह ने शुभारंभ किया। लोगों ने कतार में लगकर संयमित तरीके से पानी प्राप्त किया। राजकुमार सिंह ने जानकारी दी कि यह अभियान पूरे गर्मी भर लगातार जारी रहेगा, और इसके अंतर्गत हरहर गुट्टू, कीताडीह, करनडीह, घाघीडीह जैसे जरूरतमंद इलाकों में नियमित रूप से पानी पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि किसी भी परिवार को गर्मी के इस मौसम में पीने के पानी के लिए परेशान न होना पड़े।

#### पांडिचेरी में यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप संपन्न, झारखंड की टीम लौटी



**जमशेदपुर।** 9 से 16 अप्रैल 2025 तक पांडिचेरी के राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित 40 वें यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 में सफलतापूर्वक बेहतर प्रदर्शन के साथ झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालक और बालिकाओं की 32 सदस्यों की टीम जिसमें बालक वर्ग के हेड कोच मोहम्मद आरिफ आफताब, असिस्टेंट कोच किंकर कृष्णा टीम, मैनेजर विशाल दास बालिका टीम के मुख्य प्रशिक्षक निजाम अली, टीम मैनेजर शांत मिश्रा के आज दिनांक 18 अप्रैल 2025 को टाटानगर स्टेशन पर आगमन हुआ। जहां गर्म जोशी के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत खिलाड़ियों के विशेष सम्मान हेतु जमशेदपुर के कदमा स्थित केरला पब्लिक स्कूल के सभागृह में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा किया गया हुआ। सम्मान समारोह के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केरला पब्लिक स्कूल (संगठन) के निर्देशक शरद चंद्रन नायर, विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के जाने-माने शिक्षाविद डॉक्टर के के ओझा, समाजसेवी एवं खेल प्रेमी मुख्तार आलम खान, झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह, सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक जेपी सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी ने पूरी टीम के इन खिलाड़ियों का गर्म जोशी से अभिनंदन किया एवं बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में जिनमें मुख्य रूप से साहिल कुमार, प्रत्यूष कुमार, जितेश कुमार और आनंद कुमार को सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शरद चंद्र नायर ने नगद पुरस्कार और उपहार देकर सम्मानित किया।

### श्रीनाथ विवि की एनएसएस इकाई ने महिलाओं के बीच फ्री सैनिटरी पैड्स बांटे

- पर्याप्त पोषण के लिए महिलाओं को साग-सब्जी का भरपूर सेवन करने की दी सलाह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर श्रीनाथ विश्वविद्यालय भी प्रतिबद्ध हो चुका है। इस योजना से जुड़कर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने शानदार पहल की है जिसमें शुक्रवार को ग्रामीण महिलाओं के बीच फ्री सेनेटरी पैड्स का वितरण किया गया है इसके साथ ही आसपास के तिलरा और इंटागढ़ जैसे गांव में महिलाओं और बच्चों में पोषण स्तर को सुधारने के लिए भी विश्वविद्यालय के छात्र लगातार प्रयास कर रहे हैं इसके लिए उन्होंने ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। पोषण पखवाड़ा मिशन के तहत श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्रों ने 100 से अधिक घरों का भ्रमण किया और महिलाओं एवं बच्चों को पोषण और स्वच्छता के प्रति जरूरी जानकारी दी।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन: फाउंड्री डिवीजन में रिक्त कमेटी मेंबर के पद पर चुनाव होगा

>> कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया निर्णय




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को यूनियन के सभागार में आयोजित की गई। विदित हो कि श्रम विभाग द्वारा यूनियन के कार्यकारिणी की रजिस्टर बी में नाम दर्ज होने के बाद यह पहली बैठक थी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में फाउंड्री डिवीजन में रिक्त हुए कमेटी मेंबर के एक सीट पर संवैधानिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया जाएगा। जिसके लिए कमेटी गठित की गई। साथ ही बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि निकट दिनों में कार्यकारिणी के भीतर से ही अध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से किया जाएगा। बैठक में उपस्थित तमाम सदस्यों ने महामंत्री आरके सिंह के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए तथा यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में भविष्य के गतिविधियों में साथ निभाने की सहमति प्रदान की।

बैठक को यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने यूनियन के कार्यकारिणी की रजिस्टर बी में दर्ज होने, इसकी महत्ता समेत यूनियन की एक जुटता पर प्रकाश डाला।

### पोटका में 12.95 करोड़ की लागत से 9 सड़कों का होगा कायाकल्प, विधायक ने किया भूमि पूजन

- पोटका का विकास मेरा संकल्प, बेहतर सुविधा देना मेरी प्राथमिकता : संजीव सरदार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/पोटका।** पोटका प्रखंड क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ी पहल हुई है। क्षेत्र की 9 जर्जर सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 12.95 करोड़ रुपये की लागत की स्वीकृत मिलने के बाद स्थानीय विधायक संजीव सरदार ने सभी नौ सड़कों का भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक संजीव सरदार ने कहा, पोटका विधानसभा की जनता को अच्छी और सुगम सड़क सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। मैंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर इन सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए अनुशंसा की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकृति प्रदान की और ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। विधायक ने जानकारी दी कि अगले दो वर्षों में कुल 250 सड़कों का कायाकल्प 12 चरणों में किया जायेगा।



सड़क का शिलान्यास करते विधायक संजीव सरदार।

### आरवीएस अकादमी में वार्षिक पुरस्कार समारोह धूमधाम से मना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** डिमना रोड, मानगो जमशेदपुर में आरवीएस अकादमी के वृहत प्रांगण में 24वां वार्षिक पुरस्कार समारोह अत्यंत उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस भव्य समारोह में विद्यालय के चेयरमेन बिंदा सिंह, सचिव भरत सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कार्यकारी समिति के सदस्य शक्ति सिंह, मुख्य अतिथि डॉ साहिर पाल, जिला सिविल सर्जन कम सीएमओ, पू. सिंहभूम अध्यक्ष, झारखंड स्टेट मेडिकल काउंसिल, स्पेशल अतिथि धिरेन्द्र प्रताप सिंह, राजनीतिज्ञ एवं समाज सेवक फतेहपुर उत्तर प्रदेश, विद्यालय की प्रधानाचार्या वीशा मोहिद्रा, उप प्रधानाचार्या पूजा सुमन, को-ऑडिनेटर्स, अभिभावकगण एवं छात्र सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# उपलब्धि : आरएसबी ग्रुप को मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रतिष्ठित सर्टिफिकेट

- भारत की प्रमुख ऑटोमोटिव घटक निर्माता है आरएसबी ग्रुप
- कार्यस्थल संस्कृति में बना उत्कृष्टता का परिचायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/गम्हरिया।** भारत की प्रमुख ऑटोमोटिव घटक निर्माता आरएसबी ग्रुप को 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में मान्यता दी गई है। यह वैश्विक स्तर पर कार्यस्थल संस्कृति की गुणवत्ता को परखने वाली एक प्रतिष्ठित संस्था है जो भरोसे, गर्व और टीम भावना के मूल्यों को आधार बनाकर कंपनियों को परखती है।

आरएसबी को यह मान्यता ऐसे समय मिली है जब कंपनी लगातार एक समावेशी, सहयोगी और नवाचार-प्रधान वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इस उपलब्धि के पीछे ग्रेट प्लेस टू वर्क ट्रस्ट इंडेक्स मॉडल का मूल्यांकन शामिल रहा जो कर्मचारियों के विश्वास, गर्व और सहयोग पर आधारित है।



निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से जानकारी लेते ग्रुप के वाइस चेयरमैन एसके बेहरा और चेयरमैन आरके बेहरा।

#### कार्यस्थल को सशक्त और समावेशी बनाने की यात्रा जारी रहेगी: निर्मला

आरएसबी की एच आर कार्यकारी निदेशक निर्मला बेहरा ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे 6000+ कर्मचारी ही आरएसबी की असल और वास्तविक ताकत पर नींव हैं। हमारे कार्यस्थल की संस्कृति में समावेशिता और देखभाल की भावना सबसे विशेष है। यह सम्मान उस संस्कृति का प्रमाण है जहां विश्वास, गर्व और सौहार्द पनपता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क ट्रस्ट इंडेक्स में आरएसबी का प्रदर्शन भारत की शीर्ष 100 कंपनियों के बराबर रहा। कर्मचारियों को अपने कार्य और संगठन के दृष्टिकोण पर गर्व है और वे निष्पक्षता व समानता पर आधारित नीति निर्माण की सराहना करते हैं। आरएसबी ग्रुप निरंतर अपने कार्यस्थल को सशक्त और समावेशी बनाने की दिशा में अग्रसर है। प्रशिक्षण, सुरक्षा, कल्याण और नेतृत्व विकास से लेकर सभी पहल आरएसबी के कर्मचारियों को उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचने में मदद करती हैं।

**आरएसबी ग्रुप यानी नवाचार और गुणवत्ता का प्रतीक :** वर्ष 1973 में स्थापित आरएसबी ग्रुप का संचालन भारत, अमेरिका और मेक्सिको में होता है। इसका उत्पाद पोर्टफोलियो प्रोपेलर शाफ्ट, गियरबॉक्स, कास्टिंग, फोर्जिंग, इलेक्ट्रिक वाहन घटकों और औद्योगिक उपकरणों तक फैला है।

# 80 वर्षीय पुत्र ने दी 127 वर्षीय मां को मुखाग्नि



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के बंजारी मुहल्ला निवासी 127 वर्षीय लक्ष्मी कुंवर का गुरुवार को स्वाभाविक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को बटाने नदी तट पर किया गया। मृतका के ज्येष्ठ पुत्र 80 वर्षीय श्याम नारायण विश्वकर्मा ने मुखाग्नि दी। लोगों का कहना है कि शहर के मृतका शहर की सबसे बुजुर्ग महिला थी। वे अपने पीछे छह पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। मृतका के दाह संस्कार में भाजपा नेता रामप्यारे विश्वकर्मा उर्फ मुन्ना जी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा, टंटू मिश्रा, राकेश कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# संत मरियम की संस्कारशाला में आईजी सुनील भास्कर ने विद्यार्थियों को दिये सफलता के टिप्स

- बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार व अनुशासित होना भी आवश्यक : आईजी सुनील भास्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में शिक्षा, संस्कार, समाज और सुरक्षा को लेकर संस्कारशाला किया गया। उद्घाटन आईजी सुनील भास्कर, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने किया। मुख्य अतिथि आइजी सुनील भाष्कर ने बच्चों को शिक्षा व संस्कारों को ग्रहण करते हुए जीवन के शीर्ष तक पहुंचने व सफलता के टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि बदलते समय में बच्चे उन्नत प्रोद्योगिकी के साथ गुरूकुल पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चे लगातार एकाग्र मन से अध्ययन करें वे एक दिन सफलता हासिल करेंगे। कहा कि बच्चे अपने कैरियर व लक्ष्य का चुनाव खुद करें। कार्यक्रम में आईजी ने स्कूली बच्चों से वार्ता भी किया। साथ ही उनके सपने को जानकर उनका मार्ग भी प्रशस्त किया। कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार का भी होना अतिआवश्यक है। संस्कारयुक्त बच्चे ही आगे जाकर देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि छात्रावास में रहने वाले बच्चे किसी अधिकारी या खास व्यक्ति से मिलने को उत्सुक रहते हैं। आईजी का संस्कारशाला में आना बच्चों के लिए काफी लाभप्रद साबित होगा। मौके पर निदेशक ने आईजी को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एस बी साहा, छात्रावास अधीक्षक उत्कृष देव, प्रवीण दूबे, विकास विश्वकर्मा, श्याम किशोर पांडेय, मेंटर्स एडुसर्व शैक्षणिक संस्थान के शिक्षक, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

### अंबेडकर चेतना परिषद ने बीआर अंबेडकर के 134वीं जयंती समारोह मनाया

# बाबा साहेब संविधान निर्माता ही नहीं सामाजिक समरसता के पथप्रदर्शक भी थे: संजय सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित व संबोधित करते अतिथि व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल मैदान स्थित विवाह मंडप भवन में शुक्रवार को अंबेडकर चेतना परिषद अनुमंडल इकाई ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 134 जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतना परिषद के अध्यक्ष बीके रंजन ने की वहीं संचालन विजय कुशवाहा ने किया।

मुख्य अतिथि विधायक संजय कुमार सिंह यादव व उद्घाटनकर्ता हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो, मुख्य वक्ता डॉ विजय कुमार त्रिशरण, चेयरमैन शशि कुमार, जाकिर अली उर्फ राज अली बसपा नेता शत्रुघ्न कुमार शत्रु आदि ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर व तथागत भगवान बुद्ध के चित्रों पर पुष्पर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में देश व समाज की जो हालात है वह बहुत ही चिंताजनक हैं। बाबा साहेब के द्वारा दी हुई संबिधान व अधिकार से आम आदमी बहुत दूर है आज भी हमारे समाज के लोग वास्तविक अधिकार से वंचित हैं। जबकि कर्तव्यनिष्ठा में हम आगे हैं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जहां विश्व के लोग उनके आदर्शों को अपनाने व रिसर्च कर रही हैं। वहीं आज भी हमारे देश में सामाजिक समरसता का अभाव है। बाबा साहेब ने भगवान शंकर की तरह सारा विष को पीकर अमृत जैसा संविधान दिया है।

## स्पीड न्यूज

### सेकेंड फेज पाइप लाइन का कार्य जल्द पूरा करे जुडको : आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर।** नगर निगम अंतर्गत होनेवाले भीषण पेयजल संकट से निजात दिलाने हेतु पूर्ण रूप से संकल्पित सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता आशीष भारद्वाज ने जुडको द्वारा किए जा रहे सेकेंड फेज पाइपलाईन कार्य का हाल जाना। साथ ही जुडको के हाउसिंग कॉलोनी कार्यालय में पहुचकर करणीय कार्यों का विधिवत जानकारी भी लिया। हाउसिंग कॉलोनी में बनाये जा रहे सतरह एमएलटी के डब्ल्यूटीपी का भी निरीक्षण किया। श्री भारद्वाज ने कहा कि शहर भीषण पेयजल संकट से जूझता है इसी के निदान हेतु हमने विगत वर्ष पानी यात्रा किया था, इस यात्रा के तहत हमने सरकार को पेयजल संकट दूर करने हेतु विभिन्न मांगों के साथ ज्ञापन दिया था जिसमे एक प्रमुख मुद्दा (मांग) था सेकंड फेज पाइपलाईन कार्य चालू करने का जिसका कार्य अभी कुछ दिन पहले आरंभ हुआ है उसी का आज हम अवलोकन करने पहुचें है। यहा पहुंचकर 172 करोड़ के इस सेकेंड फेज पाइपलाईन योजना का जानकारी प्राप्त किया, कार्यरत कंपनी जुडको के उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का कार्य उन्हें मार्च 2026 तक संपूर्ण कर लेना है परंतु कार्य की तीव्रता को देखते हुए मुझे इसमें संदेह लगता है। पंपू कल में एक 37 एमएलटी का इंटेक वेल का निर्माण कार्य किया जा रहा है । साथ ही साथ चार टंकी निर्माण करना है जिसमे एक टंकी का स्थान चयन भी नहीं हो पाया है, टंकी निर्माण हेतु नगर निगम भूमि अभी तक उपलब्ध नहीं करा पाया है। मेदिनीनगर नगर निगम समेत पलामू जिला में पेयजल की समस्या विकराल होती जा रही है। गर्मी शुरू होते ही नदी नाले तालाब समेत चापानल में पानी सुखने लगे हैं। लोग पेयजल संकट से त्राहिमाम करते हैं। इसका त्वरित समाधान होनी चाहिए। मौके पर विहान पांडेय, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, रिशु दुबे, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता आदि कई लोग मौजूद थे।

### बकाया मुआवजा भुगतान नहीं किया गया तो होगा आंदोलन : राकेश सिंह



**मेदिनीनगर।** भारतीय खाद्य निगम मेदिनीनगर पलामू के अंतर्गत कार्यरत श्रमिक स्वर्गीय ईश्वरी यादव का एफसीआई गोदाम गायत्री मंदिर रोड सूदना के कंपाउंड में पिछले वर्ष 29 दिसंबर 2023 को ट्रक के चपेट में माल अनलोडिंग करते टाइम दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मृत्यु हो चुकी थी। इसे लेकर जनता मजदूर संघ के पलामू प्रमंडलीय संयोजक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कंपाउंड परिसर में श्रमिकों ने आंदोलन का रुख अख्तियार करते हुए मृतक श्रमिक के आश्रित परिजन को मुआवजा एवं नौकरी आदि की मांग की थी। जिस पर ठेकेदार एवं एफसीआई मैनेजमेंट के द्वारा आंदोलन को दबाने के लिए नाजायज मुकदमा में आंदोलनकारी श्रमिकों एवं मजदूर नेता राकेश सिंह को फसाने आदि की धमकी एवं दबाव डालना शुरू कर दिए जब इस पर भी बात नहीं बनी तो मैनेजमेंट ठेकेदार एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा परजीवी श्रमिक मेठ मुंशी आदि के मिली भगत से मृत श्रमिक के आश्रित परिजनो से लिखित समझौता किया कि मुआवजा के रूप में आश्रित परिवार को पांच लाख रुपए ठेकेदार के द्वारा भुगतान किया जाएगा इसके अलावा पीएफ, इंश्योरेंस आदि पॉलिसी के तहत आश्रित परिवार को भुगतान कराया जाएगा तथा आश्रित परिवार के व्यस्क व्यक्ति को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। इसके तत्पश्चात आश्रित परिवार को एक लाख बिस हजार रुपए भुगतान भी किया गया परंतु बाकी के रकम आज आज तक भुगतान नहीं किया गया जिस कारण आश्रित श्रमिक परिवार न्याय की गुहार में दर-दर भटकने पर मजबूर है। मजदूर नेता राकेश सिंह ने छह फरवरी को खाद्य निगम के मंडल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा था। श्री मिश्रा ने मुआवजा की बकाया राशि मृतक के परिजन को दिलाने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक राशि नहीं मिला। मौके पर श्री सिंह ने ठेकेदार से बकाया मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। कहा कि इस तरह की लापरवाही एवं शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन सांकेतिक रूप से मंडल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम डालटनगंज के कार्यालय के समक्ष आंदोलन किया जायेगा।

# आजाद भारत में मुसलमानों की स्वतंत्रता छिनी जा रही: जिशान

- जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम संगठन के बैनर तले हजारों लोग सड़क पर
- नारे लगाकर कियावक्फ कानून का विरोध
- मोदी सरकार काला कानून अविलंब वापस ले : मुस्तफा कमाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




विरोध प्रदर्शन में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग।

**मेदिनीनगर।** वक्फ कानून लोकसभा व राज्यसभा से पारित होने के बाद पूरे देश में विरोध की लहर दौड़ पड़ी है। इस लहर की आंच से पलामू भी अछूता नहीं है।

जुमे की नमाज के बाद अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन एवं मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के बैनर तले शहर के विभिन्न मस्जिदों में जुटे मुसलमान नमाज अदा करने के बाद हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए हजारों हजार की संख्या में सड़क पर उतर कर वक्फ कानून का विरोध जताया।

इसके विरोध में मिल्लत मस्जिद, नूरी मस्जिद, छोटी मजिस्द, जामा मस्जिद समेत शहर के विभिन्न मस्जिदों से मुसलमान एकत्रित होकर जिला समाहरणालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। साथ ही उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने भारत सरकार से मांग किया कि इस कानून को देशहित व जनहित को ध्यान में रखते हुए इसे अविलंब वापस लिया जाये।

इस दौरान मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जेनरल जिशान खान ने कहा कि भारत की आजादी के लिए मुसलमानों ने संघर्ष करते हुए अपनी कुर्बानियां दी हैं। आज आजाद भारत में बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा दी गई स्वतंत्रता को वर्तमान केंद्र सरकार छिनने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में मुसलमानों की स्वतंत्रता छिनी जा रही है जो गैर कानूनी है। इसे भारत के मुसलमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस काले कानून को वापस लेना ही होगा वरना हम आंदोलन करेंगे।

# मैं हरिहरगंज को रेलमार्ग से जोड़ने का मुद्दा संसद में उठाउंगा: कालीचरण सिंह



चतरा के भाजपा सांसद कालीचरण सिंह को ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज क्षेत्र को रेल मार्ग से जोड़ने का मुद्दा संसद में उठाउंगा। जो क्षेत्र के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उक्त बातें चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को गिरिडीह जाने के क्रम में मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के आवास पर कही। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को अंगवस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र को रेलमार्ग से जोड़ने का ज्ञापन सौंपा। मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्यारे उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री सन्नी गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, नथुनी प्रसाद, भीमसेन शर्मा, सोनू जायसवाल, करण राजवीर, कुंदन यादव, विशाल कुमार, अशोक सिंह व कई भाजपाई उपस्थित थे।

# फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर सहायिका पद पर चयन किया गया: प्रतिमा कुमारी

- पुनः ग्राम सभा कर सहायिका चयन प्रक्रिया को पूर्ण करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रतिमा कुमारी, अभ्यर्थी।

**पाटन पलामू।** जिला के पाटन प्रखंड के महुलिया पंचायत के गड़ीवा टोला में 5 फरवरी 2025 को सहायिका चयन हेतु आमसभा की गयी थी। जिसमें चार आवेदन प्राप्त हुए थे। चुनाव पर्यवेक्षक को हाई एजुकेशन वाली महिलाओं को अंक आधारित चयनित करना था। लेकिन चुनाव के दिन किसी भी आवेदिका को नहीं चुना गया। जिसमें रिंकी कुमारी पति राजन कुमार अंक 26, संगीता कुमारी पति गगनदेव कुमार अंक 25 मिला था, किरण कुमारी पति अशोक कुमार रवि का अंक 11 था। प्रतिमा कुमारी पति संतोष कुमार को अंक 6 मिला था। चुनाव के दिन किसी भी आवेदिका को औपबंधिक नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया था। कुछ महिलाओं ने कागजात फर्जी बताकर हंगामा किया था। जिसके बाद पर्यवेक्षिका ने सभी के कागजातों को जांच कर औपबंधित नियुक्ति पत्र देने की बात कही गयी थी। बीते दिन संगीता कुमारी पति गगनदेव कुमार को औपबंधिक नियुक्ति पत्र मिलने के सूचना मिलते ही आवेदिका किरण कुमारी पति अशोक कुमार रवि एवं प्रतिमा कुमारी पति संतोष कुमार ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी बताकर व फर्जी डॉक्यूमेंट वाले को चयनित किये जाने के आरोप में प्रखंड बाल विकास परियोजना सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अमित कुमार झा को आवेदन देकर सभी के कागजातों को जांच करते हुए पुनः ग्राम सभा कर चयन प्रक्रिया को पूर्ण करने की मांग की है।

### सगुना निवासी भोला राम चंद्रवंशी का निधन



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सगुना निवासी भोला राम चंद्रवंशी 65 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। इनके निधन की सूचना मिलते ही सगुना मुखिया मंजू देवी के प्रतिनिधि समाजसेवी सुरेंद्र सिंह घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया। साथ ही परिजन को आर्थिक सहायता भी किया। उन्होंने परिजन को मृतक के श्राद्धक्रम करने के लिए राशन भी देने का आश्वासन दिया। इधर स्व भोला अपने पीछे तीन पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। इनके निधन पर विकेश कुमार सिंह, सहदूल अंसारी, करण कुमार, नुरैशा बीबी, डा मजलूम हुसैन, राजा बाबू, संतोष चंद्रवंशी, गुडू चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

### विहिप और बजरंग दल का धरना आज

**मेदिनीनगर।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ व पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में धरना 19 अप्रैल को कचहरी परिसर में आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी विहिप के जिला मंत्री व बजरंग दल के जिला संयोजक ने दी। बताया कि कार्यक्रम कचहरी परिसर में 11 बजे से शुरू होगा। कहा कि इस धरना में विहिप, बजरंग दल और संबंधित आयामों के जिला, नगर, प्रखंड, पंचाययत समिति के सदस्यों की सहभागिता अनिवार्य है। कार्यक्रम में महावीर मंडल, रामनवमी समिति, विभिन्न मंदिर समिति के सनातन धर्मावलंबियों, आरएसएस व संबंधित सभी आनुषंगिक इकाई के सदस्य भी भाग लेंगे।

### दोस्तों ने अपने दोस्त को टांगी से काट डाला

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के रूद गांव में बीती रात्रि को दोस्तों ने एक दोस्त को टांगी से मारकर हत्या कर नाना नंददेव भुईयां के घर के पास फेंक दिया। घटना के दूसरे दिन ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना छतरपुर थाना को दिया। सूचना पाते ही पुलिस सदल बल के साथ वहां पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि जुआ खेलने में हुए विवाद के कारण कृष्णा भुईयां पिता कुलदीप भुईयां बारा निवासी को दोस्तों ने टांगी से मारकर हत्या कर दिया। इस मामले में निशांत प्रजापति एवं मनीष भुईयां व नाना कुलदीप भुईयां को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# भाकपा माले ने कहा- नया वक्फ कानून जरूरी नहीं था

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने वक्फ बोर्ड बिल का समर्थन किया है। उनके साथ नसीम राइन, सोनू मोहम्मद, शमसुद्दीन अंसारी, जमालुद्दीन, अलाउद्दीन अंसारी व कई लोग थे। श्री तिवारी ने कहा कि यह बिल पूरी तरह गैरकानूनी एवं एक कॉम को मोदी सरकार के द्वारा टारगेट करने की साजिश है। तभी तो सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के समय बोर्ड में मुसलमान के द्वारा दान की गयी संपत्ति में हिंदू कैसे सदस्य रह सकते हैं? क्या हिंदुओं के द्वारा दान की गयी संपत्ति ट्रस्ट में मुस्लिम मेंबर रहते हैं। इसपर केंद्र सरकार ने एक सप्ताह का जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट इस पर फैसला करेगी और वक्फ संशोधन कानून को खारिज करेगी। कल के दिन हिंदुओं के द्वारा दान की गयी मंदिरों और धार्मिक स्थलों की संपत्ति को भी ट्रस्ट में घुसकर बेचने से नहीं चूकेगी।

# शराब पीकर वाहन चलाना कानूनी अपराध की जायेगी कार्रवाई : आईपीएस दिव्यांश

- हैदरनगर में शराब पीकर वाहन चलाने पर गिरी गाज, पुलिस ने दो वाहनों को पकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र में बीती रात शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर गिरी गाज। हैदरनगर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला के निर्देश पर पुअनि अफजल अंसारी व अन्य अधिकारियों ने रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों की जांच की गई। उसी क्रम में दो लोग शराब के नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गए। दोनों के वाहनों को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए जिला को लिखा गया है। इस आशय की जानकारी प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में गाड़ी चलाना कनुनी जुर्म है। इससे दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। लगातार दुर्घटनाओं को देखते हुए वाहन चालकों की जांच की जा रही है। शराब पी कर वाहन चलाते पकड़े जाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# क्षत्रिय विकास परिषद की बैठक में नशामुक्ति पर किया विचार विमर्श

- समाज के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान हेतु बनी नयी कमेटी
- संरक्षक अशोक, अध्यक्ष डीके सिंह, सचिव बने संजय कुमार सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



क्षत्रिय विकास परिषद की बैठक में शामिल लोग।

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड के ग्राम चेचरिया में राजपूत, क्षत्रिय समाज की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता नागेंद्र सिंह ने की। बैठक में सभी लोगों ने राजपूत समाज के विकास एवं उत्थान और नशामुक्ति अभियान चलाने व समाज को सशक्तिकरण प्रदान करने पर चर्चा की।

वहीं नये तरीके से समाज को आगे बढ़ाने व संचालित करने हेतु सर्वसम्मति से एक समिति गठित की गयी जिसका नाम क्षत्रिय विकास परिषद दिया गया।

नयी कमेटी में विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपा गया, जिसके संरक्षक अशोक सिंह, पूर्व प्राचार्य, संयोजक नागेंद्र सिंह एवं बल्केश्वर सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक तथा अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष ललन सिंह व राजकुमार सिंह को बनाया गया। वहीं सचिव संजय सिंह, प्रो शहीद भगत सिंह, सह सचिव देवेंद्र सिंह बहेरा को लोगों ने सर्वसम्मति से चुनाव किया। नवनियुक्त कमेटी में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समाज के उत्थान व विकास पर फोकस की गयी। कहा गया कि 23 अप्रैल को हैदरनगर चेचरिया में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाया जायेगा एवं उसके बाद अनुमंडल परिसर में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया जायेगा। मौके पर झामुमो नेता रामप्रवेश सिंह, पंकज सिंह, राजा सिंह, अनुज सिंह, नागेंद्र सिंह व कई लोग उपस्थित थे।

# भाकपा माले का स्थापना दिवस जन कन्वेशन के रूप में मनाया जायेगा

- पलामू में राज्य सम्मेलन का पोस्टर केशरी मैरेज हॉल में जारी किया गया
- झारखंड में संघ कारपोरेट गठजोड़ को ध्वस्त किया जायेगा : रबिंद्र भुईयां

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते भाकपा माले के सदस्य।

**मेदिनीनगर।** भाकपा माले का सातवां स्थापना राज्य सम्मेलन बोकारो स्टील सीटी में 22 से 24 अप्रैल तक मनाया जायेगा। इसकी सफलता व तैयारी को लेकर पलामू में जन जागरूकता अभियान के तहत सुदना स्थित केशरी मैरेज हॉल में पोस्टर का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर रबिंद्र भुईयां ने कहा कि राज्य सम्मेलन में झारखंड में संघीय व कारपोरेट गठजोड़ को ध्वस्त करने के लिए योजना बनाई जायेगी। साथ ही झारखंड की पहचान को बनाये रखने के लिए तथा महंगाई, बेरोजगारी व निजीकरण के खिलाफ समेत कई बिंदुओं पर प्रस्ताव लाया जायेगा। साथ ही झारखंडी पहचान पर कारपोरेट हमले हो रहे हैं उसे बचाने के लिए राज्य सम्मेलन में चर्चा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जबसे केंद्र में स्थापित है तबसे कारपोरेट घरानों की उन्माद बढ़ गई है। साथ ही महंगाईव बेरोजगारी सुरसा की तरह मुंह फाड़े खड़ा है। जिसके आगोश में झारखंड के शिक्षित बेरोजगार युवा पीढ़ी समा रहा है। इसे कैसे बचाया जाये इस पर सम्मेलन में चर्चा की जायेगी। दिव्या भगत ने कहा कि राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पलामू में तेज गति से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# एसडीओ ने दो डीजे वाहन पकड़ा, किया सील

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** एसडीओ संजय कुमार ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेराल तथा गढ़वा प्रखंड में दो डीजे वाहनों को पकड़ा। डंडई-मेराल मार्ग पर हरदाग मोड़ के समीप उन्होंने एक डीजे वाहन को बजते देखा तो रोक कर पूछने पर पता चला कि पेशका में किसी बारात में शामिल होने के लिए जा रहा है। जब डीजे मालिक से डीजे प्रतिबंध की बात बतायी गयी तब डीजे संचालक ने कुतर्क दिया कि आजकल हर बारात में बज रहा है तो मैं क्यूं नहीं बजाऊं। इस पर एसडीओ ने डीजे संचालक को न्यायिक आदेश के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही उसके डीजे को उतरवाकर उसी की दुकान में ले जाकर सील करवा दिया। तदुपरांत भविष्य में प्रतिबंधित डीजे नहीं बजाने के संदर्भ में यह लिखित अंडरटेकेन लेकर संचालक को ही चाबी सौंप दी, कि बिना उनकी लिखित परमिशन उक्त ताला नहीं खोलेंगे।


डीजे वाहन को जप्त करते एसडीओ

इसी प्रकार गढ़वा प्रखंड के झलुआ के निकट एक डीजे वाहन से डीजे सेट उतरवाकर डीजे संचालक के इस लिखित जिम्मेनामा में उसकी ही दुकान में सील करवा दिये गये कि वे भविष्य में प्रतिबंधित खतरनाक डीजे का उपयोग नहीं करेंगे। डीजे संचालक ने बताया कि उक्त डीजे कल्याणपुर में किसी विनोद गुरुजी के यहां बारात में बजाने के लिए जा रहा था। दोनों संचालकों को स्पष्ट कर दिया गया कि यदि पुनरावृत्ति हुई तो उन पर प्राथमिक की दर्ज करने के साथ-साथ वाहन भी जप्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया जाएगा। संजय कुमार ने कहा कि आश्चर्य है कि डीजे प्रतिबंध को लेकर प्रशासनिक कड़ाई एवं इतनी जागरुकता के बावजूद भी लोग अभी भी डीजे बजाने से बाज नहीं आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश अनुसार किसी भी रूप में प्रतिबंधित डीजे का प्रयोग वर्जित है।

इसलिए बारात, जुलूस आदि में डीजे का प्रयोग न करें अन्यथा डीजे जब्त हो सकते हैं, साथ ही डीजे बुक करने वालों पर भी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि उच्च ध्वनि तीव्रता वाले डीजे न केवल स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से खतरनाक हैं बल्कि कई बार कानून व्यवस्था की परेशानी और झगड़ा फसाद का भी कारण बनते हैं।

अक्सर बारातों में देखने को मिलता है कि शराब पीकर डीजे पर डांस करने के दौरान बाराती आपस में भी भीड़ जाते हैं।

## एक्स-रे मशीन को चालू कराने को लेकर जिपस ने सीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2023 में लाखों की लागत से लगा डिजिटल एक्स-रे मशीन अब तक चालू नहीं हो पाई है। इसे लेकर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मशीन को शीघ्र चालू कराने की मांग की है।

उनके इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव को मामले में समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। साथ ही एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को भी कहा गया है। जिला परिषद सदस्य ने पत्र में उल्लेख किया है कि भवनाथपुर, खरौंधी, केतार और हरिहरपुर क्षेत्र के हजारों लोगों को सामान्य एक्स-रे सेवाओं के लिए गढ़वा या अन्य दूरदराज के स्थानों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और पैसा दोनों की बबार्दी होती है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन की उपलब्धता आम जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला परिषद बोर्ड की कई बैठकों में डिजिटल एक्स-रे मशीन को जल्द शुरू करने का प्रस्ताव पारित हो चुका है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। उन्होंने पत्र में जोर देते हुए कहा कि मशीन चालू नहीं होने से जनहित प्रभावित हो रहा है।

## अभिजीत ग्रुप का लोहा चोरों के विरुद्ध, प्राथमिकी दर्ज

**बालूमाथ ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम भगिया ग्राम में गुरुवार की रात्रि लगभग 1:00 बजे स्क्रैप माफिया द्वारा अभिजीत ग्रुप द्वारा लगाए गए लोहे के पोल को गैस कटर के मदद से काटा जा रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों के मिलते ही ग्रामीण इकट्ठा हो गए ।और इसकी सूचना पुलिस को दिया ।इसके बाद बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग ने मौके पर पहुँचकर कटा हुआ लोहे का पोल गैस कटर समेत कई सामग्री बरामद किया ।थाना प्रभारी ने आगे बताया कि संबंधित मामले में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है । अवैध स्क्रैप माफिया रात के अंधेरे में लोहा का पोल काट रहे थे ।ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों की जमीन पर अभिजीत ग्रुप लोहे का पोल खड़ा किया था और उसका अभी तक मुआवजा भी नहीं दिया है और उसमें लगाए गए पोल को स्क्रैप माफिया द्वारा काटा जा रहा है।

# पेयजल सुविधा बेहतर करने के लिए 11 चापाकलों की मरम्मति

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत में पेयजल समस्या को लेकर चल रही परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से पंचायत के मुखिया पति सह समाजसेवी धनंजय साह ने 11 चापाकलों की मरम्मत कराई। यह पहल पंचायतवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम के रूप में देखा जा रहा है। मुखिया सरिता देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की सूची तैयार कर मरम्मत का कार्य पूरा कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य सिर्फ शुरूआत है, और जहां-जहां चापाकल खराब होंगे, उन्हें भी दुरुस्त किया जाएगा ताकि लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। सरिता देवी ने बताया कि पंचायत में अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर बनाने की दिशा में कार्य योजना तैयार की गई है। पंचायत क्षेत्र के सभी विद्यालयों में पंखा और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ और अनुकूल वातावरण भी मिले। इसके साथ ही मकरी डीहवार स्थान के पास गार्डवाल निर्माण एवं शौचालय-स्नानघर की योजना भी बनाई गई है, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पंचायत भवन के समीप स्थित खुले मैदान को खेल मैदान के रूप में विकसित करने की योजना भी प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत मैदान का समतलीकरण और चारदीवारी का निर्माण कार्य किया जाएगा ताकि क्षेत्र के युवाओं को खेल-कूद की सुविधा मिल सके और उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो। मुखिया ने यह भी कहा कि पंचायत कर्मियों के लिए पंचायत भवन में बैठकर नियमित कार्य निष्पादन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे पंचायत कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में पंचायत विकास को गति देने के लिए और भी कई योजनाएं लाई जाएंगी, जिनमें ग्रामीण सड़कों का मरम्मत, नाली निर्माण सहित अन्य शामिल हैं।


चापाकल की मरम्मत करते लोग

# 33 छात्रों-17 छात्राओं का एनसीसी की ट्रेनिंग के लिए हुआ चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में एनसीसी की ट्रेनिंग के लिए डाल्टेनगंज से आए एनसीसी के अधिकारी पवन कुमार और गोकुल कुमार को विद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक, चंदन और पुष्प गुच्छ देखकर स्वागत किया गया। उक्त अधिकारियों की देख-रेख में कक्षा आठ और नवम के 33 छात्र व 17 छात्राओं का चयन किया गया। इस चयन के लिए सभी छात्रों को फिजिकल, मेडिकल और मौखिक जांच में शामिल होना पड़ा।

इसके पश्चात अधिकारियों ने सभी बच्चों को एनसीसी के विषय में बताया तथा इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। राष्ट्र सेवा में एनसीसी की ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके छात्र कैसे अपना सहभाग करेंगे या करते हैं, इस विषय पर भी सभी बच्चों को बताया गया।

विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह ट्रेनिंग छात्रों के जीवन में अनुशासन व देशभक्ति का भाव स्थापित करेगा। इस ट्रेनिंग से सभी बच्चों का भविष्य सुनहरा व उज्जवल होगा।

छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने ईमानदारी व लगन से इस ट्रेनिंग को करने की सलाह दी। प्राचार्य ने यह भी बताया कि प्रतिवर्ष 50 बच्चे इस एनसीसी की यूनिट से ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। बच्चों में एनसीसी के आने से खुशी व उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक ओम प्रकाश सिंह, जयशंकर तिवारी, अनिल कुमार द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, प्रवीण कुमार पांडेय, संजय कुमार राय, शौकत अली, सूरज कुमार सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, लालकमल द्विवेदी, ब्रजेंद्र कुमार सिंह, सुमन्त धर दुबे आदि उपस्थित थे।


टेस्ट देती छात्राएं

# पीएलवी ने ग्रामीणों को न्याय और विकास के प्रति किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सामाजिक समरसता, न्याय तक पहुंच तथा ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता सुधारने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से कमजोर, वंचित और गरीबी से जूझ रहे परिवारों, विशेषकर अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों और उन्हें मिलने वाली सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी दी। पीएलवी राजेश ने ग्रामीणों को बताया कि कैसे सरकारी योजनाओं की कागजी प्रक्रिया को सरल बनाकर अधिक से अधिक लोगों को उनका हक दिलाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित रूप से पंचायत भवन में बैठकें आयोजित कर, जनसमस्याओं का समाधान कर सामाजिक समरसता स्थापित की जा सकती है। सभा में यह भी चर्चा हुई कि कैसे समाज में फैली नशाखोरी, घरेलू हिंसा और पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही सामाजिक बुराइयों को सामूहिक प्रयास से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकताओं की भूमिका ऐसे समय में अहम होती है, जब लोगों को अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजरना पड़ता है। राजेश कुमार चौधरी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की दिशा में जागरूक हों और अपने अधिकारों को जानें व दूसरों को भी जागरूक करें। मौके पर समाजसेवी विवेक सिंह, मुखिया पति संजय उरांव, उपमुखिया प्रमोद प्रसाद तथा वार्ड पीटर पन्ना सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


जानकारी देते पीएलवी

# बंगाल में हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ अभाविप ने फूंका सीएम ममता बनर्जी का पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ हो रही अत्याचार के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका इकाई ने शुक्रवार को टीन बाजार चौक पर सीएम ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि बंगाल जल रहा हैं। वहां की ममता सरकार की तानाशाही सरकार जिस तरह कट्टरपंथी की हमदर्द बनी हुई हैं। आप समझ सकते हैं बंगाल का क्या दुर्दशा हो रहा हैं। जिस तरह मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के घर दुकान मंदिर सब तोड़-फोड़ करके जला दिया जाता हैं। विशेष समुदाय द्वारा हिंदुओं की हत्या की जाती हैं। हत्या इसीलिए हो जाती हैं। चुकी वह हिंदू थे। जिस तरह वक्फ़ बोर्ड की आड़ में कट्टर जिहादी मानसिकता वाले लोग दंगा कर रहे हैं। इससे साफ पता चलता हैं इनकी योजना किया थी। वह बंगाल को बांग्लादेश बनाने की राह में ले जाना चाहते है, लेकिन इससे ममता बनर्जी को कोई मतलब नहीं हैं कि हिंदू मरे या बचे। अभाविप केंद्र सरकार से बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी पंकज यादव ने कहा ममता बनर्जी का सरकार शुरू से ही हिंदू विरोधी रहा है और अभी वक्फ बोर्ड कानून के आड़ में फिर हिन्दुओं आग में झोंकने लगा और महिलाओं और बच्चियों को दुर्व्यवहार कर हिंदुओं को पलायन होने पर मजबूर कर रही है। जिला कार्यकारिणी सदस्य रॉकी कुमार पाल, ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आज जो हो रही है। उसे सुन और देखकर हमारे आंखों में आंसू और खून के उबाल आ रहे हैं। लेकिन फिर भी ममता बनर्जी पत्थर सा हृदय बनाकर पत्थर फेंकने वालों को ही साथ दे रही है। खुलेआम हमारे बहन बेटियों की इज्जत लूट जा रहा है और कहीं मासूम को उनके घर उजाड़ रहे है। फिर भी पत्थर से बनी ममता बनर्जी चुप है। अब केंद्र सरकार से जल्द से जल्द पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने का मांग किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, कॉलेज अध्यक्ष अमन साह, विवेक धर, प्रिंस कुमार, अर्नब गोस्वामी, ऋतुराज रजक, प्रिंस सिन्हा, सुदीप कुमार, पंकज यादव, सुमित यादव, नवल कुमार, राजकिशोर, हीरालाल, रॉकी कुमार पाल, विकास कुमार, अमन सेन,गौतम कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।


पुतला दहन करते अभाविप

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रमुख पहुंचे कांडी थाना


उपस्थित लोग

**कांडी।** लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रमुख प्रवीण साहू ने शुक्रवार को कांडी थाना का दौरा किया। उनके साथ प्रखंड कांडी के पीएलवी राम नरेश मेहता और परशु राम और अन्य लोग उपस्थित रहे थे। प्रवीण साहू ने थाना के अधिकारी और प्रखंड कार्यालय को पीएलवी के साथ समन्वय बना कर लोगों की शिकायत के समाधान के लिए कार्य करने और डीएलसीएस से मिलने वाली सुविधाओ के प्रति जगरूकता बढ़ाये जाने को कहा। उन्होंने लोगों को बताया की एलडीसीएस आर्थिक और समाजिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों को न्यायलाय मे मुफ्त वकील दे कर न्याय दिलाने में मदद करता है। पीएलवी राम नरेश मेहता और परशु राम प्रखंड कार्यालय और थाना कांडी मे विधिक सहायता केंद्र के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों को सहायता दिलाते हैं।

## वार्ड सदस्य के पति का निधन

**रमना।** प्रखंड के भागोडीह गांव निवासी वार्ड सदस्य सरिता देवी के पति 38 वर्षीय रामराज चौधरी का निधन शुक्रवार की अहले सुबह हो गया। जानकारी के अनुसार वह यक्ष्मा से पीड़ित थे तथा उनका इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा था। लेकिन स्थिति में सुधार होता नही देख चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी जाने की सलाह दी थी। शुक्रवार की सुबह परिजन उन्हें वाराणसी ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि घर पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के घर पहुंचे समाजसेवी चुन्नू सिंह ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया पहुंचे श्रद्धांजलि सभा में



**बोकारो।** केंद्र सरकार के श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया रांची से दुगार्पुर जाने के क्रम में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो की सास के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पधारे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से चौफान में मिलकर दिवंगत को श्रद्धासुमन अर्पित किया। भतुआ रेलवे क्रॉसिंग के पास भाजपा के जिलाध्यक्ष जयदेव राय एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

## पत्रकारों को कलम छोड़, सड़क पर उतरने को बाध्य न करे प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो सर्किट हाउस में एक बैठक आयोजित कर बोकारो के तमाम पत्रकारों ने विगत दिनों धनबाद के पत्रकारों के साथ एक राजनीतिक दल के गुंडे टाइप नेताओं या नेताओं के गुंडों द्वारा बदसलूकी-बदतमीजी ही नहीं बल्कि किये गए हमला की कटु भर्त्सना करते हुए झारखण्ड सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। सभी पत्रकारों ने कहा कि इसके पूर्व बोकारो में भी जयराम महतो के दल के लोगों ने बंद समर्थकों के रूप में कई पत्रकारों का कैमरा व मोबाइल क्षतिग्रस्त किया और उन पर हमला किया।

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ होने का तात्पर्य यह नहीं कि हम पर हमला किया जाता रहे और हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहें। चाहे धनबाद में राजनीतिक दल के दो गुटों में हो रही मारपीट के दौरान समाचार संकलन में संलग्न पत्रकारों पर हमलों का मुद्दा हो या हो बोकारो में विस्थापित आंदोलन पश्चात आहूत बोकारो बंद के दौरान पत्रकारों पर किया गया हमला ; जब तक प्रशासन हमलावर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर समुचित कार्रवाई नहीं करेगा, पत्रकार आंदोलन करने को बाध्य होगें- इस दौरान किसी भी तरह के जान माल की क्षति के लिए प्रशासन ही जवाबदेह होगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बोकारो धनबाद ही नहीं बल्कि झारखण्ड के सभी पत्रकार एक हैं और हमलावर अभियुक्तों की जबतक गिरफ़्तारी नहीं होती है, धनबाद के पत्रकारों के समर्थन में बोकारो के सभी पत्रकार प्रशासन के विरोध स्वरुप काला बिल्ला लगाकर अपना कार्य करेंगें। साथ ही चरणबद्ध आंदोलन एवं आमरण अनशन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। बैठक में बीके पांडेय संजीव झा सुनील तिवारी राम प्रवेश सिंह धनञ्जय प्रताप हिमांशु अरविन्द सिंह कृष्णा चौधरी दिव्य खरे राजेश सिंह देव शशी कुमार राममूर्ति सुरेंद्र कुमार सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।



## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के राज घाट में बीती रात्रि दो बाईक की आमने-सामने की टक्कर में बाईक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे घायलावस्था में स्वजनों ने भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां डॉ फैज अहमद ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घायलों में अक्षय विश्वकर्मा पिता स्व गंगा विश्वकर्मा अमवाडीह निवासी उनका पुत्र आरुष कुमार, साली चांदी कुमारी का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि अक्षय कुमार ताली से अपने बाइक पर पुत्र और साली के साथ केतार किसी आवश्यक कार्य से आया था। वापसी के क्रम में राज घाट मुख्य पथ में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक रविन्द्र यादव से टक्कर हो गई। घटना की जानकारी केतार थाना की देने के बाद तीनों घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में इलाज के लिए लाया गया। इस घटना में अक्षय कुमार और उसके पुत्र आरुष की स्थिति काफी नाजुक है।



# विदेशी शिक्षा से मोहभंग

यह खबर कि साल विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में 25 फीसदी की कमी आई है। जबकि अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में 36 और कनाडा जाने वाले छात्रों की संख्या में 34 फीसदी की कमी आई है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की भी है। ये आंकड़े वर्ष 2024 के हैं। एक समय था कि छात्रों में परदेस जाकर पढ़ाई करने का जुनून उफान पर था। हर साल मां-बाप खून-पसीने की कमाई से और अपना पेट काटकर बच्चों को पढ़ने के लिये विदेश भेज रहे थे। दरअसल, देश में बैंकों से एजुकेशन लोन मिलने की सुविधा ने भी छात्रों की विदेश यात्रा को सुगम बनाया। हर साल लाखों छात्र सुनहरे सपने लिये विदेश गमन कर रहे थे। ये जुनून पंजाब में विशेष रूप से देखा गया, जो कनाडा-अमेरिका आदि देशों में संपूर्ण भारत से जाने वाले छात्रों का साठ फीसदी था। वहीं कुछ विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो अवैध रूप से लोगों को विदेश भेजने वाले एजेंटों की कमाई का जरिया बने हुए थे। युवाओं को छात्र के रूप में इन देशों में भेजकर मोटी रकम वसूली जा रही थी। ये नौकरी व ग्रीन कार्ड की गारंटी नहीं है। हां, कुछ छात्र किसी तरह छोटे-मोटे काम-धंधे करके अपनी पढ़ाई का खर्चा व घर का कर्जा उतारने का जुगाड़ जरूर कर लेते थे। दरअसल, धीरे-धीरे अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों के दुराग्रहों व उनकी प्राथमिकताओं ने छात्रों को खुरदुरी जमीन के यथार्थ से रूबरू करा दिया। छात्रों को एजेंटों ने जो सब्जबाग दिखाए थे, उनकी हकीकत सामने आने लगी। इसके अलावा कोरोना काल के बाद बिखरती अर्थव्यवस्थाएं, नौकरी के आकर्षक प्रस्तावों में कमी, वीजा मिलने में हो रही दिक्कतें, रंगभेद से परेशानी बढ़ी। कनाडा व ब्रिटेन में भारत विरोधी अभियानों तथा कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रवैये ने भी छात्रों का मोहभंग किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# परिवर्तन की लौ: सामूहिक जागरूकता से सुरक्षा और तैयारी की ओर



14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉक पर एक भयावह त्रासदी हुई, जब एसएस फोर्ट स्टिकीन के कार्गो होल्ड में अचानक आग भड़क उठी। इसने ऐसे विनाशकारी विस्फोटों को जन्म दिया, जिन्होंने न सिर्फ शहर का भौगोलिक नक्शा बदल दिया, बल्कि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को लेकर सोच की दिशा भी हमेशा के लिए बदल दी।

स्थानीय अग्निशमन दलों की त्वरित प्रतिक्रिया के बावजूद, धमाका इतना भयानक था कि न केवल जहाज पूरी तरह नष्ट हो गया, बल्कि भारी जनहानि भी हुई। अनुमान है कि इस दुर्घटना में 800 से 1,300 लोगों की जान गई और 2,500 से अधिक लोग घायल हुए। इसके अलावा लगभग 80,000 टन समुद्री माल या तो नष्ट हो गया या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। कई दिनों तक मुंबई (तब की बॉम्बे) आग की लपटों में जलती रही और शहर के बड़े हिस्से मलबे में तब्दील हो गए।

यह भयावह घटना हमें आग से जुड़ी आपदाओं की तबाही को लेकर लगातार सतर्क रहने की चेतावनी देती है। 1944 में मुंबई के विक्टोरिया डॉक पर हुए भीषण अग्निकांड और विस्फोटों में जान गंवाने वालों की स्मृति में हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक पूरे देश में फायर सर्विस वीक मनाया जाता है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के फायर एडवाइजर के मार्गदर्शन में यह सप्ताह न केवल उन असंख्य जानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, बल्कि यह हमें आग की रोकथाम की महत्ता, विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में, बार-बार याद दिलाता है। वर्ष 1999 से नेशनल सेफ्टी काउंसिल इस दिशा में प्रतिबद्ध होकर कर्मचारियों, उनके परिवारों और पूरे समाज को आग की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



- अरविंद कुमार सिन्हा

> गृह मंत्रालय, भारत सरकार के फायर एडवाइजर के मार्गदर्शन में यह सप्ताह न केवल उन असंख्य जानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, बल्कि यह हमें आग की रोकथाम की महत्ता, विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में, बार-बार याद दिलाता है। वर्ष 1999 से नेशनल सेफ्टी काउंसिल इस दिशा में प्रतिबद्ध होकर कर्मचारियों, उनके परिवारों और पूरे समाज को आग की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अग्निकांडों का प्रभाव बेहद गहरा और दीर्घकालिक होता है—यह न केवल पीड़ितों को, बल्कि उनके परिवारों और पूरे समुदाय को प्रभावित करता है। दुर्भाग्यवश, फायर सेफ्टी तब तक प्राथमिकता नहीं बनती जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। हर साल घरों और कार्यस्थलों पर कई आगजनी की घटनाएं होती हैं, जिनमें लोग घायल होते हैं या अपनी जान गंवाते हैं। इनमें सबसे अधिक प्रभावित वे कमजोर वर्ग होते हैं, जैसे कि छोटे बच्चे। चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश घरों में अब भी कार्यशील स्मोक डिटेक्टर या फायर अलार्म मौजूद नहीं हैं। नतीजतन, परिवार ऐसी दुर्घटनाओं के खतरे में रहते हैं जिन्हें आसानी से रोका जा सकता है—जैसे रसोई में लापरवाही, सिगरेट का असावधानी से फेंका जाना, या गैस उपकरणों की अनदेखी। ये सभी ऐसी चूकें हैं, जो जागरूकता और सतर्कता से टाली जा सकती हैं।

आग जैसी आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सबसे बड़ी ताकत होती है—सही जानकारी और जागरूकता। जब लोग फायर सेफ्टी के मूल सिद्धांतों को समझते हैं, तो वे न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी संभावित खतरों से बचाने में सक्षम हो जाते हैं। फायर एक्सटिंग्विशर का सही इस्तेमाल करना, धुएं से भरे कमरे में कैसे सुरक्षित निकला जाए, या घर में एक निर्धारित इमरजेंसी एग्जिट रूट रखना—ऐसे छोटे-छोटे कदम बड़ी आपदाओं के समय जीवन रक्षक साबित हो सकते हैं, जो ज़िंदगी और मौत के बीच का फर्क बन सकता है।

व्यवसायों के लिए, फायर सेफ्टी केवल कानूनी पालन तक सीमित नहीं है; यह जीवन और संपत्ति की सुरक्षा का एक अहम हिस्सा है। प्रभावी अग्नि सुरक्षा उपाय न केवल बड़े नुकसान को रोकने में मदद करते हैं, बल्कि कर्मचारियों में सुरक्षा की भावना भी उत्पन्न करते हैं, जिससे कार्यस्थल पर उत्पादकता और मनोबल में इजाफा होता है। भविष्य की ओर देखने वाली कंपनियां अब फायर सेफ्टी को एक जिम्मेदारी के रूप में नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक निवेश के रूप में देख रही हैं। वे व्यापक प्रशिक्षण, नियमित निरीक्षण और सुरक्षा उपकरणों के उचित रख-रखाव पर विशेष ध्यान दे रही हैं। यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल जोखिमों को कम करता है, बल्कि एक ऐसी कार्य संस्कृति का निर्माण करता है जहाँ कर्मचारी संभावित खतरों को पहचानने और तुरंत कार्रवाई करने के लिए प्रेरित होते हैं।

समुदाय के हित के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, टाटा स्टील इस सप्ताह विभिन्न अग्नि सुरक्षा अभियानों का आयोजन करती है, जिसमें यह संदेश दिया जाता है कि अग्नि सुरक्षा केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास है। उनकी फायर एंड रेस्क्यू सेवाएं न केवल टाटा स्टील के परिसर में, बल्कि आसपास के समुदायों में भी असाधारण सहायता प्रदान करती हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित होती है।

हाल ही में, ₹फ्लेम्स ऑफ चेंज₹ जैसी अभिनव पहलें शुरू की गई हैं, जिनका उद्देश्य अग्नि सुरक्षा की संस्कृति को फिर से परिभाषित करना है। इस पहल में महिलाओं को अग्निशमन दल में शामिल किया गया है, ताकि सुरक्षा कार्यों में समान अवसर और भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। यह पहल समाज में न केवल अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक समुदाय सदस्य को आपातकालीन सहायता में समान रूप से भागीदारी मिले।

आग अपने आप में एक विनाशकारी शक्ति है, लेकिन इसके प्रभाव को कम करना हमारी सतत जागरूकता, सतर्कता और सामूहिक प्रयासों से संभव है। राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह हमें यह सिखाता है कि सावधानी और तैयारी कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। जब हम सतर्क रहते हैं, तो हम केवल आग से नहीं लड़ते—हम जीवन, संपत्ति और भविष्य की रक्षा करते हैं। आइए हम संकल्प लें कि फायर सेफ्टी को केवल एक औपचारिकता न मानें, बल्कि इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। एकजुट होकर हम एक ऐसे भारत की नींव रख सकते हैं जहाँ आग की घटनाएं दुर्लभ हों और हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करे।

**(लेखक, चीफ सिक्योरिटी एवं ब्रांड प्रोटेक्शन, टाटा स्टील हैं।)**

## लेटर टू एडिटर

### नफरती मंसूबे

विगत दिनों अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित स्वामीनाथन मंदिर पर हमले के साथ अपवित्रता की घटना भी हुई। इसके अलावा, विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले पर ब्रिटेन में हमले और नारेबाजी के साथ उच्चायुक्त भवन से तिरंगा निकालने की घटना से मयार्दाएं टूट रही हैं। संपादकीय ह्यनफरती मंसूबेह्व में उल्लेख है कि इन अलगाववादियों को वहां की सरकारें संरक्षण देकर कार्यवाही नहीं कर रही हैं, जिससे इनके हौसले बुलंद हो रहे हैं। इन घटनाओं की अनदेखी कदापि नहीं की जानी चाहिए और पश्चिमी देशों को अपनी मयार्दा में ही रहना चाहिए।

बीएल शर्मा, जमशेदपुर

### चौकसी पर सवाल

अमृतसर के ठाकुरद्वारा मंदिर में ग्रेनेड हमलाह्व में पंजाब में शांति भंग करने की साजिश का खुलासा किया गया है। रात के समय दो मोटरसाइकिल सवारों द्वारा ग्रेनेड फेंकने से प्रशासन की चौकसी पर सवाल उठते हैं। पिछले चार महीनों में पंजाब में यह 13वां ग्रेनेड हमला है। पाकिस्तान, नशीले पदार्थों की तस्करी और धार्मिक स्थानों पर हमले के जरिए पंजाब की शांति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री को इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

## X ट्वीट

**प्रेम,** दया, त्याग, समर्पण और मानवता का संदेश देकर प्रभु यीशु ने अपने जीवन का बलिदान दिया था। गुड फ्राइडे का यह दिन हमें प्रेम, क्षमा और करुणा का संदेश देता है। आइए, इस पवित्र दिन हम प्रभु यीशु के मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

**– हेमंत सोरेने, सीएम**

# सोशल मीडिया इंसाफ का नहीं, रिश्तों की मौत का है नया मंच

**–डॉ सत्यवान सौरभ**

सोशल मीडिया

सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव निजी जिंदगी में दखल के साथ ही अब रिश्तों के खात्मे की भी वजह बनता जा रहा है। आजकल लोग निजी झगड़ों और रिश्तों की परेशानियों को सोशल मीडिया पर लाइव आकर सार्वजनिक करने लगे हैं, जहां आधी-अधूरी सच्चाई दिखाकर सहानुभूति बटोरी जाती है। ह्यसुट्टा आलीह्व और ह्यमुक्का वालीह्व जैसे मामलों में देखा गया कि जब दूसरा पक्ष सामने आया तो पहले समर्थन करने वाले लोग उलझन में पड़ गए। सोशल मीडिया अब इंसाफ का मंच नहीं, तमाशा बनता जा रहा है, जहां रिश्ते कंटेंट बनकर बर्बाद हो रहे हैं। इस डिजिटल दिखावे से बाहर निकलने का रास्ता संवाद, संयम और सच्चाई पर आधारित समझदारी है। रिश्तों को बचाने के लिए पहले उन्हें सार्वजनिक न करें, बल्कि निजी स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें। आधी सच्चाई दिखाकर न्याय मांगना रिश्तों की मौत का कारण बन सकता है।

घर के अंदर की बातें अब घर की नहीं रहीं। एक वक़्त था, जब दीवारों के भीतर जो होता था, वही दीवारों में दफन होता था। पर अब दीवारें भी वाई-फाई से जुड़ चुकी हैं और रिश्ते डेटा पैक पर टिके हैं। बात-बात पर फेसबुक लाइव, इंस्टा स्टोरी और यूट्यूब व्लॉग।

आजकल रिश्तों में सहनशीलता नहीं, स्क्रिप्टिंग आई है। जैसे ही किसी झगड़े या मनमुटाव की चिंगारी उठती है, लोग अपने कैमरे चालू कर लेते हैं और लाइव आकर खुद को पीड़ित घोषित कर देते हैं। आवाज में कंपकंपी, आंखों में आंसू और शब्दों में दर्द, सब कुछ इतना ह्यरियलह्व होता है कि देखने वाला पल भर में 'इमोशनल इन्वेस्ट' कर बैठता है। अब सवाल उठता है कि क्या सोशल मीडिया कोई अदालत है, जहां एकतरफा सबूत पेश करके दूसरे पक्ष को बिना सुने सजा सुनाई जा सकती है। क्या हम सब यूजर्स अब जज बन चुके हैं और अगर हां तो हमारी अदालत में अपील की व्यवस्था कहां है। दिक्कत ये है कि आजकल लोग जज नहीं, जजमेंटल बन चुके हैं। किसी भी मुद्दे को बिना सोचे, बिना समझे, बिना जांचे, बस वायरल होने की स्पीड से नापते हैं। 'कौन सही है' से ज्यादा अहम हो गया है 'कौन पहले लाइव आया'।

दरअसल जब एक रिश्ते की दरार को सार्वजनिक किया जाता है तो उसका असर केवल उस रिश्ते पर नहीं, समाज पर भी पड़ता है। यह एक विकृति बनती जा रही है, जहां निजी दर्द सार्वजनिक मनोरंजन बन रहा है। इसे प्रोत्साहन मिलता है व्यूज, लाइक्स और फॉलोवर्स की भूख से। एक जमाना था जब लोग अपने रिश्तों को बचाने के लिए कुछ भी कर जाते थे। जबकि आज लोग लाइक और शेयर के लिए अपने रिश्ते खुद बर्बाद कर देते हैं। मीडिया से ज्यादा, मिडियाई मानसिकता दोषी है। यह केवल 'मीडिया ट्रायल' का मुद्दा नहीं है। असली समस्या उस मानसिकता की है जो कैमरा ऑन होते ही खुद को पीड़ित घोषित कर देती है और दर्शकों को जूरी बना देती है। यह 'हाफ ट्रुथ पॉलिटिक्स' अब राजनीति तक सीमित नहीं रही । यह अब हमारे घरों में घुस चुकी है। लोग अपने गुस्से और दुख को शब्दों में नहीं, स्क्रिप्टेड कंटेंट में ढाल रहे हैं। दर्शक भी, असल में मदद करने के बजाय तमाशबीन बने रहते हैं, स्क्रीन के उस पार तालियाँ बजाते हुए।इस डिजिटल युग में रिश्ते अब संवाद से नहीं, कंटेंट से चलने लगे हैं। पार्टनर से बात करने की जगह, लोग सोशल मीडिया पर 'इन्डायरेक्ट' पोस्ट करते हैं।

आज जब हर व्यक्ति अपने हाथ में मीडिया लेकर घूम रहा है, तब सबसे बड़ा ज़िम्मेदार भी वही है। कैमरा ऑन करना आसान है, पर सच्चाई को ईमानदारी से दिखाना मुश्किल। रिश्ते भरोसे से बनते हैं और भरोसे की बुनियाद संवाद से मजबूत होती है, तमाशे से नहीं। हर बार लाइव आकर रोना-धोना करने से सहानुभूति तो मिल सकती है, लेकिन रिश्ते नहीं बचते। जब दूसरा पक्ष सामने आता है तो फिर न सिर्फ. रिश्ता, बल्कि भरोसा भी मरता है, उस इंसान का भी और उस समाज का भी, जो बस 'लाइव' देखकर न्याय करने को तैयार बैठा था।

सवाल है कि क्या कोई रास्ता है इस डिजिटल ड्रामा से बाहर निकलने का। बिलकुल है। इसलिए अगली बार जब कोई रोता हुआ वीडियो सामने आए तो जरा रुकिए। सवाल पूछिए, दोनों पक्षों को सुनिए। क्योंकि असल इंसाफ वही है जो तटस्थ हो और इंसाफ के बिना कोई भी तमाशा बस एक और रिश्ते की मौत होती है। उधर उन लोगों को भी सोशल मीडिया के बजाय झगड़े के समाधान के दूसरे रास्ते तलाशने होंगे। जरूरी है कि किसी भी झगड़े या विवाद को सार्वजनिक करने से पहले, अपने सबसे करीबी से निजी तौर पर बात करें। संवाद हर समस्या का पहला समाधान है। अगर मामला गंभीर है, तो परिवार, मित्र या थैरेपिस्ट की मदद लें। जब समस्या होती है तो समाधान भी साथ ही होता है।

# चॉक से चुभता शोषण: प्राइवेट स्कूल का शिक्षक और उसकी गूंगी पीड़ा

**-प्रियंका सौरभ**

सामयिक

जब भी परीक्षाओं के रिजल्ट ते हैं तो अमूमन सरकारी स्कूलों के मुकाबले प्राइवेट स्कूलों के परिणाम बेहतर होते हैं।इसके पीछे इन स्कूलों के शिक्षकों की कड़ी मेहनत होती है। प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों से उम्मीदें तो आसमान छूती हैं, लेकिन उन्हें न तो उचित वेतन मिलता है, न सम्मान, न छुट्टी और न ही सुरक्षा। महिला शिक्षक दोहरी ज़िम्मेदारियाँ उठाती हैं, वहीं शिक्षक दिवस के दिन सिर्फ प्रतीकात्मक सम्मान मिलता है, जबकि सालभर उनका कथित तौर पर शोषण जारी रहता है। अभिभावक, स्कूल प्रबंधन और सरकार तीनों ही इस शोषण को नजरअंदाज करते हैं। शिक्षक के अधिकारों की कोई बात नहीं करता, न ही कोई नियामक संस्था है जो उनके हितों की रक्षा करे। शिक्षकों को कानूनी संरक्षण, संगठित मंच और सामाजिक सम्मान मिलना चाहिए ताकि शिक्षा प्रणाली सच में समावेशी और न्यायपूर्ण बन सके। यदि राष्ट्र को शिक्षित और सशक्त बनाना है तो सबसे पहले शिक्षक को शोषण से मुक्त करना होगा, क्योंकि चॉक से लिखा हर अक्षर, देश का भविष्य गढ़ता है।

एक समय था जब गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय जैसे दोहे बच्चों की जुबान पर होते थे। आज हाल ये है कि अगर मास्टर मोबाइल पकड़ लें तो कहा जाता है कि इतनी फुर्सत है तो बच्चों को क्यों नहीं संभालते। जमाना बदल गया है, अब 'शिक्षक' शब्द पवित्रता नहीं, सहनशीलता का प्रतीक बन गया है। इस सहनशीलता का सबसे क्रूर रूप दिखता है प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों की दुनिया में। बाहर से देखिए तो प्राइवेट स्कूल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। एसी क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट-ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स। लेकिन अंदर झाँकिए, वहाँ एक मास्टर साहब बैठे हैं, जो न वक्त पर चाय पी सकते हैं, न लंच कर सकते हैं। जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो मास्टर की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्जाम में फेल हो जाए तो मैनेजमेंट पूछता है ₹क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से₹।

प्राइवेट स्कूलों में सैलरी का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियाँ भी शर्मा जाएं। अपॉइंटमेंट लेटर पर 25,000 रुपये लिखा होता है, लेकिन बैंक में महज 8,000 रुपये ही ट्रांसफर होते हैं। बाकी कैश में मिलते हैं या कभी नहीं मिलते। मजे की बात देखिए कि टीचर जब सैलरी का हिसाब माँगता है तो जवाब होता है, नौकरी चाहिए या नहीं। यदि शिक्षक महिला है तो फिर दिक्कतों की भरमार है। घर में बहू, माँ और पत्नी। स्कूल में मैडम, टीचर और दीदी। महिला शिक्षकों को दोहरी ज़िम्मेदारी के साथ जीना पड़ता है। सुबह पांच बजे से घर संभालो, फिर स्कूल जाओ और वहाँ 40 बच्चों की जिम्मेदारी उठाओ। ऊपर से अगर पति भी प्राइवेट सेक्टर में हो तो महीने की सैलरी से पहले ही घर का बजट गिरवी रख देना पड़ता है।

प्राइवेट शिक्षक की दुश्वारियां यहीं खत्म नहीं होतीं। सरकारी कैलेंडर कहता है कि 15 अगस्त और 26 जनवरी की छुट्टी हैं, लेकिन प्राइवेट स्कूल कहता है कि आओ, झंडा फहराओ, भाषण दो, फिर हाजिरी लगाओ और जाओ। छुट्टी के दिन भी हाज़िरी की मजबूरी। अगर बीमार पड़ गए तो प्रबंधन कहेगा कि छुट्टी नहीं है, डिडक्शन लगेगा। शिक्षक का गला बैठ जाए, तब भी कहा जाता है कि क्लास तो लेनी ही होगी और कोई नहीं है। आज शिक्षक सिर्फ पढ़ाता ही नहीं है, बल्कि वह क्लास टीचर है, परीक्षा नियंत्रक है, अभिभावक संवाद अधिकारी है, व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन है, स्पोर्ट्स डे का आयोजक है और हर हफ्ते सेल्फी वाले वीडियो का संपादक भी। लेकिन जब सैलरी की बात आए तो कहा जाता है कि आप तो सिर्फ दो पीरियड पढ़ाते हैं। बच्चा अगर टॉप करे तो प्रिंसिपल प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है कि हमारे स्कूल का वातावरण ही ऐसा है। यदि बच्चा फेल हो जाए तो मास्टर की जवाबदेही तय होती है।

**राज्य के सीएम हेमंत सोरेने को राज्य के कर्मियों की चिंता है। एसबीआई से हेमंत सोरेने के निर्देश पर राज्यकर्मियों के हित में हुआ समझौता।** **साभार: अजय सानी**




## कार्टून वर्ल्ड




## स्पीड न्यूज

### मनसुख मांडवीय व संजय सेठ ने की छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा



**रजरप्पा।** केंद्रीय श्रम, युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीय एवं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शुक्रवार को मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा-अर्चना करने रजरप्पा पहुंचे। रजरप्पा पहुंचने पर यहां विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित सेठी पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाए। वे मां छिन्नमस्तिके से देशवासियों के लिए सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की। इस दौरान रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद, रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रिखेश्वर सिन्हा की पुण्यतिथि मनी



**गोला (रामगढ़)।** मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला के संस्थापक सचिव स्व. रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ रिखु बाबू की 23वीं पुण्यतिथि शुक्रवारको महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। उनके पौत्र सह कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कॉलेज के व्याख्याता आशीष कुमार मिश्रा, भोला कुमार महथा, मनोज कुमार झा, शिवशंकर तिवारी, संजीव कुमार सिन्हा, महरु रजवार एवं दिलीप रजवार मौजूद थे। पुलिस इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका एक हीं लक्ष्य था कि किस तरह से इस पिछड़े हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इसी प्रयास के तहत उन्होंने अपने निजी मकान में हीं 1965 में माँ छिन्नमस्ता कॉलेज की नींव रखी बाद में 2004 में इसे माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज का नया नाम दिया गया। सुजीत सिन्हा ने बताया कि उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीब मेधावी छात्र/छात्राओं को काफी सहयोग किया तथा उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र/छात्राओं की मदद करने का हरसंभव प्रयास करता हूँ एवं करुँगा।

### रामगढ़ में जयराम महतो की सभा आज

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो शनिवार को 1:00 बजे सेवटा वार्ड नंबर 08,वीआरएल ग्राउंड रांची रोड रामगढ़ आयेंगे। उन्होंने बताया कि जयराम महतो जनसभा को संबोधित करेंगे। रमेश कुमार महतो ने कहा कि वे विस्थापित प्रभावित एवं मूल रैयतों की समस्याओं से रूबरू होंगे । कहा की कंपनी लगभग 60 सालों से संचालित है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर आज तक कंपनी ने ग्रामीणों के लिए कुछ भी नहीं किया है। सीएसआर के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं सहित रोजगार से भी स्थानीय लोगों को दूर रखा गया। आसपास का क्षेत्र प्रदूषण से बुरी तरह प्रभावित है। इसका दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है जिससे लोग विभिन्न प्रकार के बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। सेवटा ग्राम के सभी टोला एवं आसपास के ग्रामों से जैसे सेवटा, मरार ,रौता, पोचरा, दिग्वार , पैंकी , सुगीया, सांडी, तिलैया, बोंगाबार,धनहारा आदि के सभी लोगों को बहाली के समय रखा जाना, गली मोहल्ले में लाइट की समुचित व्यवस्था ,सुरक्षा परहरी में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता, खेलकूद एवं मनोरंजन आदि के लिए साधन ,विस्थापितों के जमीन को फैक्ट्री के अंदर कर लिया गया है, जिस पर किराया 50 वर्षों से पूर्व जो किराया था वही किराया दिया जा रहा है। जबकि आज जमीन एवं सभी वस्तुओं की कीमतों में 100 गुना वृद्धि हुई है।

### गेमिंग बना बच्चों का खेल का मैदान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कभी गलियों में क्रिकेट, लुका-छुपी और रस्सी कूद जैसे खेलों की गूंज होती थी। बच्चों की हंसी और शोर-शराबा मोहल्ले की रौनक बढ़ा देते थे। लेकिन आज तस्वीर बदल चुकी है। छात्र-छात्राओं में अब मोबाइल गेमिंग का क्रेज तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे पारंपरिक घरेलू खेलकूद धीरे-धीरे पीछे छूट रहे हैं। जहां पहले स्कूल से आने के बाद बच्चे बैग पटक कर खेलने दौड़ते थे, अब वे सीधे मोबाइल की स्क्रीन में डूब जाते हैं। पबजी, फ्री फायर, माइन काफ्ट और अन्य ऑनलाइन गेम्स अब बच्चों की नई दुनिया बन चुके हैं। ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों के मनोरंजन का स्वरूप बदल ही दिया है। मोबाइल गेमिंग बच्चों को आभासी दुनिया में ले जाती है जहां उन्हें नए मिशन, रैंकिंग और स्कोर का रोमांच मिलता है। तकनीक की आसान उपलब्धता, स्मार्टफोन और इंटरनेट अब हर घर की जरूरत बन चुके हैं। बच्चों को भी इन तक आसान पहुंच मिल चुकी है। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान स्कूल बंद रहे और बच्चे घरों में बंद रहे। इसी दौरान मोबाइल गेमिंग की आदत ने गहरी जड़ें जमा लीं। समय की कमी और सुरक्षा के कारण माता-पिता अब बच्चों को बाहर खेलने भेजने में हिचकते हैं, ऐसे में मोबाइल गेम ही बच्चों का नया साथी बन गया है। हालांकि इस आदत का दूसरा पहलू काफी चिंताजनक है। मोबाइल गेमिंग के कारण शारीरिक गतिविधि में कमी, बच्चों में मोटापा, आंखों की कमजोरी और थकान जैसी स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आज जरूरत है इस डिजिटल लत पर लगाम लगाने की। बच्चों की दुनिया फिर से आंगन और गलियों की तरफ लौटे, जहां हंसी-ठिठोली और दोस्ती के पल उनका इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए अभिभावकों को आगे आना होगा। समय देना होगा, और फिर से बच्चों को पारंपरिक खेलों से जोड़ना होगा। यह कहना गलत नहीं होगा कि मोबाइल गेमिंग आज

# हजारीबाग में पानी बना लिक्विड गोल्ड, मालामाल हो रहे कारोबारी

## हर दिन हजारों लीटर पानी बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं माफिया

अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग।** जब हजारीबाग की धरती प्यास से तप रही हो और हर गली-मोहल्ले में पानी की हाहाकार मची हो, तब कुछ लोग इस संकट को अवसर में बदलकर मालामाल हो रहे हैं। जी हां, बात हो रही है पानी के उस गोरखधंधे की, जिसने शहर में प्यास का व्यापार खड़ा कर दिया है। पानी अब हजारीबाग में सिर्फ जीवन नहीं, धंधा बन चुका है। गर्मी की शुरूआत होते ही शहर के कई इलाकों में नलों ने पानी देना बंद कर दिया। जिन घरों में पहले दिन में दो बार पानी आता था, अब वहां हफ्ते भर में एक बार भी पानी नहीं टपकता। इसी संकट ने जन्म दिया है टैंकर माफिया और जार सप्लायर्स की एक पूरी फौज को, जो प्यासे शहर को हर दिन हजारों लीटर पानी बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। 20 रुपये से लेकर 30 रुपये तक में बिकने वाले एक-एक पानी के जार की कोई शुद्धता की गारंटी नहीं है। कई स्थानों पर देखा गया है कि बिना किसी टेस्टिंग या फिल्ट्रेशन के सीधे बोरवेल का पानी जार में भरकर सप्लाई कर दिया जाता है। यह पानी पीने योग्य है या नहीं, इसका कोई रिकॉर्ड नहीं होता। शहर में कई ऐसे अनधिकृत मिनरल वॉटर प्लांट चल रहे हैं, जो ना नगर निगम से पंजीकृत हैं, ना ही किसी स्वास्थ्य मानक पर खरे उतरते हैं। सवाल यह उठता है कि जब आम जनता को शुद्ध पानी देना सरकार की जिम्मेदारी है, तो फिर इस गैरकानूनी धंधे पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही? अभी तक जल विभाग, नगर निगम या स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस पानी माफिया पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। हालात ऐसे हैं कि पानी की सप्लाई देने वाले ये व्यापारी अब 'वाटर लॉर्ड' की तरह




व्यवहार करने लगे हैं। लोग मजबूरी में इनके तय किए गए दामों पर पानी खरीदने को मजबूर हैं। हजारीबाग में पानी अब सिर्फ जरूरत नहीं, एक मुनाफे का सौदा बन चुका है। लेकिन इस सौदे में सबसे बड़ा घाटा आम आदमी का है जो हर दिन अपनी सेहत, जेब और भरोसे से समझौता कर रहा है। आखिर कब तक प्यासे लोग इस गंदे धंधे का शिकार बनते रहेंगे?

# नगर निगम मस्त, कुत्तों से जनता त्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर की सड़कों पर आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हर गली, हर मोहल्ले में कुत्तों के झुंड देखने को मिल रहे हैं।

लोग सुबह की सैर या शाम की खरीदारी के लिए भी डरते-डरते निकलते हैं। बच्चों का अकेले बाहर खेलना तो जैसे अब खतरे से खाली नहीं रहा। कई स्थानों से कुत्तों के काटने की घटनाएँ भी सामने आई हैं, लेकिन नगर निगम पूरी तरह से बेखबर या यूं कहें कि लापरवाह बना हुआ है। शिकायतों के बावजूद न तो कोई ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही इन आवारा जानवरों की संख्या पर कोई नियंत्रण दिख रहा है। निगम द्वारा कुत्तों की नसबंदी या पकड़ने का अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ



रहा है। जबकि स्थिति यह है कि अस्पतालों में एंटी रैबीज इंजेक्शन की मांग भी बढ़ रही है। जनता सवाल पूछ रही है क्या नगर निगम सिर्फ टैक्स वसूलने तक ही सीमित रह गया है? अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। शहर की जनता अब कार्रवाई की मांग कर रही है, ताकि सड़कों पर सुरक्षा और शांति

**एक एजेंसी को हॉयर करने की बात चल रही है, कुत्तों की बढ़ती आबादी पर रोक लगायेगा : नगर आयुक्त**

बहाल हो सके। इस मामले पर नगर निगम आयुक्त ने कहा कि एक एजेंसी को हॉयर करने की बात चल रही है। जो कुत्तो की बढ़ती आबादी पर रोक लगाएगा। हालाकि सिर्फ कुत्तो को वैक्सीन देने या फिर उनके बंध्याकरण करने से काम नहीं बनने वाला। क्योंकि जब तक एक बड़े लेवल पर इन आवारा कुत्तो के लिए शेल्टर होम नहीं बनेगा इनका आतंक सड़को पर जारी रहेगा। साथ ही नगर निगम को कुत्तो के मामले को लेकर एक हेल्पलाइन नंबर जारी करनी चाहिए ताकि अगर किसी को परेशानी हो रही हो तो वो हेल्पलाइन नंबर पर कांटेक्ट कर मदद मांग सके।

### कटकमदाग के कूद में रूद्र महायज्ञ के लिए भूमि पूजन



**कटकमदाग।** श्री श्री 1008 रूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार सह राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा कटकमदाग के ग्राम कूद में भूमि पूजन सह ध्वजारोहण हुआ। भूमि पूजन सह ध्वजारोहण में श्रद्धालुओं ने क्षेत्र भ्रमण किया। महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित अमित शास्त्री एवं कथा वाचक दिगम्बर शास्त्री वाराणसी ने यज्ञ स्थल के समीप देवी देवताओं की विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना की । भूमि पूजन में अध्यक्ष एवं सचिव अवध किशोर साव उमेश साव विजय साव सुदर्शन राणा मुन्ना राणा दिलीप साव पिंकू साव तिलक साव प्रदीप साव व सिकन्दर साव शामिल थे।

# एनटीपीसी ने बिरहोरों को दिया साबुन, सर्फ व नाश्ता



**कटकमसांडी।** शुक्रवार को कटकमसांडी रेलवे डंपिंग यार्ड के समीप बिरहोर टंडा में आदिम जनजातियों के बीच एनटीपीसी की ओर से दैनिकोपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। सामग्रियों में साबुन, सर्फ, नाश्ते आदि शामिल थे। बता दें कि इसके पूर्व एनटीपीसी की ओर से बिरहोर बच्चों के बीच स्कूली बैग, कलम पेंसिल, चॉकलेट बिस्किट आदि सामग्री उपलब्ध कराया गया था। साथ ही, एक हजारवां रैंक भेजे जाने के मौके पर बिरहोरों को ठंड से निजात पाने के लिए कंबल भी दी गई थी। यह वितरण कार्यक्रम एनटीपीएस के अधीनस्थ कार्य कर रहे प्रणव नमन मिनिरल्स (पीएनएम) द्वारा की गई। यह सामग्री सारनेश्वर ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी (एसटीसीपीएल) के मुख्य अधिकारियों की उपस्थिति में वितरण किया गया। बताया गया कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े इन आदिम जनजातियों को सामाजिक सहयोग की नितांत आवश्यकता है। मौके पर अरूण पांडेय, आशीष सिंह, शैलेंद्र कुमार, गौतम ठाकुर, रोहित पांडेय, विकास सिंह, अनुज ठाकुर, अजीत पांडेय, शंकर सिंह, रौशन पांडेय, विपिन पांडेय आदि उपस्थित थे।

# बरही के ओरपरता में निकली कलश यात्रा

**बरही।** ओरपरता में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 महारुद्र शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री विश्वकर्मा भगवान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भव्य कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए। विधायक मनोज यादव ने श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

विधायक मनोज यादव ने इस तरह के आयोजन को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। वहीं कहा कि महायज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली आती है।गाजे - बाजे के साथ निकली कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखने योग्य थी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष मुखिया विजय यादव, मो. कयूम, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, गुरुदेव गुप्ता, भुनेश्वर यादव, उप मुखिया बलराज यादव, पंसस प्रतिनिधि बिहारी यादव, अध्यक्ष नंदलाल राणा, सचिव बालकिशोर यादव, कोषाध्यक्ष कैलाश यादव, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, उपसचिव अशोक सिंह, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, राजेश यादव, अशोक सिंह, रंजीत दवन, अंगेश यादव, पिंटू राणा, त्रिलोकी राणा, नन्द लाल राणा, मुकेश यादव, कमलदेव सिंह, शिवाली सिंह, चन्द्रिक सिंह, महेश यादव, बालकिशोर यादव, सुदामा यादव, अनिल यादव, बसन्त यादव आदि काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।



1008 महारुद्र शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा।

# कैथोलिक चर्च भुरकुंडा में मना गुडफ्राइडे

**विशेष प्रार्थना सभा, क्रूस का चुम्बन व परम प्रसाद वितरित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ईसाई समुदाय के लिए बेहद पवित्र दिन गुड फ्राइडे के अवसर पर शुक्रवार को भुरकुंडा पटेलनगर स्थित कैथोलिक आश्रम चर्च में विशेष धर्मविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर चर्च में प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर चढ़ाए जाने और उनके द्वारा मानव जाति के लिए दिए गए बलिदान को श्रद्धा और भक्ति के साथ याद किया गया। मुख्य अनुष्ठाता फादर बरनाबस खलखो ने अपने उपदेश में कहा, ह्यप्रिय भाइयों एवं बहनों, आज की धर्मविधि की मुख्य घटना पवित्र क्रूस पर प्रभु यीशु मसीह के दुःख भोग और मरण का स्मरण





करना है। यही दिन हमें उनके प्रेम, बलिदान और क्षमा के संदेश की याद दिलाता है।

इस अवसर पर चर्च में क्रूस के रास्ते की विधि पूरी श्रद्धा से संपन्न की गई। जिसमें प्रभु के पिलातुस के महल से लेकर कब्र में रखे जाने तक के 14 पड़ावों को स्मरण किया गया। इसके पश्चात क्रूस का चुम्बन और परम प्रसाद का वितरण किया गया। अंत में सामूहिक आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवित्र धर्मविधि में फादर सेबरेन लकड़ा, फादर मरिया लुईस, फादर थॉमस सहित प्रदीप खलखो, पात्रिक मिंज, सुधीर मिंज, अनिश बाडा, बासिल कुजुर, राजेश पांडेरवानी, जुस्टिन बारा, अमृत जॉनशन लकड़ा, इरेनियुस गिद्ध, इग्नाशियुस किंडो, जुलिता एक्का, रजनी डुंगडुंग, रजनी बागे, जोसेफ ओडेया, प्रीतम तिग्गा, रणवीर मिंज, अमन तिग्गा, बेरोनिका तोपनो, फुलमनी गुड़िया, राशेल तिग्गा, अमन कुजुर, आशीष कुजूर, प्रमोद कुजुर, नम्रता तिग्गा, अनिल लकड़ा सहित दर्जनों मसीही परिवार उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बरकट्ठाः फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार



बरकट्ठा। गोरहर थाना क्षेत्र के बंडासिंगा शिव मंदिर के पास गुरुवार शाम हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने तत्परता से उद्भेदन कर लिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी पहचान बेल्कप्पी गांव निवासी शेषनाथ सिंह (पिता- लक्ष्मी सिंह) और विक्रांत पाण्डेय (पिता- स्व. केदार पाण्डेय) के रूप में हुई है। बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार बिमल ने बताया कि घटना में बंडासिंगा निवासी अनूप यादव (25 वर्ष, पिताझबैजनाथ यादव) गंभीर रूप से घायल हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने छापेमारी कर घटना में इस्तेमाल की गई बाइक और पिस्टल को भी बरामद कर लिया है। शुरूआती पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते गोली चलाने की बात स्वीकार की है। वहीं, इस मामले में शामिल अन्य तीन आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम बिहार तक पहुंच चुकी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

### छात्रों को जल संरक्षण की दिलायी गयी शपथ



**बरही।** झारखंड शिक्षा परियोजना और यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से जल पखवाड़ा 2025 की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत स्थित तिलैया बस्ती में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार को जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी निर्मला पंडित ने छात्रों को जल जनित बीमारियों, स्वच्छ पेयजल और जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसका उद्देश्य लोगों को पानी के महत्व से अवगत कराना और उसे बचाने के लिए प्रेरित करना है।प्रधानाध्यापिका ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में इको क्लब की मदद से तीन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद थे।

### बरही में बढ़ रही है गुंडागर्दी : विजय यादव



**बरही।** बरही प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि गुरुवार को बरकट्ठा के बंडासिंघा में हुई गोलीबारी से सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। गुंडों में पुलिस का खौफ कम होता जा रहा है। यही कारण है कि लगातार गुंडागर्दी की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस सिर्फ गश्त का हवाला देकर हाथ पर हाथ धरे बैठी है। बरही में भी चोरी और डकैती जैसी घटनाएं अभी तक अनसुलझी हैं और इस तरह गोलीबारी, बंदूक दिखाकर दहशत फैलाना और बीच सड़क पर किसी पर जानलेवा हमला करने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। शहर और ग्रामीण इलाकों में कानून व्यवस्था भी समझ से परे है। जिससे आम आदमी की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है? कुछ दिन पहले बरही गया रोड स्थित मधुलिका ट्रेडर्स से दोपहर में 4 लाख कैश की चोरी हो गई थी। जिससे शहर में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं सुरक्षा के नाम पर पुलिस की गाड़ियां शहर में सायरन बजाती नजर आती हैं। यह शहर की सुरक्षा की गारंटी का दिलासा देने जैसा लगता है। इसके अलावा अन्य घटनाओं को लेकर भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है।

### स्टेकहोल्डर कार्यशाला व प्रशिक्षण संपन्न



कटकमदाग। पसई पंचायत भवन में शुक्रवार को झारखंड सरकार के वन विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन और हम : एक पहल समाधान की ओर विषय पर एक दिवसीय स्टेकहोल्डर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पसई पंचायत भवन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर स्थानीय समुदाय, किसानों, महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना तथा समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था। यह आयोजन असर, पंच सफर एवं सिद्धा संस्थाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान नेशनल मिशन ऑन स्ट्रेटेजिक नॉलेज फॉर क्लाइमेट चेंज के तहत जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण का संचालन विशेषज्ञ गुलाब चंद्र प्रजापति, ओमकार एवं उज्ज्वल सहाय द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की अवधारणा, इसके कारणों, प्रभावों और समाधान के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय समस्याओं और उनके समाधान पर संवाद किया गया। प्रतिभागियों ने प्रश्नावली भरकर लिखित सुझाव भी दिए। मुखिया परमेश्वर गोप, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा, पसई के पूर्व पंसस कुमारी किरण वर्मा आदि ने जलवायु परिवर्तन के कारण व समाधान पर विचार दिया। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, पृथ्वीराज चौहान, दिलचंद प्रसाद, धीरज राणा, संजीत दिवाला तुफानी, जागेश्वर प्रसाद, संजय प्रजापति, महेश प्रसाद, शकुंतला देवी, द्रौपदी देवी, प्रभा वर्मा, जरीना खातून, उषा देवी, महेंद्र प्रसाद, तपेश्वर प्रजापति, लक्ष्मी देवी, संजू देवी, गणेश प्रसाद सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में मिले ज्ञान और विचारों को अपने समुदाय में लागू करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में देखा गया।

### जिला समाज कल्याण शाखा के सौजन्य से पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# आमजनों को पौष्टिक आहार की दें जानकारी : अन्नपूर्णा देवी

## अच्छे खान-पान से सही पोषण मिलता है : डॉ नीरा यादव

## स्वस्थ रहने के लिए माता और बच्चे को सही पोषण बहुत जरूरी : मेघा भारद्वाज







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला समाज कल्याण शाखा के सौजन्य से पॉलिटेक्निक कॉलेज के ऑडिटोरियम में पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सह सांसद अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथियों को बुके व पौधा देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं डीएसडब्लूओ ने स्वागत संबोधन किया एवं कार्यक्रम के विषय पर विस्तार से बताया। वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सेविका, सहायिका को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के




प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा। सही पोषण को लेकर जन जागरूकता की आवश्यकता है, ताकि माताओं के साथ बच्चे भी स्वस्थ रहें। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने सभी से अपील की कि पोषण पखवाड़ा में अधिक से अधिक लोग शामिल हों और सही पोषण के लिए जन जागरूकता के लिए कार्य करें। आमजन के बीच पोष्टिक आहार की जानकारी दें। पूरे देश समेत झारखंड राज्य के हर जिलों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, ताकि आमजनों को पोषण के बारे में सही जानकारी दी जा सके। कुपोषण के खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ना है और लोगों के बीच सही पोषण देश रोशन का संदेश पहुंचाना है। आंगनबाड़ी केंद्र को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए कार्य किया जायेगा, ताकि उन केंद्रों में पोषण वाटिका, पेयजल, शौचालय, टीवी समेत बच्चों की देखरेख के लिए सभी सामग्री उपलब्ध रहे।

वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छे खान-पान से सही पोषण मिलता है। साथ ही खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, आदि शामिल करने से अच्छा पोषण मिलता है। आप सभी अपने और अपने बच्चों के पोषण पर ध्यान दें। अच्छे पोषण के लिए किसी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए माता और बच्चे को सही पोषण बहुत जरूरी है। इस दिशा में कार्य करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

### पोषण पखवाड़ा से संबंधित दिलायी गयी शपथ

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा मौके पर सभी को पोषण पखवाड़ा का शपथ दिलाया गया। सभी ने शपथ लिया कि भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने, राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने, सही पोषण का अर्थ, पौष्टिक आहार, साफ पानी और सही प्रथाएं, पोषण अभियान को एक देश व्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण की गूंज उठाने, इस जन आंदोलन से मेरे भारतीय भाई और बहन और सब बच्चे स्वस्थ होंगे और पूरी क्षमता प्राप्त करने, हम बाल विवाह नहीं करेंगे। वहीं डोमचांच की सेविकाओं द्वारा पोषण पर एक गीत प्रस्तुत किया गया।

#### सुनहरे एक हजार दिन और पीसीपीएनडीटी एक्ट पर लघु नाटक प्रस्तुत किये

कार्यक्रम के दौरान स्वयं संस्था के द्वारा पोषण पखवाड़ा अंतर्गत सुनहरे एक हजार दिन और पीसीपीएनडीटी एक्ट पर लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद पहले दो वर्षों तक के 1000 स्वर्णिम दिवस बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के विस्तार से बताया गया। साथ ही पीसीपीएनडीटी एक्ट पर लघु नाटक प्रस्तुत कर भ्रूण जांच एक अपराध है और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र सलैयाडीह के बच्चों द्वारा पोषण से संबंधित अपील की गयी एवं बच्चों द्वारा सही पोषण देश रौशन पर नृत्य प्रस्तुत कर षोषण के प्रति जागरूक किया गया।

#### बच्चों का अन्नप्रासन और महिलाओं की गोदभराई करायी गयी

वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव एवं उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा तीन बच्चों का अन्नप्रासन और तीन महिलाओं की गोदभराई करायी गयी।

**आंगनबाड़ी के बच्चों को पुरस्कार व सहायिकाओं के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण :** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव एवं उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया और आंगनबाड़ी सहायिकाओं द्वारा तैयार किये गये व्यंजनों के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

#### पोषण पखवाडा से संबंधित सेल्फी एवं हस्ताक्षर अभियान

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव एवं उपायुक्त मेघा भारद्वाज अन्य अतिथियों द्वारा सेल्फी एवं हस्ताक्षर कर पोषण पखवाड़ा 2025 के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया गया।

मौके पर डीएसओ अविनाश पुर्णेंदु, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसई अजय कुमार, डीपीओ अनुप कुजुर, सभी सीडीपीओ समेत सेविका, सहायिका व अन्य मौजूद थे।

## अवैध खनन को लेकर कार्रवाई करने गयी टीम पर हमला करने के चार आरोपी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस ने ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरियाडीह में गत दिन अवैध खनन को लेकर कार्रवाई करने गयी टीम पर हमला करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों में 33 वर्षीय दीपक साव पिता इंदर साव उर्फ इंदरदेव साव, 70 वर्षीय किशुन सिंह पिता स्व. भातु सिंह, 59 वर्षीय कपील तुरी पिता स्व. लालधारी तुरी, 20 वर्षीय सुरज कुमार पिता शरीफ तुरी सभी ग्राम गोरियाडीह ढाब निवासी शामिल हैं। इनके पास से बोलेरो वाहन सं. जेएच17डी4808 एवं उसपर तीन सीमेंट की बोरी में अवैध ग्रीन पत्थर भरा करीब 150 किलो बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 29 मार्च की रात्रि में ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरियाडीह जंगल में विक्की मेहता व प्रवीण मेहता ने कुछ ग्रामीणों के साथ गोरियाडीह जंगल में अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न कर मालवाहक गाड़ियों मे लोड कर तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई थी, सूचना पर पहुंची पुलिस के वाहन पर अपराधियों ने पथराव किया था। इस संबध में ढाब थाना कांड संख्या 02/25 दर्ज कर छानबीन शुरू की गयी। वहीं एसपी के निर्देशानुसार ढाब थाना प्रभारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में फरार चल रहे अभियुक्तों में सें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**खबर एक नजर में**

### जयनगर मुख्य बाजार में घर का पानी सड़क पर बहने से लोग झेल रहे परेशानी

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के मुख्य बाजार में घरों का पानी सड़क पर बहने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय होने के कारण प्रत्येक दिन इस रास्ते से झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों के विभिन्न प्रखंडों के लोगों का आवागमन होता है, जिस कारण सड़क पर पानी बहने के कारण आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि लोगों के द्वारा अपने-अपने घरों का पानी सड़क पर बहने के कारण सड़क के किनारे रहने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों ने कहा कि इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया परंतु आज तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण आज भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। वहीं लोगों ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय होने के कारण प्रत्येक दिन इस रास्ते से काफी संख्या में लोग आते जाते हैं। वहीं लोगों ने अतिशीघ्र प्रखंड प्रशासन से नाली निर्माण करवाने की मांग की ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना ना पड़े।

### केंद्रीय विद्यालय में मना पुस्तक उपहार उत्सव

**कोडरमा।** केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पुस्तक उपहार उत्सव मनाया गया। जिसमें उच्च वर्ग के छात्र-छात्राओं ने जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच अपनी पाठ्य पुस्तकों को उपहार स्वरूप भेंट किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केवीएस के प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं के बीच परस्पर स्नेह का भाव उत्पन्न होता है। वहीं उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय संगठन की अनूठी पहल है, जिसमें प्रत्येक वर्ष उच्च वर्ग के बच्चे अपनी पुरानी पुस्तकों को अपने से जूनियर वर्ग के बच्चों को उपहार स्वरूप भेंट करते हैं। वहीं पुस्तकालयाध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से जूनियर वर्ग के बच्चों को नई पुस्तकें खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ती है, साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा भी होती है। मौके पर मैत्री त्रिपाठी, सत्यनारायण वर्मा, ममता कुमारी, किरण कुमारी, गीता किरण, शिवानी सिंह, विक्रम, शिल्पी, अमित कुमार, रोजी, काजल, कमलेश कुमार, अमन वर्मा, आशीष कुमार, चंदन कुमार सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मी मौजूद थे।

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने ढोल बजाकर चिपकाया इश्तेहार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झांझीडीह गांव में नाबालिग लड़की से शादी का झांसा देकर यौन शोषण व षड्यंत्र रचने के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पुलिस ने ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने न्यायालय से जारी इश्तेहार को झांझीडीह गांव निवासी फरार अभियुक्त केदार यादव व उनकी पत्नी शिववती देवी के घर के अलावा गांव के मंदिर, बासोडीह बाजार के मुख्य चौराहा पर चिपकाया। इस दौरान पुलिस टीम ने ढोल बजवाकर पूरे गांव में यह संदेश दिया कि आरोपी को जल्द से जल्द अदालत में आत्मसमर्पण करना होगा, अन्यथा उसकी संपत्ति की कुर्की की जायेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में सनसनी फैल गयी और फरार अभियुक्त के परिजन सकते में आ गये। वहीं थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि थाना कांड संख्या 05/25 के इस गंभीर मामले में आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी, मगर वह पुलिस के हाथ नहीं लग सका। वहीं न्यायालय द्वारा जारी आदेश के बाद एसआइ रौशन कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल को उसके घर भेजा गया, जहां इश्तेहार चिपकाने के साथ-साथ परिजनों और ग्रामीणों को चेतावनी दी गयी कि अगर आरोपी शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करता है तो अगले चरण में घर की कुर्की की जायेगी। मौके पर एसआइ बृजनंदन प्रसाद यादव, एएसआइ दिनेश मुर्मू के अलावा पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### भव्य कव्वाली के आयोजन को लेकर बैठक



**बेरमो।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खेतको में उर्स मनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शब्बीर अंसारी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उर्स के मौके पर आगमी 23 अप्रैल को यहां कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें झारखंड तथा दूसरे राज्यों से आए कव्वालों द्वारा प्रस्तुत कव्वाली का लोग लुत्फ उठाएंगे। बैठक में कहा गया कि उर्स तथा कव्वाली को लेकर आयोजन समिति विभिन्न क्षेत्रों से धन इकट्ठा करेगी ताकि कव्वाली में होने वाले खर्च की पूर्ति की जा सके। साथ ही स्थानीय नौजवानों को विशेष तौर पर कव्वाली के आयोजन में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तैयारी करनी है। बैठक का संचालन सैन राजा ने किया। बैठक में हजरत बिलाल वारसी. मोहम्मद फरहाद, इबरार अंसारी, मो. दीवाना मुस्तफा अंसारी, मो. जलाल, जेनुल अंसारी, सलीम अंसारी, मो. सब्बीर, मो. खुर्शीद, मेहताब आलम, सहबाज अंसारी, मो. सनाउल्लाह, मो. नजीर, फिरोज, अब्दुल यूनुस, कुदरत, मुस्ताक, पप्पू, करीम मस्तान आदि उपस्थित थे।

## अवैध संबंधों के शक में तकरार के बाद विवाहिता की संदेहास्पद मौत

- **शादी के एक साल बाद ही टूटा भरोसा, छत से गिरने से गई जान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के ताराटाड़ मोहल्ले में गुरुवार की रात एक विवाहिता की रहस्यमयी परिस्थिति में मौत हो गई। पति पर अवैध संबंधों के शक को लेकर उपजा विवाद इस दुखद घटना का कारण बताया जा रहा है। मृतका की पहचान 21 वर्षीय चांदनी कुमारी के रूप में हुई है, जो पंकज कुमार की पत्नी थी। दोनों एक शादी समारोह से लौटकर करीब 11 बजे रात को घर पहुंचे, जिसके बाद घर की छत पर आपसी कहा-सुनी शुरू हुई। इसी दौरान चांदनी छत की रेलिंग से नीचे गिर गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग देर रात मौके पर पहुंचे। इसके बाद पति समेत घर के अन्य सदस्य पुलिस संरक्षण में थाने पहुंच गए। शुक्रवार सुबह थाना प्रभारी विनय कुमार मौके पर पहुंचे, घटनास्थल का मुआयना किया और लड़की के परिजनों से बातचीत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के मायके गुमो सतपुलिया के लोगों का कहना है कि चांदनी की शादी एक साल पहले हुई थी और शादी के बाद से ही पति के किसी अन्य महिला से संबंधों को लेकर विवाद होता था। कई बार पंचायत भी बैठाई गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। परिजनों के अनुसार पंकज देर रात मोबाइल पर घंटों बात करता था, जिसका विरोध चांदनी अक्सर करती थी। बीती रात भी शादी से लौटने के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि उसकी जान चली गई। मृतका का करीब डेढ़ महीने का एक बेटा भी है, जो अब मां की ममता से वंचित हो गया। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मामले को संदेहास्पद मानते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

### कौशल विकास आवासीय केंद्र की छात्रा की तबीयत बिगड़ी अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में चल रहा इलाज

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के पिछरी बस्ती नहर के किनारे संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय कौशल विकास केंद्र की एक छात्रा की तबीयत अचानक खराब हो जाने के बाद केंद्र के लोगों ने अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो लाया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। छात्रा की मां ने बताया कि बच्ची की अचानक तबीयत खराब हुई है जिसकी सूचना केंद्र के लोगों ने दी। जिसके बाद अस्पताल पहुंचकर उसकी देखरेख कर रहे हैं। छात्रा को देखने से प्रतीत हो रहा है कि कई महीनो से तबीयत खराब है। आवासीय केंद्र जो संचालित किया गया है उसकी कुव्यवस्था के कारण ही छात्रा की तबीयत खराब हुई है। मालूम हो कि इसके दो दिन पूर्व भी एक छात्रा की तबीयत खराब हुई थी, जिसका भी उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में कराया गया। केंद्र में लगभग डेढ़ सौ छात्रा को सिलाई एवं ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## 45 झारखंड बटालियन का विभिन्न जिलों से आये कैडेटों का प्रशिक्षण जारी

- **बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं अनुशासन देना, देश की जरूरत है : अरुण ओझा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** 45 झारखंड बटालियन के तत्वावधान में आयोजित झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 720 एनसीसी कैडेटों के 10 दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के दौरान शुक्रवार को आयोजित विधिक जागरूकता शिविर सह मोटिवेशनल स्पीच के मुख्य वक्ता अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आज बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं अनुशासन देना, देश की जरूरत है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं अनुशासन से ही समाज एवं राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव है।

उन्होंने कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं, आप सभी लक्ष्य निर्धारित करें फिर उस दिशा में कड़ी मेहनत कर उसे पाने का प्रयास करें, लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। वहीं श्री ओझा ने कहा कि परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है जो आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगी, आप सभी को ईमानदारी से मेहनत कर आगे बढ़ने की जरूरत है। सभी लड़के एवं लड़कियों को उचित शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम कर इसे जड़ से समाप्त करना हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। वहीं उन्होंने बाल श्रम एवं बाल तस्करी पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी।

मौके पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार (एसएम), सूबेदार मेजर 45 झारखंड बटालियन अरविंद कुमार, दिलीप कुमार सिंह, डीप्टी चयन कमांडेंट लेफ्टिनेंट संतोष कुमार सूबेदार, अलोक कुमार, सूबेदार सुदर्शन सरकार, सूबेदार बलविंदर सिंह, सूबेदार चंद्रहास कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## जीएस.पब्लिक स्कूल में बच्चों को आग पर काबू पाने का दिया गया प्रशिक्षण

- **प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने डेमो के माध्यम से आग फैलने व उसे रोकने के उपाय बताए**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल में दमकल विभाग ऑफिसर रामचंद्र महतो तथा उनके सहयोगी हेमंत कांडुल्ला के द्वारा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्रों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उप-निदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, को-ऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए को-ऑर्डिनेटर मो. इलियास के द्वारा मोमेंटो तथा पुष्प गुच्छ भेंट सम्मान स्वरूप दिये गये। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों के द्वारा डेमो के माध्यम से आग फैलने व उसे रोकने के उपाय बताए गए। बता दें कि फायर बिग्रेड का यह कार्यक्रम अग्नि सेवा सप्ताह के तहत किया गया। वहीं जिला अग्निशमन प्रभारी ने छात्रों को हर तरह से होने वाले आग पर काबू करने के उपाय बताए। वहीं उन्होंने कहा कि अचानक आग लगने से घबराना नहीं है। विवेक का इस्तेमाल करते हुए सही तरीके से हम आग पर काबू पाना चाहें तो यह मुश्किल कार्य नहीं है। वहीं विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न तरह के पोस्टर बनाए गए तथा बच्चों के बीच में आग पर कैसे काबू पाएं उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# कोडरमा प्रो-कबड्डी लीग प्रतियोगिता 22 से 24 अप्रैल तक

- **प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय सीएच स्कूल मैदान कबड्डी कोर्ट बनाने को लेकर तैयारियां शुरू**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** प्रो-कबड्डी लीग-वन की तैयारियों को लेकर झुमरीतिलैया के सीएच स्कूल मैदान में कबड्डी कॉर्ट व अन्य सुविधाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं कोडरमा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संदीप सिन्हा बंटी व सचिव धर्मेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी प्रथम कोडरमा प्रो कबड्डी लीग का आयोजन 22 से 24 अप्रैल के बीच स्थानीय सीएच स्कूल मैदान में दूधिया रोशनी में होना है, जिसको लेकर कबड्डी कोर्ट व खेल से जुड़े अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। साथ ही मैदान में जिले के साथ-साथ पूरे राज्य व देश के अलग-अलग जगहों से आने वाले अतिथियों के लिए करीब एक हजार लोगों की क्षमता वाले भव्य मंच, वीआइपी बॉक्स, प्रायोजकों के लिए टीम के साथ बैठने के लिए अलग व्यवस्था एवं खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, प्रतियोगिता के दौरान होने वाले अन्य आयोजनों के लिए अलग मंच आदि बनाया जाएगा। वहीं प्रो कबड्डी की तर्ज पर सभी जरूरी चीजों का ध्यान रखा जाएगा, जिससे खिलाड़ियों, अतिथियों एवं दर्शकों को किसी प्रकार से कोई दिक्कत न हो। साथ ही पूरे शहर के साथ-साथ पूरे सीएच स्कूल मैदान को प्रो कबड्डी लीग के बैनर से सजाया व आकर्षक बनाया जाएगा।

ज्ञात हो उक्त प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि अन्तरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी व सागर कुमार के साथ-साथ भारतीय कबड्डी टीम के कोच व द्रोणाचार्य पदक से सम्मानित बलवंत सिंह व प्रथम भारतीय महिला कबड्डी विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य विंध्यवासिनी कुमारी सिन्हा उपस्थित रहेंगी।

वहीं पूरी प्रतियोगिता में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमेन विपिन कुमार सिंह के साथ-साथ कई बड़े पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वहीं जिले के साथ-साथ राज्य के कई राजनेताओं, नामचीन हस्तियों व खिलाड़ियों को न्यौता भेजा गया है।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन कराने को लेकर संघ के सरंक्षक प्रमोद कुमार, सुनील जैन, लक्ष्मण यादव, अविनाश सेठ, उपाध्यक्ष तौफीक हुसैन, विकाश कुमार, संयुक्त सचिव विजय साहू, जय गोपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष सह टूर्नामेंट कमेटी चेयरमेन विशाल सिंह, दीपक कुमार, टेक्निकल हेड कुंदन राणा, धीरज पांडेय, राजू रंजन सिन्हा, अमित राय, सुनील साव, राहुल कुमार, नवाज दिलशान, आकाश कुमार आदि लगे हुए हैं।

## स्पीड न्यूज

### जारी प्रखंड के चार पल्लियों में मनाया गया गुड फ्राइडे का पर्व

**जारी।** जारी प्रखंड के चारों पल्लियों में खीस्तीय विश्वासियों ने गुड फ्राईडे का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा चारों पल्लियों में मिस्सा अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया। वहीं जरमाना पल्ली में फादर निरंजन एक्का, भिखमपुर पल्ली में फादर संदीप, पारसा पारिश में फादर अमित डांग, बारडीह पल्ली में फादर अजित केरकेट्टा ने मुख्य अधिष्ठाता के रूप में भूमिका निभायी। वही मिस्सा अनुष्ठान के बाद भिखमपुर के फादर ग्रेगोरी कुल्लू ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व हमलोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह पर्व ईशा मसीह के क्रूस पर चढ़ने की याद में मनाया जाता है। यह दिन क्रूस पर चढ़ने और बलिदान को याद करना है। मौके पर फा. पात्रिक मिंज, फा.अमृत कुजूर, फा.प्रदीप एक्का, फा.जोन टोप्पो, फा.प्रदीप एक्का, प्रेम प्रकाश इन्दवार, फा.अमृत कुजूर सहित सैकड़ों खीस्तीय विश्वासी उपस्थित थे।

### योग्य दंपति सर्वे 15 से 25 अप्रैल तक

**गुमला।** योग्य दंपति सर्वे 15 से 25 अप्रैल तक सभी गुमला जिला के सहियाओं द्वारा अपने-अपने ग्रामों में सर्वेक्षण किया जा रहा है। 26 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण के आंकड़ों को संकलन एवं अध्ययन कर प्रमाण स्तर पर इसका संधारण किया जाएगा। 18 से 49 वर्ष तक के सभी नव विवाहित दंपति तथा साथ में रहने वाले युवक-युवतियों के प्रजनन आवश्यकताओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सहिया बहनों द्वारा प्रपत्र अनुरूप सूचीबद्ध किया जा रहा है। सर्वेक्षण के समय भ्रमण के दौरान आवश्यकता एवं मांग के अनुसार सहिया बहनों या इच्छुक एवं योग्य दंपति महिला को विभिन्न सेवा दे रही है। अस्थाई विधि लेने वाले इच्छुक दंपति को पूर्ण परामर्श के पश्चात उनके द्वारा चुने गए उनके विधियों का लाभ चिकित्सा, एएनएम व सहिया बहनों के माध्यम से उपलब्ध किया जा रहा है। जिस ग्राम या शहरी क्षेत्र में तीन तथा तीन से अधिक बच्चे वाले योग दंपति की संख्या अधिक है या ग्राम परिवार नियोजन का काम प्रयोग किया जाता हो तथा जिस ग्राम में दो बच्चों के अंतर की संख्या ज्यादा हो वहां सूचीबद्ध कर उन्हें परामर्श देकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भेज रही है। सर्वेक्षण के दौरान सहिया बहनों के द्वारा प्रत्येक गांव में तीन संदेश का दिवाल लेखन तथा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

### भ्रष्टाचार विरोधी मंच की बैठक 19 को

**गुमला।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच गुमला की बैठक भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले तथा प्रयासरत लोगों को लेकर जिला मुख्यालय गुमला में 19 अप्रैल 2025 को दिन के 10 बजे से होगी। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ताओं को खासकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करने वाले लोगों को चिन्हित कर इस मोर्चे में शामिल किया जाएगा। जिले में भ्रष्टाचार विरोधी मंच की मजबूती तथा हर स्तर पर मंच का गठन हो इस पर मुख्य रूप से बातचीत की जाएगी। झारखंड में बेतहाशा भ्रष्टाचार को देखते हुए भ्रष्टाचार विरोधी मंच बनाई गई है। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भी भाग लेंगे। यह जानकारी झानद मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी है।

### लाठी डंडे से पीटकर अज्ञात लोगों ने की वृद्ध की हत्या, पुलिस जुटी जांच में

**लोहरदगा।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत बेटहट चोरटंगी टोला में गांव के ही रहने वाले एक वृद्ध व्यक्ति का खून से लथपथ शव बरामद हुआ है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर लाठी डंडे से पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान बेटहट चोरटंगी टोला निवासी 64 वर्षीय वरदान बाखला पिता स्व. इलियास बाखला के रूप में हुई है। घटना के बारे में मिली जानकारी अनुसार मृतक गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होने गया था और रातभर घर नहीं लौटा। जब सुबह हुई तो गांव के ही एक खेत में वरदान बाखला का खून से लथपथ शव को ग्रामीणों ने देखा और परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर, बगड़ू थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गए। मामले को लेकर परिजनों ने बगड़ू थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## गुड फ्राइडे पर संत पात्रिक गिरजाघर में मिस्सा का हुआ आयोजन

# मानवता के लिए प्रभु यीशू ने अपने प्राण त्यागे : बिशप लिनुस

- क्रूस रास्ता के दौरान घटित घटना का चरित्र चित्रण कर युवाओं ने प्रभु के प्रति आस्था को प्रगाढ़ किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**





क्रूस रास्ता का चरित्र चित्रण करता युवकों का दल एवं कार्यक्रम में शामिल धर्मविश्वासी

**गुमला।** चालीसा काल के पवित्र सप्ताह के तहत शुक्रवार को गुमला धर्मप्रांत सहित सभी 40 पल्लियों में श्रद्धा पूर्वक गुड फ्राइडे का पर्व मनाया गया। इस दौरान गिरजाघरों में पुरोहितों ने प्रार्थना करायी। वहीं मिशनरी समाज की धर्म बहनों ने अपने अपने संस्थानों में मिस्सा आराधना की। संत पात्रिक महागिरजाघर में शाम तीन बजे के बाद क्रूस रास्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभु खीस्त के साथ घटित घटना का युवाओं ने बखूबी चरित्र चित्रण किया। क्रूस रास्ता के दौरान घटित घटना का चरित्र चित्रण कर युवाओं ने प्रभु के प्रति आस्था को प्रगाढ़ किया। वहीं शाम को बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने पवित्र मिस्सा पूजा अनुष्ठान कराया। बिशप लिनुस पिंगल ने कहा कि गुड फ्राइडे ईसा मसीह की क्रूस पर बलिदान का त्योहार है। गुड फ्राइडे एक ऐसा दिन है जब ईसा मसीह ने धरती पर बढ़ रहे पाप के लिए बलिदान देकर निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया था। इस दिन ईसा मसीह ने उत्पीड़न और यातनाएं सहते हुए मानवता के लिए अपने प्राण त्याग दिए थे। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशू को विलातुस के राजा क्रूस लेकर पहाड़ तक ले गये। इस दौरान 14 पड़ाव पड़े। इन 14 पड़ाव के दौरान 14 धार्मिक घटनाएं घटी। उन्होंने कहा कि प्रभु ईसा मसीह प्रेम की पराकाष्ठा प्रस्तुत करते हुए इस धरा से बढ़ते पापों को समाप्त कर, धर्म की स्थापना के लिए उत्पीड़न और दर्द को सहकर शूली पर चढ़ गए। जिस दिन प्रभु ईसा मसीह शूली पर चढ़ाये गये थे, उस दिन फ्राइडे था। इसीलिए इसे कालांतर में गुड फ्राइडे के नाम से जाना गया। इस दौरान प्रभु यीशू के 14 पड़ाव को विश्वासयों द्वारा प्रभु यीशू के रूप में झांकी प्रस्तुत कर लोगों को यीशू के दुःख को दर्शाया। जिससे धर्मविश्वासियों ने ध्यान पूर्वक देख यीशु के अराधना को याद किये। मौके पर फादर मनोहर खोया, फादर फ्लोरेंस, फादर सुमंत, फादर अगस्टिन कुजूर, फादर मुनसून बिलुंग, फादर सिमोन, फादर कुलदीप खलखो, फादर अरविंद कुजूर, फादर अमृत, रंजीत मिंज, सिस्टर कुमुदिनी, सिस्टर अन्ना, सिस्टर फरीदा, सिस्टर निर्मला, सिस्टर अंजेला, सिस्टर ज्योति, सिस्टर प्रफुल्ला, सिस्टर अनूपमा, सिस्टर सोशन, सिस्टर ललिता, सिस्टर अल्का शाहिद भारी संख्या में धर्म विश्वासी उपस्थित थे।

## बालू के अवैध उठाव से जोलो नदी पुल के अस्तित्व पर मंडरा रहा है खतरा

- माफिया प्रतिदिन लगभग 80 ट्रैक्टर बालू का कर रहे हैं उठाव
- लंबे संघर्ष व जद्दोजहद के बाद जोलो नदी पर बना था करोड़ों की लागत से पुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के मुरकुंडा गांव के जोलो नदी पुल से बालू का अवैध उठाव बदस्तूर जारी है। बालू माफिया ने जोलो नदी पुल के नीचे से बालू का उठाव कर पुल के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। जिस गति से बालू का उठाव पुल के नीचे से किया जा रहा है आने वाले दिनों में करोड़ों रुपए से बना यह पुल क्षतिग्रस्त हो जाएगा और गुमला-बसिया मुख्य मार्ग पर आवागमन भी बाधित हो जाएगा। जोलो नदी पुल निर्माण के लिए क्षेत्र की जनता ने लंबा संघर्ष किया था। तब जाकर सरकार की स्वीकृति के बाद उसका निर्माण हुआ था। वर्तमान में बने पुल से पहले जोलो नदी में बना फुल बारिश के तेज बहाव में बह गया था और लोगों की आशाएं उस वक्त धराशाई हो गई थीं। लेकिन ग्रामीणों ने लगातार प्रयास व संघर्ष किया तब जाकर पुल का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। अब बालू माफिया बालू उठाव कर फिर से पुल के अस्तित्व को चुनौती दे रहे हैं। जोलो नदी पुल के नीचे से प्रतिदिन 70 से 80 ट्रैक्टर बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। जिसे रोकने की दिशा में ना तो प्रशासन सकारात्मक कार्रवाई कर रहा है और ना ही क्षेत्र के लोगों की ओर से कोई पहल हो रही है। जिला खनन टास्क फोर्स भी अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर रही। बालू के अवैध उठाव से सरकार को लाखों रुपए राजस्व का नुकसान हो ही रहा है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से करोड़ों का नुकसान होगा और क्षेत्र का विकास भी अवरुद्ध हो जाएगा। ऐसा नहीं है कि प्रशासन या पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन कार्रवाई नहीं होना लोगों को अचंभित करता है।

## भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेला में उमड़ रही है लोगों की भीड़




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहर के न्यू रोड स्थित लोहरदगा लॉज के सामने विगत 2 अप्रैल से भारतीय शिल्प क्राफ्ट मेला शुरू हुआ है। जो 27 अप्रैल तक चलेगा। मेले में खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस मेला के मैनेजर प्रदीप राठौर ने बताया कि मेले में महिला पुरुष के कपड़े, खादी के खास कपड़े, कुर्ता, राजस्थानी आचार, सिल्क साड़ी सहित किचन और श्रृंगार आदि के दुकान लगे हैं। जहां खरीददारी के लिए लोग पहुंच रहे हैं। हालांकि मौसम के बदलाव और बारिश से मेले के दुकानदारों को परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। प्रदीप राठौर ने बताया कि यह मेला 27 अप्रैल तक रहेगा। तब तक लोग अपनी पसंद की चीज मेले से खरीद सकते हैं।

## स्कूली विद्यार्थियों को दिया गया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभागार में झारखंड अग्निशमन सेवा लोहरदगा जिला के अधिकारियों के द्वारा फायर सेफ्टी उपकरणों का प्रदर्शन, आपात स्थिति में बचाव के तरीके सिखाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, अग्निशमन के अधिकारी रामाधार मुंडा, स्टेशन ऑफीसर्स मनीष कुमार शर्मा, सुनील बेसरा, राजीव सिंह उपस्थित थे। भैया-बहनों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया। आग लगने से सबसे पहले बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। ज्वलनशील वस्तुओं को सुरक्षित रखने और शॉर्ट सर्किट से बचने के भी उपाय बताए गए। फायर एक्सटिंग्विशर, वाटर हाइड्रेट और सेंड बकेट जैसे उपकरणों का आग बुझा कर प्रदर्शन किया गया।

अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करना चाहिए। विद्यालय, कार्यालय या घर में फायर अलार्म और सुरक्षित निकास मार्ग की जानकारी जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि अग्नि समाज सेवा सप्ताह का उद्देश्य आग से बचाव की तकनीक सीखना और लोगों को सतर्क बनाना। उन्होंने भैया-बहनों से अपने आसपास के अन्य लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की।

कार्यक्रम में कक्षा षष्ठ से दशम तक के विद्यार्थी, आचार्यगण एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## तालाब में डूबे वृद्ध के शव की तलाश जारी, एनडीआरएफ टीम का इंतजार



- शुक्रवार को दिन के 3 बजे तक पुलिस को नहीं मिला भिखुवा का शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कुगांव ग्राम में तालाब में डूबे भिखुवा उरांव के शव को खोजने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। वहीं पुलिस प्रशासन शुक्रवार को दिन के 10 से समाचार भेजे जाने तक शव खोजने का प्रयास करते रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा मछली मारने वाले मछुआरे के प्रयास से जाल फेंक कर शव खोजने का प्रयास तालाब में किया गया। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। परिजन आस लगाए बैठे हुए हैं कि भिखुवा का शव मिल पाए। कठिन प्रयास के बाद भी कोई नतीजा सामने नहीं आया है। वहीं पुलिस प्रशासन एनडीआरएफ की टीम बुलाने को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि घटनास्थल पर ही पुलिस प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही एनडीआरएफ की टीम को भी मेल के माध्यम से और दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई है। जल्द ही एनडीआरएफ टीम पहुंचेगी।

### वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में अभियान चलाने का निर्णय

**बेरमो।** वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में बेरमो कोयलांचल में राजनीतिक सामाजिक संगठनो और नागरिक मंच के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर संशोधन वापसी तक संघर्ष किया जाएगा, यह फैसला सामाजिक नागरिक संगठनों की आज परमवीर अब्दुल हामिद स्मृति भवन शोमुवा कार्यालय में हुई बैठक लिया गया कई निर्णय। बैठक की अध्यक्षता विकास सिंह ने की, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य भूनेश्वर केवट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ कानून में किया गया संशोधन संविधान की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने इसे धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बताते हुए कहा कि यह कानून न्यायिक सिद्धांतों को कुचलता है और जनविरोधी है। भूनेश्वर केवट ने कहा कि जनता को वक्फ कानून के विषय में पर्याप्त जानकारी नहीं है, इसलिए आवश्यक है कि समाज को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि नागरिक मंच के बैनर तले एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोकतांत्रिक व संवैधानिक तरीके से इस कानून का विरोध किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विकास सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) कानून 2025 न केवल धार्मिक संस्थाओं पर आघात करता है, बल्कि अल्पसंख्यकों की आत्मनिर्णय और स्वायत्तता की भावना को भी दबाता है। बैठक में मिनहाज मंजर, शेर मोहम्मद, पीर बक्स, मोहम्मद रज्जाक अंसारी, तजमूल अंसारी समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के महासचिव का वक्तव्य पार्टी विरोधी : आलोक साहू

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक के लोहरदगा अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने पूर्व राज्यसभा सांसद एवं छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के महासचिव के द्वारा इंटक यूनियन के खिलाफ दिया गया बयान को पार्टी विरोधी बयान बताते हुए इसकी कड़ी शब्दों में निंदा की है। आलोक कुमार साहू ने कहा कि छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के महासचिव को इंटक यूनियन के संबंध में जानकारी का अभाव है। 1947 में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने इसकी स्थापना की थी। इंटक यूनियन संगठन पूरे राष्ट्र स्तर पर है और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन से इंटक की संबद्धता है। छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन की बात है तो यह सिर्फ लोहरदगा तक सीमित है तथा यह असली इंटक भी नहीं है। अगर असली इंटक है तो इसको प्रमाणित करें। न्यायालय ने भी ददई दुबे के गुट वाले मजदूर संगठन के दावे को खारिज कर दिया है। इंटक यूनियन का लोहरदगा में गठन होने से यूनियन महासचिव को इतनी बौखलाहट क्यों है खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है जबकि दुबे गुट वाला मजदूर संगठन ही लोहरदगा में फर्जी संगठन है, जिसका इंटक यूनियन से कोई लेना-देना नहीं है। संगठन महासचिव ही मजदूरों को गुमराह कर रहे हैं। महासचिव को जानकारी नहीं है कि इंटक यूनियन ही असली यूनियन है। झारखंड में झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने विगत 27 मार्च 2025 को पुराने विधानसभा रांची में संगठन सृजन 2025 मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने इंटक यूनियन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया था। जिसमें मैं स्वयं शामिल हुआ था और मुझे वहीं अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र मिला था।

## आज भी नहीं बदली कई गांवों की तस्वीर, उबड़-खाबड़ सड़क है गांव की पहचान

- लोग झरना, तालाब और चुंआ का पानी पीने को हैं विवश, घाघरा प्रखंड के हडडूबा, पीढ़हा पत्थल, भैंस बथान, घुंघरूपाट, बीरोपानी में नहीं है सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** किसको सुनाऊं हाल दिले बेकरार का बुझता हुआ चिराग हूं अपने मजार का... यह गीत उन ग्रामीण क्षेत्र की जनता पर सटीक बैठती है। जहां आजादी के वर्षों बाद भी ग्रामीण पानी, बिजली व सड़क के लिए बेहाल हैं। परिस्थिति तो यह है कि कई गांवों के लोग अब भी अपनी प्यास चुंआ से बुझाते हैं और अपना दर्द भी बयां नहीं कर पाते हैं। क्योंकि उनके दर्द पर मरहम लगाने वाले नेता दिखलाई ही नहीं पड़ते हैं। घाघरा प्रखंड के हडडूबा, पीढ़हा पत्थल, भैंस बथान, घुंघरूपाट, बीरोपानी आदि कई ऐसे गांव हैं जहां के ग्रामीण आज भी चुंआ या नदियों का पानी पेयजल के लिए इस्तेमाल करते हैं। यही नहीं, इन गांवों तक जाने के लिए मात्र पथरीला रास्ता ही सहारा है।

ऐसे में ग्रामीणों के जीवन की परिकल्पना आप स्वयं लगा सकते हैं कि वे कितने बदतर हालत में जीवन का जंग लड़ रहे हैं। चुनाव आने पर ग्रामीणों की उम्मीद जाग उठती है कि अब उनके गांव में नेता आएंगे और उनके गांव का कायाकल्प होगा। लेकिन चुनाव आने व खत्म होने के बाद उनकी उम्मीदें धाराशायी हो जाती हैं। क्योंकि उसके बाद गांव की न तो तस्वीर बदलती है और न ही हालत।

लगातार चार बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्री चमरा लिंडा भी इन गांवों का कायाकल्प नहीं कर पाये। ऐसे में नेताओं की कार्यशैली ग्रामीणों को आक्रोशित बना देती है। गांव की स्थिति का आकलन करने के बद यह सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गांवों में रोजगार की क्या व्यवस्था होगी।

ऐसे गांवों से लोग दूसरे राज्य रोजगार की तलाश में पलायन कर जाते हैं और शायद वापस गांव की ओर रुख करना भी नहीं चाहते हैं। क्योंकि वे बाहर काम करने जाते हैं और बड़े शहरों के चकाचौंध में घूल-मिल जाते हैं। ग्रामीण परिवेश का जीवन उन्हें फिर नहीं भाता है।

हालांकि बाहर जाने वाले लोग हमेशा शोषण के शिकार होते हैं परंतु गांव की व्यवस्था से उन्हें शहर का शोषण ही भाने लगता है। आखिर आजादी के इतने लंबे दिनों बाद भी गांवों का विकास नहीं होना सवालिया निशान खड़ा करता है। विकास नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों का जीवन स्तर तो बदतर रहा ही। क्षेत्र भी नक्सलियों के शिंकजे में फंस रहा जिससे लोगों के जीवन में दोहरी मार पड़ रही थी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का करें निष्पादन : पीडीजे

- 3 मई को विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर और 10 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पीडीजे ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झालसा, रांची के निर्देशानुसार 3 मई 2025 को आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर और 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सीजेएम केके मिश्रा, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीओ अमित कुमार, सिविल सर्जन डा. शंभूनाथ चौधरी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, डीपीआरओ शिवनंदन बड़ाइक, नगर प्रशासक मुक्ति किंडो, जेलर सुबोध कुमार, हिंडाल्को के सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भवन विभाग रामपद हंसदा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन करने की बात कही। साथ ही पक्षकारों को नोटिस भेजने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित नवनिर्मित न्यायालय भवन का जायजा लिया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर तैयारी जोरों पर है। डालसा लोहरदगा में प्रतिनियुक्त पीएलवी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## सांसद ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** कुडू के कांग्रेस नेता जलील खान की पत्नी का निधन हो गया है। जिसकी सूचना मिलने पर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट की। शोक व्यक्त करने वालों में सुदीप तिग्गा, फूलदेव उरांव सदस्य जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति लोहरदगा, महताब आलम उर्फ गुड्डू भी शामिल थे। इधर मांडर विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि सीताराम भगत की पत्नी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया।

जानकारी मिलते ही लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ रातू आवास पहुंचकर पार्थिव शरीर को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा सीताराम भगत एवं अन्य शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट की। वहीं मांडर के कांग्रेस नेता मनोहर साहू के पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनके आवास मांडर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट की।

## आदिवासी विधवा महिला को मिला अंबेडकर आवास

# स्वयंसेवक ने 65,000 का किया गबन

खबर मंत्र संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना, अंबेडकर आवास, अबुआ आवास योजना में लाभुकों से स्वयंसेवक द्वारा बीपीएम एवं बीडीओ के नाम पर जमकर पैसे उगाही का मामला बराबर प्रकाश में आ रहा है। बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम निवासी ललिता देवी पति स्वर्गीय निरालाल उरांव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा मुझे अंबेडकर आवास मिला था। 19 अक्टूबर 2023 को पहला किस्त मेरे खाता संख्या 357655 77331 में 40000 आया। पीएम आवास के स्वयंसेवक वीरेंद्र प्रजापति पिता मोदी प्रजापति ग्राम बालू ने मेरे घर जाकर पहली किस्त आने की जानकारी दी और मुझे आराहरा गांव ले गया जहां सीएसपी संचालक मनोहर सिंह के यहां ले जाकर हमसे अंगूठा लगवाया और मुझे 20000 देकर भेज दिया। दिनांक 13 नवंबर 2023 को दूसरा किस्त पचासी हजार रुपए आया। 14 नवंबर 2023 को मुझे फिर से मनोहर सिंह के सीएसपी में ले जाकर वीरेंद्र प्रजापति ने अंगूठा लगवाकर 85000 निकलवाया और मुझे 40,000 देकर मुझे जाने को कहा। मेरे द्वारा पूछे जाने पर की अभी तक मुझे 60,000 ही मिला है बाकी पैसा का क्या होगा तो उसके द्वारा कहा गया कि पीएम आवास के बीपीएम व बालूमाथ बीडीओ को घूस देना पड़ता है। इसलिए बाकी का पैसा हम रख लिए हैं।

उन लोगों को दे देंगे मेरे द्वारा विरोध करने पर कहा कि जितना भी आवास बन रहा है सभी आवास में हम लोग बीपीएम एवं बीडीओ के आदेश पर पैसा लेते हैं जहां जाना है जा सकती हो। उन्होंने आवेदन में कहा है कि मैं आदिवासी विधवा महिला हूं। वीरेंद्र प्रजापति द्वारा हमसे मेरे आवास का पैसा ठगी कर लिया गया है। इसलिए मुझे न्याय दिलाया जाये। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी। ज्ञात हो कि बालूमाथ प्रखंड के बालू ग्राम के दर्जनों लाभुकों के साथ वीरेंद्र प्रजापति द्वारा पैसा लेने का आरोप लग चुका है।


महिला को मिला आवास।

## लातेहार में झामुमो संगठन को नई मजबूती, बैद्यनाथ राम और अरुण कुमार दुबे बने केंद्रीय समिति सदस्य


बैद्यनाथ राम।


अरुण दुबे।


मो.मुस्तकीम।

खबर मंत्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में संगठन को सशक्त करने के लिए लातेहार जिले में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिले के समर्पित नेता पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, अरुण कुमार दुबे और मो.मुस्तकीम को झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य मनोनीत किया गया। इनके साथ ही पपन खान, सुदामा प्रसाद, राजेंद्र लोहार, ममता सिंह और नागदेव उरांव को भी केंद्रीय समिति सदस्य का दायित्व सौंपा गया। इनके नियुक्ति की सूचना मिलते ही झामुमो कार्यकर्ताओं और जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है। संगठन के नेताओं ने बधाइयों के साथ अपनी शुभकामनायें भी दीं। झामुमो के बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, अरुण दुबे और मो.मुस्तकीम की नियुक्ति संगठन के लिए ऊर्जा का काम करेगी। हम सब उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इनके नेतृत्व में हर वर्ग का विकास संभव होगा। वहीं अरुण सिंह खरवार ने कहा कि इन्होंने हमेशा समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के लिए काम किया है। उनकी नई भूमिका से जिले में विकास की रफ्तार बढ़ेगी। इनके अलावा देवनाथ सिंह, महबूब आलम, सुप्रियन मिंज, महेंद्र प्रजापति, अमीर खान, रितेश गुप्ता और मुनेश्वर उरांव समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत


महिला के शव को उठाते थाना प्रभारी।

खबर मंत्र संवाददाता

लातेहार। शहर के समाहरणालय गेट के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान सोहती देवी (गोवा) 55 वर्ष पति जगनारायण सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोहती अपने दामाद मनोज कुमार सिंह के साथ टीवीएस कंपनी के मोपेड वाहन से नया कपड़ा बदलने दुकान आ रही थी। इसी दौरान सड़क में अनियंत्रित होकर गिर गई। एक ही दिशा से आ रही बोरिंग वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर JH02BD1491 ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। दर्दनाक इतनी जबरदस्त थी कि महिला का सिर पूरी तरह पिस गई। पर्याप्त जानकारी के अनुसार महिला सब्जी मार्केट में सब्जी बेचने का काम करती थी। घटना के सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े दल बल के साथ मौके पर पहुंची और उन्होंने खुद महिला का क्षत विक्षत शव उठाया और एंबुलेंस से सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तत्पश्चात अग्रतार कार्रवाई में जुट गई है। उन्होंने बताया कि बोरिंग ट्रक वाहन जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पवित्र क्रुस रास्ता के साथ गुड फ्राइडे मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड़। महुआडांड़ के बड़े चर्च संत जोसेफ पारिश सहित प्रखंड के साले, पकरीपाठ, चीरोपाठ, चेतमा, दुन्दुटोली चर्च में गुड फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। चर्च शुरू होने से पूर्व ईसाई समुदाय के लोगों द्वारा पवित्र क्रुस रास्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभु यीशु के मरण काल को याद कर 14 स्थानों पर क्रुस के साथ यात्रा कर उसके दुःख भोग को याद किया गया। दुःखभोग के मरण याद करते हुए युवा संघ के द्वारा प्रभु यीशु के मरण की झांकी प्रस्तुत किया गया। क्रुस रास्ता के बाद मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर ने बताया कि आज जब हम पुण्य शुक्रवार को मना रहे हैं। हमें अपना ध्यान क्रुस की ओर केंद्रित करें। जिस पर संसार के मुक्तिदाता टंगे थे। क्रुस पर दुःख सहकर प्रभु हमें दुःख तकलीफ सहने के ख्रीस्तीय अर्थ को समझाते हैं। ख्रीस्तीय दृष्टिकोण से कष्ट प्रभु के दुःखभोग के सहभागी बनने का प्रतीक है। इसी कारण कष्ट सहना पुण्य प्रद माना जाता है। प्रभु की प्राणपीड़ा मानवजाति के प्रति उनके प्रेम का प्रतीक और प्रमाण है। उन्होंने स्वयं कहा था। इस से बड़ा प्रेम किसी का नहीं कि कोई अपने मित्रों के लिए अपने प्राण अर्पित कर दें वे सबसे इतना प्यार करते थे कि उन्होंने उन सभी लोगों को क्रुस पर से ही माफ किया। जिन्होंने उन्हें क्रुस उठाने के लिए मजबूर किया था। आज के विशेष प्रार्थना में सभी पल्ली वासी के साथ सभी फादर, सिस्टर ने भाग लिया। आज पुण्य शुक्रवार को प्रार्थना पांच भाग में हुए।


क्रुस रास्ता करते, क्रुस विनीत करते विश्वासी।

**सेवा का संदेश देता है गुड फ्राइडे : फादर सुरेश**

महुआडांड़ प्रखंड में शुक्रवार को गुड फ्राइडे को लेकर महुआडांड़ पल्ली पुरोहित फादर सुरेश किंडो ने बताया कि इस दिन को याद करते हुए प्रभु येशु के दुःख भोग के घड़ी और उसके मार्च को याद कर कलवारी पहाड़ की यात्रा का स्मरण कर प्रार्थना किया जाता है। गुड फ्राइडे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु ने क्रुस पर अपने प्राण देकर हम सभी के गुनाहों का बोझ उठा लिया। पर आज आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करें और मानवता की सेवा करें। घरों में परिवार के साथ रह कर ही प्रभु येशु के बलिदान को याद कर उसके बताते रास्ते में चलने की कोशिश कर प्रेम भाईचारे से अपने पड़ोस और समाज के साथ रहे। फादर रोशन केरकेट्टा के साथ युवा संघ के नेतृत्व में क्रुस रास्ता का आयोजन किया गया। जिसमें पल्ली के युवक युवतियों के द्वारा सफल संचालन किया गया।

## कामता-सड़क निर्माण कार्य को बाधित करने का आरोप


ग्रामीण द्वारा न्याय की गुहार लगायी गई।

चंदवा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कामता से सेरक तक लगभग 12.5 किलो मीटर विशेष मरम्मती कार्य में बाधा डालने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने मामले को लेकर अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के नाम आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है व बताया है कि सेरक गांव के हैदर अंसारी पिता तजमुल अंसारी ने अपने घर के सामने से लेकर तालाब तक निमार्णाधीन सड़क का काली कारण नहीं होने दिया जा रहा है। सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। सड़क निर्माण को पूर्ण कराने में सहयोग की भी अपील प्रशासन से की गई है साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि थाना प्रभारी को भी दिए जाने की बात मुखिया ने कही है। विदित हो कि उक्त सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास जनवरी 2024 हुआ था, जिसके बाद काम काफी शिथिल गति से चल रहा है, स्टोन चिप्स बिछाए जाने के बाद लगभग 6 माह बीत जाने के बाद भी काम अधूरा है, जिस कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

## विद्यालय का पाठशाला का ताला तोड़कर चोरी



चंदवा। शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालयों में भी चोरी की बुरी नजर है। सरकारी विद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों को दोपहर में मिलने वाले मध्यान भोजन बनाने के प्रयुक्त होने वाले सामग्री, राशन आदि सामानों की चोरी की घटना लगातार सामने आ रही है। ताजा मामला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सुकलकट्टा से आया है जहां गुरुवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने विद्यालय के पाक शाला का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर व बर्तन आदि सामानों की चोरी कर ली। शुक्रवार की सुबह पाक शाला के दरवाजे का ताला टूटा देखा तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंचम यादव को दी, जिसके बाद वे विद्यालय पहुंचे। मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभागीय अधिकारियों को सूचना दिए जाने की बात कही गई है।

## पुलिस ने लापता महिला को स्वजनों से मिलाया


पुलिस ने महिला को स्वजनों से मिलाया।

महुआडांड़। महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा पंचायत के ग्राम चिरोपाठ की रहने वाली एक किशोरी को महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ही दो अन्य लड़कियों के साथ वर्ष 2017 में घरेलू काम के लिए दिल्ली भेजा था। जहां सुनीता मुरमुरीन पति बृजकिशोर सिंह के घर पर घरेलू कामगार प्लेसमेंट ऑफिस भेजा। जहां से एक लड़की बीमार होकर वापस लौट आई लेकिन अन्य लड़कियां वही काम किया लेकिन मजदूरी नहीं मिलने पर वर्ष 2018 में वहां से भाग गई। जिसके बाद से स्वजनों से भी पूरी तरह संपर्क टूट चुका था। जिसके बाद किशोरी के मां के द्वारा वर्ष 2023 में महुआडांड़ थाना में बेटी की लापता होने का मामला दर्ज कराया। जिस पर महुआडांड़ पुलिस ने एस आई टी की टीम बनाकर केस का अनुसंधान जारी किया। इस दौरान लातेहार साइबर सेल की मदद से पता चला कि लापता युवती के आधार कार्ड से एक सिम लिया गया था। जिसे आधार बनाते हुए खोजबीन शुरू की गई और 13 अप्रैल 2025 को दिल्ली के रूपनगर थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट से महिला को रेस्क्यू किया, और महुआडांड़ थाना लाकर स्वजनों को सौंपा। इस एस आई टी टीम में इंस्पेक्टर पीर मोहम्मद, थाना प्रभारी इंद्रदेव रजवार, महिला थाना प्रभारी सुशीला केसरी, समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## एसबीआइ महुआडांड़ में कैश की भारी किल्लत

महुआडांड़। प्रखंड के एक मात्र भारतीय स्टेट बैंक में पिछले कुछ दिनों से कैश की भारी किल्लत हो गई है। ग्राहक सेवा केन्द्र के भरोसे ग्रामीण पैसे का लेन देन कर जबरदस्ती मजबूरी में काम चला रहे है। इन दिनों ईसाई समुदाय के महत्वपूर्ण त्यौहार ईस्टर पास्का पर्व है। साथ ही साथ सभी वर्ग का शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है। इसके अतिरिक्त बच्चों के नामांकन किताब कॉपी के लिए भी पैसे की अति आवश्यकता है। ऐसे में बैंक में पैसे की कमी से ग्राहकों की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही। जबकि अपने पैसे बैंक में होने के बाद भी सूद ब्याज के अलावे सेठ महाजन से उधारी लेकर ग्राहक किसी तरह अपना काम चला रहे है। वही अन्य निजी बैंक का भी हाल बेहाल है। ग्राहकों ने बताया की कई सप्ताह से बैंक में पैसे की भारी किल्लत है। वही इस संबंध में बैंक कर्मचारी ने बताया की पैसा जमा होने के बाद दिया जाएगा।

## शराब दुकान के कर्मियों को 6 माह से वेतन नहीं जबरन हटाये जाने पर विरोध में दुकान बंद करायी


विरोध में उतरे कर्मी।

खबर मंत्र संवाददाता

लातेहार। जिले में शराब दुकान बंद विरोध में उतरे कर्मी लातेहार जिले के सभी 23 शराब दुकानों में सुबह दस बजे से ताला बंद कर दुकान इंचार्ज और सहायक कर्मी दुकान के बाहर विरोध कर रहे हैं इंचार्ज और सहायक कर्मियों का कहना है कि मल्टी स्पेशलिस्ट कंपनी के द्वारा पहले तो 6 माह से वेतन नहीं दे रहा है इसके बाद अब एक-एक कर शराब दुकान में काम कर रहे हैं सहायक और इंचार्ज को हटाने की योजना पर कार्य कर रही है। जिसका हम विरोध करते हैं हम प्रशासन से मांग करते हैं कि इसमें हस्तक्षेप करें और हमारा 6 माह का मानदेय दिलाने का प्रयास करें। वही शराब दुकान के कर्मियों ने बताया कि शुक्रवार को कंपनी के कुछ लोग आये और उनसे दुकान को हैंड ओवर करने को कहा। इस पर दुकानदारों ने उन्हें कहा कि कंपनी उन्हें ऐसे कैसे हटा सकती है। यह नियमावली के खिलाफ है। एक तो कंपनी ने पिछले छह माह से मानदेय नहीं दिया है। उन्होंने आगे बताया कि आजीविका चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई व पठन पाठन के साथ घर की सामग्री खरीदने में मुश्किलें आ रही है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। अब कंपनी उन्हें बिना किसी कारण बताये ही दुकानों से जबरन हटाना चाह रही है। जरूरत पड़ी तो अदालत में जायेंगे। आगे कहा क मानदेय भुगतान के बारे में जब मुख्य कॉ-आर्डिनेटर मनोज यादव से बातचीत की जाती है तो उनके द्वारा मानदेय नहीं देने और नौकरी से निकाल दिये जाने की धमकी मिलती है। उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी के आश्वासन के बाद शराब दुकान के प्रभारी व सहायकों ने अपने अपने दुकान खोल दिये हैं। दुकान के कर्मियों को शीघ्र ही उनका बकाया मानदेय भुगतान का भरोसा उत्पाद अधीक्षक ने दिया। कर्मचारियों ने दुकान का चार्ज नहीं देने की शर्त पर अपने अपने दुकानों को खोल दिया।

## मो. आरिज तमीम का रहमानी 30 में चयन लातेहार जिला व क्षेत्र का नाम किया रोशन



होनहार छात्र मो. आरिज तमीम।

खबर मंत्र संवाददाता

बरवाडीह। शिक्षा के क्षेत्र में लातेहार जिले के लिए गर्व का क्षण आया है। बरवाडीह प्रखंड के ग्राम खुरा अंतर्गत मस्जिद मोहल्ला निवासी मोहम्मद आरिज तमीम, पिता गुलाम अनवर ने प्रतिष्ठित रहमानी 30 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यह परीक्षा देश के उन होनहार छात्रों के लिए आयोजित होती है, जो जेईई (इंजीनियरिंग) जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी करने का सपना देखते हैं। चयनित छात्रों को रहमानी 30 संस्थान द्वारा मुफ्त आवासीय कोचिंग दी जाती है।

**संकल्प, संघर्ष और सफलता की मिसाल बना आरिज**

मोहम्मद आरिज तमीम ने सेंट क्लारेट स्कूल, बरवाडीह (आइसीएसई बोर्ड) से कक्षा 10वीं की पढ़ाई पूरी की है। उनके पिता गुलाम अनवर पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक) के रूप में कार्यरत हैं। आर्थिक संसाधनों की सीमितता के बावजूद वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिदिन 30 किलोमीटर का सफर तय कर विद्यालय पहुंचते हैं। उनकी माता राबिया बसरी एक गृहिणी हैं, जिन्होंने हर परिस्थिति में अपने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

**परिवार में शिक्षा का उजियारा**

आरिज के परिवार में बड़ी बहन तस्मिया तहरीम, जिन्होंने आईएससी की परीक्षा दी है और छोटा भाई मोहम्मद शारिक तमीम भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रतिबद्ध है। क्षेत्र में खुशी की लहर, समाज ने दी बधाई मोहम्मद आरिज की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके माता-पिता बल्कि पूरे खुरा गांव और बरवाडीह प्रखंड में खुशी का माहौल है। सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें इस सफलता के लिए बधाई दी है। सपनों को उड़ान देने वाली कहानी इस सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अगर संकल्प मजबूत हो, तो परिस्थितियाँ भी रास्ता छोड़ देती हैं। मोहम्मद आरिज तमीम की कहानी उन तमाम ग्रामीण छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो कठिनाइयों के बावजूद बड़ा सपना देखते हैं।

## मवेशियों से भरा कंटेनर पकड़ाया, एक गिरफ्तार


मवेशियों से भरा कंटेनर।

लातेहार। सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार सुबह करीब दस बजे मवेशी से लदा कंटेनर को वाहन समेत जप्त किया है। इसमें 37 मवेशी लदे थे। जिनमें 36 बैल व एक गाय शामिल है। दरअसल पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी समय शहर से सटे होटवाग के समीप पहाड़ी ढाबा के पास पुलिस ने एक कंटेनर को आते देखा। पुलिस ने उसे रोक कर जांच की तो उसमें मवेशी कंटेनर में लगा हुआ मिला। पुलिस ने वाहन चालक से लदे पशुओं की कागजातों की मांग की तो वाहन चालक प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर वाहन चालक विनय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वाहन यूपी की है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यू82इट 1119 है। वाहन चलक ने बताया कि पलामू के सतरबवा से मवेशियों को लाद कर रांची जा रहा था। सभी मवेशी को कंटेनर से मुक्त किया। पुलिस ने बताया कि मामला को तस्कर का है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जेएलकेएम लातेहार युवा जिला कमेटी का हुआ विस्तार, निशांत बने अध्यक्ष


निशांत यादव।

खबर मंत्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने लातेहार युवा जिला कमेटी का विस्तार किया है। सर्वसम्मति से निशांत यादव को युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया। जबकि रवींद्र सिंह को सचिव, सुनील कुमार सिंह और दिनेश कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया। बहादुर भोक्ता और चंद्रदेव सिंह को सह सचिव, रंजय कुमार को कोषाध्यक्ष, अमरेश सिंह को महामंत्री, नितेश यादव को मीडिया प्रभारी और विश्वास कुमार को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। वहीं अनिल कुमार को लातेहार एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाया गया। कुलदीप नायक को महुआडांड़ के प्रखंड अध्यक्ष और प्रेम शंकर पांडेय को प्रखंड सचिव नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को 15 दिन के भीतर जिला युवा मोर्चा, एससी मोर्चा, प्रखंड और पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार का निर्देश दिया गया है। नवनिर्वाचित युवा जिला अध्यक्ष निशांत यादव ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जेएलकेएम ही झारखंड की एकमात्र पार्टी है, जो युवाओं के हक और अधिकार की बात कर रही है।

# बाल संसद विद्यालय विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी: विकाश

**उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमारो, माल्हन एवं ढोटी में हुआ बाल संसद का चुनाव | पूरी लोकतांत्रिक विधि से किया गया चुनाव बच्चों ने सीखी मतदान करने की प्रक्रिया**

खबर मंत्र संवाददाता

चंदवा। बाल संसद विद्यालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है, बच्चों के माध्यम से विद्यालय में संचालित कार्यक्रम की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बाल संसद का गठन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिससे बच्चों में नेतृत्व की क्षमता विकसित होती है। उक्त बातें विकास कुमार ने कही। लातेहार जिले के सुदूर क्षेत्र में स्थित संकुल संसाधन केंद्र कामी में बच्चों ने बाल संसद के प्रक्रिया के तहत पूरी लोकतांत्रिक विधि का पालन करते हुए किए जा रहे चुनाव में बतौर पर्यवेक्षक के रूप में संकुल साधन सेवी विकास कुमार शामिल थे। दौरान जिला शिक्षा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि शंकर उरांव क्षेत्रीय समन्वयक संजीत कुमार जिला समन्वयक संजय उरांव शामिल हुए व चुनावी प्रक्रिया के बाद बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में पहली बार पूरी लोकतांत्रिक विधि से बाल संसद का गठन किया गया है, बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होने से भविष्य में उनके व्यक्तित्व का विकास होता है वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय के माध्यम से बच्चे आने वाले भविष्य में चुनावी समाज को सीख सकते हैं। मौके पर उपस्थित चुनावी पर्यवेक्षक संकुल साधन से भी विकास कुमार ने कहा बच्चों के अंदर चुनावी समझ विकसित हो इसके लिए गूगल लिंक के माध्यम से फोटो युक्त उम्मीदवार का नाम दिया गया कक्षवाणीगत पद के लिए उ म वि डुमारो से 11 प्रतिभागी, उमवि माल्हन से 5 और उमविढोटी से 2 उम्मीदवार ने पर्चा भरा था। चुनाव में बच्चे अपने पसंदीदा उम्मीदवार के सामने टिक कर रहे थे कक्षा-छात्राओं ने काफी उत्सुकता के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया कइस चुनाव प्रक्रिया में पोलिंग ऑफिसर एवं पीठासीन पदाधिकारी के रूप में विद्यालय से कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को नियुक्त किया गया था। चुनावी प्रकिया संपन्न होने के उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में मतगणना कार्य प्रारंभ हुआ। उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमारो से कुणाल खरवार अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रितिका कुमारी से 12 मत अधिक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय माल्हन से प्रतिमा कुमारी अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आफरीन प्रवीण से 48 मत अधिक एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढोटी से मूर्ति कुमारी अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सूरज गंझू से 56 मत अधिक ला कर विजय घोषित किया गयाक चयनित उम्मीदवार अगले कार्य दिवस में अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया जाएगा कइस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


विद्यालय के द्वारा मतदान, चुनाव की प्रक्रिया सीखते हुए।

## मोटरसाइकिल से पेड़ में मारी टक्कर, मौत

बालूमाथ। बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर शुक्रवार को बारियातू थाना क्षेत्र के नवना ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने पेड़ में जाकर टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सकेन्द्र भुइयां 30वर्ष जुगु भुइयां ग्राम कुसुमटोला बालूमांग थाना बारियातु निवासी अपने रिश्तेदार के घर बरियातू किया हुआ था। जहां से वापस अपने घर लौट रहा था इसी दौरान नवना ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से पेड़ में अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर बरियातू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लिया।

## 25 अप्रैल तक सभी राशन कार्ड धारियों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य

बारियातू। प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों में आइरिस के माध्यम से ई-केवाईसी करने हेतु ई-पॉस मशीन में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर दिया गया है। वैसे सभी कार्डधारक जिनके परिवार वालों का बॉयोमेट्रिक से केवाईसी नहीं हो पाया है। अब उनका आंख से आइरिस मशीन के द्वारा केवाईसी किया जा सकता है शेष बचे हुए सभी कार्डधारकों के अपील करते हुए एमओ आशीष रंजन ने कहा की अविलंब अपने पोषक क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदार से मिल कर 25 अप्रैल तक केवाईसी करवा लें।

स्पीड न्यूज

## असंतुलित कार घर में जा घुसी, छह लोग घायल

**गोड्डा।** बोआरिजोर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिर्जाचौकी – बोआरीजोर मुख्य मार्ग के श्रीपुर बाजार के समीप एक कार असंतुलित होकर गांव में जा घुसी। वहीं कार का नंबर जेएच 04 एसी 4585 है जो सड़क के किनारे विजय साह नामक व्यक्ति के घर में घुस गयी। वहीं बरामदे पर बैठे छह व्यक्ति कार की टक्कर से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर गाड़ी को कब्जे में लेकर थाना ले आई। दुर्घटना की सूचना पर देर रात श्रीपुर बाजार एवं थाना परिसर में सैकड़ों ग्रामीण जुट गए और जमकर हंगामा किया। जिसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत कर उक्त मामले में समझौता करा कर मामले को शांत किया।

## गोड्डा के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को मातृ शोक

**गोड्डा।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह समाजसेवी राजेश कुमार झा की माता 80 वर्षीया शैलवाला देवी का निधन गुरुवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे दो पुत्र संतोष कुमार झा, राजेश कुमार झा पुत्री अनिता देवी, नमिता देवी व अनिमा देवी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन के बाद श्रद्धांजलि देने को लेकर आम से खास लोगों की भीड़ लगी रही। इस दौरान संतोष कुमार सिंह, अंजनी कुमार झा, प्रलय सिंह, कन्हवारा के पूर्व मुखिया परमानंद साह, समाजसेवी पवन कुमार साह, पिक्की कुमार झा, अनिमेष झा, पूर्व जिप सदस्य शियाराम भगत, निखिल कुमार झा सहित दर्जनों गणमान्यों ने श्रद्धांजलि दी।

## मुखिया ने किया बकरी का वितरण

**बोकारो/कसमार।** पशुपालन विभाग की ओर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए सोनपुरा पंचायत के कई लाभुकों के बीच स्थानीय मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम ने बकरा–बकरी का वितरण किया। इस दौरान मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देना और किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। विभाग ने लाभार्थियों को स्वस्थ और अच्छी नस्ल के बकरा–बकरी दिए हैं जिससे वे अपनी आजीविका मजबूत कर सकें। हर लाभार्थी को चार बकरियां और एक बकरा दिया गया। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। इससे न सिर्फ लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। मौके पर पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ स्वेच्छा कुमारी सीसी विकास सिंह जितेन्द्र टुडू लालेश्वर प्रसाद यादव सुनील कुमार टुडू लखीराम टुडू झारी मांझी हरी मांझी रमेश मांझी सिमौती देवी श्रीधर मरांडी अशोक कुमार हांसदा आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, बोकारो रेफर

**फुसरो।** नावाडीह थाना क्षेत्र के फुसरो– नावाडीह मुख्य मार्ग स्थित चपरी शिव मंदिर के समीप बाईक सवार को अज्ञात चार पहिया वाहन धक्का मार फरार हो गया, जिससे असनाटॉड निवासी पल्टु मांझी के पुत्र सुखलाल मांझी (45 वर्षीय) घायल हो गये। बताया जाता है कि सुखलाल मांझी अपनी बाईक को सडक किनारे खडा कर स्वंय वाईक के बगल में खडा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने धक्का मारते हुए फरार हो गया। जिससे सुखलाल जख्मी हो गए और बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद घायल को स्थानीय लोगो व कुछ समाजसेवीयो ने अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो, बेरमो पहुंचाया। जहां पर तत्काल चिकित्सको के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। वही स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए बोकारो रेफर कर दिया गया। चिकित्सको ने बताया कि सुखलाल मांझी के दोनो पैर बुरी तरह से टुट चुका है। साथ ही सिर एवं हाथो में भी चोटे है। इसके पश्चात घटना की सुचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

# बासुकीनाथ मंदिर में केंद्रीय मंत्री ने की पूजा-अर्चना



आरती करते मंत्री व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एनडीए गठबंधन के महत्वपूर्ण घटक दलों में से एक जदयू नेता केंद्रीय पंचायती राज एवं मत्स्य मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शुक्रवार को धार्मिक नगरी बासुकीनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने अपने सहयोगियों संग पूरे श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ षोड्षोपचार विधि से बाबा बासुकीनाथ का पूजा अर्चना किया।

मुंगेर सांसद सह केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के पूजन क्रिया की अवधि में वैदिक मंत्रोचार से मंदिर परिसर गूंजता रहा। इस दौरान मंदिर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा चाक चौबंद नजर आई।

### गुड फ्राइडे पर गिरिजाघरों में हुई

# विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रार्थना सभा में भाग लेते ईसाई धर्मावलंबी

**दुमका निज संवाददाता।** गुड फ्राइडे के अवसर पर शुक्रवार को जिला के विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। प्रार्थना सभा में ईसाई समुदाय के काफी संख्या में लोगों ने गिरजाघरों में प्रभू यीशू की प्रार्थना की और सुख-शांति की कामना की। गुड फ्राइडे पर सुबह से ही गई चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। साथ ही दुमका शहर के दुधानी स्थित रोमन कैथोलिक चर्च में शाम को क्रूस की उपासना की गई। शहर के अन्य गिरजाघरों में भी प्रार्थना के लिए ईसाई समुदाय के लोगों की भीड़ लगी रही। गुड फ्राइडे मनाने के पीछे का करण है कि ईसा मसीह के विरुद्ध षड्यंत्र रचते हुए तत्कालीन शासकों ने उन्हें यरुशलम में सूली पर लटका कर प्राण दंड दिया था। शुक्रवार को सूली पर लटकाने को यह घटना हुई थी। उनके बलिदान को याद करने के लिए गुड फ्राइडे मनाया जाता हैं। ईसाई समाज के लोग यह मानते हैं कि ईसा मसीह द्वारा पूरे समाज के पापों के लिए बलिदान दिया गया था। आज ही के दिन प्रभू यीशु ने मानव को पाप से मुक्ति दिलाने के लिए स्वयं को बलिदान दिया था एवं सबों के लिए प्रार्थना की थी कि हे पिता मुझे क्षमा करें। इस दिन चर्च में प्रभु यीशु मसीह के अंतिम पलों को दोहराया जाता है। चर्च में प्रार्थना के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# धर्म सम्मेलन को लेकर दिसोम मांझी थान में हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** दिसोम मांझी थान में 'धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' का सफल आयोजन के लिए बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने किया।

बैठक में दिसोम मांझी बाबा श्री टुडू ने कहा कि धर्म सम्मेलन 12 मई को आयोजित होगी। उक्त धार्मिक कार्यक्रम से संतालों की धार्मिक, सांस्कृतिक संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से बताया जाएगा। इस कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध धर्म गुरु सोमाय किस्कू, संताली कलाकार सिंगराय सोरेन, लांगतिति किस्कू, कल्पना हांसदा, बनाम राजा नारायण टुडू समेत अन्य स्टार कलाकार शामिल होंगे।

आगे मांझी बाबा ने सभी मरांग बुरू अनुयायी से इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर अमर मरांडी ने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पड़ोसी राज्य से भी मरांग बुरू अनुयायी आयेंगे। इस धर्म सम्मेलन में सृष्टि के उत्पति, संतालों का उद्भव और विकास समेत धार्मिक परंपराओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

## दुष्कर्म का आरोपी टोटो चालक गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आसनसोल पंचायत की रहने वाली 65 साल की विधवा वृद्धा से दुष्कर्म का आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के लखीकुंडी निवासी चंदन केशरी है। चंदन महिला को आसनसोल ले जाने की बजाय लखीकुंडी के वाटर पार्क ले गया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर पीटा और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस का कहना है कि चंदन ने ही महिला के साथ दुष्कर्म किया था। दिनेश का कसूर इतना था कि उसने महिला को अपने की बजाय दूसरे के टोटो में बैठा दिया।

# मासिक अपराध समीक्षा बैठक में दिए गये आवश्यक दिशा निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज जिला पुलिस मुख्यालय के अपने कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अनिमेश नैथानी ने अपने अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध समीक्षात्मक बैठक कर उन्हें कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसमें जिले में बच्चा चोरी के अफवाह और इसकी जांच में त्वरित गति से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

मोटर साइकिल चोर गिरोहों पर कड़ी निगरानी के साथ चेकिंग की व्यवस्था करें जिसमें दुर्घटना से बचाव की कोशिशें हो ।इसके लिए जगह बदल बदल कर चेकिंग करें ।खनन संबंधी अपराध रोकने हेतु खनन पदाधिकारी के साथ अंचल अधिकारी के साथ जमीन संबंधी विवाद को सुलझाएं।


अवैध शराब मादक पदार्थ की बिक्री पर कड़ी नजर रखते हुए इसके व्यवसाय करने वालों का पता लगाकर उसे गिरफ्तार करें, पुलिस निरीक्षक अनुसंधान करता के साथ सहयोग कर जांच कार्य में प्रगति लाएं।

संपत्ति मूलक विवाद में अपराधियों भू माफियाओं अपराधी चरित्र के लोगो पर कड़ी नजर रखें ।महिला और छात्राओं के 112 नंबर पर सहयोग की अपील आते ही त्वरित गति से कार्रवाई करें। लंबित कांडों की जांच में तेजी लाएं आदि अन्य कई तरह के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

## ग्रामीणों को मिली पोषण की जानकारी

**गोड्डा।** ग्रामीण विकास ट्रस्ट - कृषि विज्ञान केन्द्र, गोड्डा के सभागार में पोषण पखवाड़ा एवं मृदा स्वास्थ्य शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गयो वरीय वैज्ञानिक -सह-प्रधान डॉ. रवि शंकर ने प्रगतिशील किसानों को पोषण का महत्व बताते हुए कहा कि मौसमी हरे पत्तेदार सब्जियाँ, रेशे वाली सब्जियाँ एवं फलों का सेवन करने से महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों में आयरन, कैल्शियम, काबोहाईड्रेट, प्रोटीन, विटामिन्स एवं खनिज की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है, जिससे कि शरीर को काम करने के लिए ऊर्जा प्राप्त हो सकती है बच्चों का मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है महिलाओं में खून की कमी को पूरा किया जा सकता है।मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित मात्रा में रासायनिक एवं जैविक खाद खेत में डालने की जानकारी दी प्रगतिशील महिला किसानों, पदाधिकारी एवं कर्मचारी गणो के साथ पोषण जागरूकता रैली भी निकाली गईं कार्यक्रम के अंत में सभी प्रगतिशील किसानों को पोषण को बढ़ावा देने के लिए सब्जी का किट वितरित किया गयो मौके पर डॉ. सूर्य भूषण, बिनिया देवी आदि प्रगतिशील किसान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# प्रभात कॉलोनी के निवासियों ने सीओ से लगाई गुहार





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सिक्कमी किस्म की जमीन से प्रभावित प्रभात कॉलोनी चास वार्ड 26 के निवासियों ने चास के अंचल अधिकारी दिवाकर दुबे से मिलकर विगत 28 जनवरी 2025 को दिए गए सामूहिक आवेदन पत्र पर हुई कार्रवाई के संबंध में वार्ता की।

इस वार्ता में आम लोगों के अंदर भारी रोष और नाराजगी व्याप्त थी। सभी लोगों ने एक स्वर में लगभग दो माह बीत जाने के बावजूद उक्त समस्या के निदान के लिए अंचल अधिकारी के स्तर से किसी भी तरह की पहल नहीं होने पर भारी नाराजगी जताई। अंचल अधिकारी चास ने उक्त हल्का क्षेत्र के राजस्व कर्मचारी अशोक मिश्रा को बुलाकर पुनः पूरी मामले की गंभीरता से समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभात कॉलोनी वासी हरेन्द्र कुमार ने कहा कि अंचल अधिकारी चास ने राजस्व कर्मचारी अशोक मिश्रा को आज निर्देश दिया कि खाता संख्या 177 के खतियान का इंतजाम स्वयं दो दिनों के अंदर करें तथा परिशोधन एप में जमीन के प्रकार में सुधार करने का काम किया जाए। निवासियों ने कहा कि 2- 4 दिनों के बाद पुनः अंचल अधिकारी से मिलेंगे।

## नागरिक अधिकार मंच ने जन-सुविधाओं को लेकर पोस्ट मास्टर से की मुलाकात



**बोकारो।** नागरिक अधिकार मंच के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में बोकारो के सेक्टर 2 स्थित प्रधान डाकघर के पोस्ट मास्टर सतीश कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर नागरिक सुविधाओं के घोर अभाव का मुद्दा उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यहां लोगों को बैठने के लिए बेंच की बहुत कमी है जबकि अधिकतर लोग वरिष्ठ नागरिक ही यहां आते हैं। साथ ही पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं है। कहा कि खाता धारकों को बहुत पहले मिले एटीएम कार्ड की वैधता की तिथि समाप्त हो जाने के बाद कई महीनों से नया एटीएम कार्ड नहीं प्रदान किया जा रहा है जिससे खाताधारकों को पैसा निकालने के लिए बहुत देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। खास कर वरिष्ठ नागरिकों को तो बहुत ही मुसीबत हो रही है। पोस्टमास्टर ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इनके उचित समाधान का भरोसा दिया और अपने ऊपर के सक्षम पदाधिकारियों को भी इससे अवगत कराने की बात कही।

### मार्शल आर्ट्स के बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में

# डीपीएस बोकारो के 31 विद्यार्थी सफल

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 31 विद्यार्थियों ने कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को उनकी दक्षता के आधार पर येलो- ऑरेंज- ग्रीन- ब्लू और पर्पल बेल्ट प्रदान किए गए। विद्यालय की प्राथमिक इकाई के 20 और वरिष्ठ इकाई से 11 छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी श्रेणियों में बेल्ट हासिल की है। सभी प्रतिभागियों को टेंशिनकान कराटे फेडरेशन ऑफ जापान से मान्यता प्राप्त व कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया से स्वीकृत- टेंशिनकान शोतोकान रियू कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी आधिकारिक ग्रेडिंग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डीपीएस बोकारो खेल कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सहयोग से अपने विद्यार्थियों को लगातार कराटे का सघन प्रशिक्षण दे रहा है। उक्त बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में प्राइमरी विंग से आकृति मिश्रा ने येलो बेल्ट रियांशी चौधरी और मायोन शरव ने ऑरेंज बेल्ट आरुष सिंह आश्वी आद्या आरुष प्रकाश अभिनंदन गुप्ता अचिन्त्य सिंह अर्नव शर्मा और अनिका दास ने ग्रीन बेल्ट प्राप्त किए। वहीं युवान यश ऋद्धिमा चौधरी एन सारवण सद्रु अधिराज झा अथर्व कश्यप और सान्वी ने दो-दो ब्लू बेल्ट भाव्या बिष्ट रेयांश प्रकाश और सिद्दी सुमन ने एक-एक ब्लू बेल्ट तथा सारा हयात ने दो पर्पल बेल्ट हासिल किए। सीनियर विंग से भव्या स्वरूप और तियाशा चटर्जी ने ऑरेंज बेल्ट विहान कुमार और आर्यव शर्मा ने ग्रीन बेल्ट अंजली सिन्हा अंशिका गुप्ता अर्नव झा और शिवानी कुमारी ने दो-दो ब्लू बेल्ट ऋषिता राज शर्मा ने दो पर्पल बेल्ट तथा सयाति सखी ने एक पर्पल बेल्ट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में आयोजित एक विशेष एसेंबली के दौरान डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं खेल कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार तथा महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक खेदू गोराई ने प्रमाण-पत्र व बेल्ट के साथ सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। डॉ गंगवार ने कराटे को आत्मरक्षा का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करता है।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयंत्र के सुरक्षा अभियंत्रण तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा निविदा कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक प्रबंधक सुशील कुमार साल्वी उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक-सुरक्षा अभियंत्रण विभाग सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उन्हें सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खबर एक नजर में

## बीएसएल के आनंदराज, टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज प्रतियोगिता

**बोकारो।** देश के कॉरपोरेट सेक्टर के लिए सबसे प्रतिष्ठित एवं अग्रणी माने जाने वाले बिजनेस क्विज टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज के 21वें संस्करण के उड़ीसा क्लस्टर के फाइनल में बीएसएल के एजीएम -ईडी वर्क्स सचिवालय आनंद राज ने जीत हासिल करते हुए आगामी 11 मई को मुंबई में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के नेशनल सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। उक्त क्विज प्रतियोगिता के प्रीलिम्स का पहला स्तर मार्च महीने में ऑनलाइन आयोजित किया गया था जिसमें पूरे देश से 1.3 लाख से अधिक कॉरपोरेट क्षेत्र के अधिकारियों ने भाग लिया था। टाटा क्रूसिबल कॉरपोरेट क्विज के 21वें संस्करण के ओडिशा क्लस्टर का आयोजन ताज ब्रांड होटल आईएचसीएल राजकुटीर में किया गया जिसमें ओडिशा झारखंड बिहार और छत्तीसगढ़ राज्य से प्रतिभागी शामिल हुए। ओडिशा क्लस्टर के फाइनल राउंड के लिए चयनित 12 प्रतिस्पर्धियों में बोकारो स्टील से प्रबंधक सतर्कता सौम्या खाती वरीय प्रबंधक एचएसएम राहुल पांडा और एजीएम अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय आनंद राज शामिल थे। क्लस्टर फाइनल के बाद आनंद राज इस राउंड के चैंपियन बनें और राष्ट्रीय सेमीफाइनल के लिए चुने गए जबकि बोकारो स्टील प्लांट से ही राहुल पांडा ओडिशा क्लस्टर के फाइनल राउंड के उपविजेता बने। नेशनल सेमीफाइनल में अन्य 11 क्लस्टर विजेता भी शामिल होंगे।

## गाय तस्करी का भंडाफोड़: ग्रामीणों ने पकड़ा पिकअप ट्रक, तस्कर मौके से फरार

**गोड्डा।** पथरगामा प्रखंड के मां योगिनी स्थान के समीप शुक्रवार तड़के लगभग 3:00 बजे सुबह ग्रामीणों की सतर्कता से गाय तस्करी का मामला उजागर हुआ। एक संदिग्ध पिकअप ट्रक को ग्रामीणों ने रोका जिसमें आठ गायों को अमानवीय तरीके से बांधकर रखा गया था। गायों की हालत बेहद दयनीय थी और वे लगातार तड़प रही थीं। ग्रामीणों के ट्रक रोकते ही तस्कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने गायों की स्थिति को देखते हुए तुरंत रस्सियों को काटकर उन्हें ट्रक से बाहर निकाला। सभी गायें दुधारू और अच्छी नस्ल की थीं। 8:30 बजे पथरगामा प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन देरी से पहुंचने पर स्थानीय कार्यकताओं ने प्रशासन को फटकार लगाई। प्रशासन ने सभी गायों को जब्त कर पथरगामा थाना पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि रात करीब 1:30 बजे ड्यूटी से लौटने के बाद वे विश्राम कर रहे थे जिससे सूचना मिलने में देरी हुई। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही गश्ती दल को भेजकर गायों को थाना मंगवाया गया। फिलहाल मामले की जांच जारी है और थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्री श्री 1008 पांच कुंडिय महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ

**ठाकुर गंगटी।** प्रखंड के मिश्र गंगटी गांव में श्री श्री 1008 पांच कुंडिय महारुद्र यज्ञ को ले गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा यज्ञ मंडप परिसर से रथ, घोड़ा, गाजे-बाजे, झंडा, बैनर, 1001 कलश यात्रियों के साथ निकली। शोभायात्रा प्रखंड अंचल कार्यालय मार्ग से ठाकुर गंगटी मुख्यालय चौक, बजरंगबली मंदिर, ठाकुर गंगटी शिव मंदिर,दुर्गा मंदिर होते हुए मिश्र गंगटी बाबा राम ठाकुर मंदिर, काली मंदिर की परिक्रमा कर वापस यज्ञ मंडप पहुंची। जहां विधिवत कलश की पूजा अर्चन कर कलश स्थापित किया गया। इस दौरान गाजे बाजे व धार्मिक धुन पर सैकड़ो युवा और श्रद्धालु ताली बजाकर झूमते, नृत्य करते देखे गए ।जगह-जगह पर कलश यात्रियों व श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शरबत, नींबू पानी आदि की व्यवस्था की गई थी। हजारों लोगों के मन में धर्म के प्रति इतनी बड़ी आस्था विश्वास कि कड़ाके की धूप में भी लोगों ने धूप को बेअसर कर दिया और करीब चार किलोमीटर तक कलश यात्रा के साथ बेहिचक पैदल यात्रा की।

## सीसीएल कर्मी आनन्द वर्मा का हार्ट अटैक से मौत

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय के जीएम सचिवालय मे कार्यरत सह करगली बाजार निवासी आनन्द वर्मा का हार्ट अटैक होने से मौत हुई। जीएम श्री सिन्हा ने कहा आनंद वर्मा व्यवहार कुशल, अनुभवी और कर्मठ कर्मचारी थे। स्टाफ आफिसर इएंडएम गौतम मोहंती ने कहा आनंद वर्मा सबके साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करते थे। ढोरी जीएम रंजय सिन्हा ने स्वर्गीय आनंद नारायण वर्मा करगली बाजार निवासी की पत्नी आशा वर्मा को उनके आवास जाकर ईबीएफ का 1 लाख 25 हजार का चेक दिया तथा आईसीएस का 1लाख 56 हजार 250 रुपए का पेपर दिया, जो आरटीजीएस के द्वारा उनके अकाउंट में जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए बोकारो भेज दिया गया। मौके पर एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह व सीताराम उड़के, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, यूनियन नेता बृज बिहारी पांडेय, शिवनन्दन चौहान, गणेश मल्लाह, विकास सिंह, घीरज पाण्डेय, आर उनेश, विनय सिंह, राजू भूखिया, जवाहरलाल यादव, कैलाश ठाकुर, राकेश कुमार सिंह, उज्जवल मुखर्जी आदि मौजूद थे।

## जागरूकता सह परामर्श कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा किशोरियों के लिए दो दिवसीय जागरूकता सह परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बेरमो व चंद्रपुरा प्रखंड की 20-20 किशोरियां भाग ले रही हैं. काउंसलर सुजाता रानी ने कहा कि किशोरियों को उनके अधिकार व स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देनें के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किशोरियां अपने साथ होने वाली किसी भी अप्रिय घटना को छिपाये नहीं, परिवार के साथ साझा करें, अपने अधिकारों को जानें। मौके पर किशोरियो को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिलाओं के लिए कानूनी अधिकार, व्यक्तिगत सुरक्षा व संरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, एचआइवी, लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। मौके पर सरिता कुमारी बलजीत कोंसलर, सुषमा कुमारी, डॉ पूजा कुमारी, सुशांत राईका सहित कई लोग मौजूद थे।

## हादसे में घायल पाकुड़ के युवक समेत वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**दुमका।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के आश्रम मोड़ और पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में दोनों की मौत हो गई। नगर थाना की पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार मसलिया के ठाड़ी गांव का 64 साल का प्रदीप राय कुछ दिन से बीमार चल रहा था। गुरुवार की शाम वह पैदल ही आश्रम मोड़ दवा लेने जा रहा था। इसी क्रम में तेज गति से टैंकर ने उसे ठोकर मार दी। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रात को उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने मसलिया थाना को सूचित किया। लोगों ने पुलिस को बताया कि टैंकर जामताड़ा की ओर भागा है। पुलिस ने जामताड़ा जिले के सभी थाना को सूचित किया। फतेहपुर पुलिस ने चालक समेत टैंकर को पकड़ लिया।

**बारात से लौट रहे युवक की मौत :** पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के खरबिंधा गांव के पास गुरुवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 31 साल का रिसीवर मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

स्पीड न्यूज

## राष्ट्रपति मुर्मू से मिले दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्य



**नयी दिल्ली।** शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोक कल्याण मार्ग स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी। उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम लाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि यह लंबे समय से लंबित मांग थी।

## यूपी में आंधी-पानी से 10 लोगों की मौत

**लखनऊ।** अयोध्या,बाराबंकी समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार रात तेज रफ्तार आंधी के साथ वर्षा ने जम कर कहर बरपाया। वर्षा जनित हादसों में दस से अधिक लोगों की जान चली गयी जबकि कई मवेशी भी हताहत हुये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया है कि प्रदेश सरकार उनके साथ है और जान माल की हिफाजत सरकार की प्राथमिकता है।

## दिल्ली में नाबालिग की चाकू घोपकर हत्या

**नयी दिल्ली।** राजधानी के उत्तर पूर्वी जिलान्तर्गत सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम 17 वर्षीय एक नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। नाबालिग पर हमला उस समय हुआ, जब वो घर से दूध लेने के लिए निकला था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और चाकुओं से हमला कर दिया। इस घटना के बाद इलाके से हिंदुओं के पलायन की बात सामने आ रही है। लोगों ने घरों के बाहर ये मकान बिकाऊ है लिखकर पोस्टर चस्पा कर दिए हैं।

यूपी में आंधी पानी ने फिर बरपाया कहर,योगी ने कहा घबरायें नहीं।

सीमा पर हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

## अमृतसर में हथियारों का जखीरा बरामद

**जालंधर ।** बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर अमृतसर सीमा पर हथियारों का जखीरा बरामद किया है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर जालंधर के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए, बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने एक विशेष सूचना के आधार पर व्यापक तलाशी अभियान के परिणामस्वरूप अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में 06 पिस्तौल और 14 मैगजीन बरामद कीं।


## इन्वेस्ट यूपी के दफ्तर दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में खुलेंगे

**लखनऊ।** योगी सरकार निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए अब एक नई रणनीति पर विचार कर रही है। इसके तहत योगी सरकार देश के तीन मेट्रो सिटी क्रमशः नई दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में इन्वेस्ट यूपी के कार्यालयों की स्थापना की तैयारी में है। इसका उद्देश्य निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही प्रदेश की निवेश नीति व उपलब्धियों को प्रस्तुत करना होगा। सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश न केवल एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, बल्कि 'विकसित भारत 2047' की दिशा में भी एक सशक्त भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्णय प्रदेश को एक निवेश का हब बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

# यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता व नाट्यशास्त्र

### विश्व में प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण : प्रधानमंत्री

▸▸ गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने दुर्लभ अभिलेखों की अपनी सूची- मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और भरत मुनि का नाट्यशास्त्र को शामिल किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इसकी प्रशंसा की है और इसे दुनिया भर में रह रहे भारतीयों के लिए गर्व की बात बताया है। इसके साथ ही इस सूची में भारत के दर्ज प्राचीन अभिलेखों की संख्या 14 हो गयी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। उन्होंने यूनेस्को के गुरुवार के निर्णय के बारे में संस्कृति मंत्री श्री शेखावत के एक पोस्ट पर टिप्पणी में यूनेस्को के फैसले को भारत के शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता और भारत के लोगों के लिए बड़े गर्व की बात बताया। मोदी ने लिखा कि समूचे विश्व में प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण। गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया जाना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता प्रदान किया जाना है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करना जारी रखे हुए है। शेखावत ने इसे भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को अब यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किया गया है। यह वैश्विक सम्मान भारत की शाश्वत बुद्धि और कलात्मक प्रतिभा के लिए हर्ष का अवसर है। उन्होंने लिखा कि ये कालातीत रचनाएँ साहित्यिक खजाने से कहीं बढ़कर हैं - ये दार्शनिक और सौंदर्यवादी आधार हैं जिन्होंने भारत के विश्व दृष्टिकोण और हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को आकार दिया है। शेखावत ने कहा कि इसके साथ ही, अब हमारे देश के 14 अभिलेख इस अंतर्राष्ट्रीय रजिस्टर में शामिल हो गए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में 74 नए दस्तावेजी विरासतों के संग्रह शामिल करने की घोषणा की। इससे कुल अंकित संग्रहों की संख्या 570 हो गयी। इस रजिस्टर में पुस्तकों, पांडुलिपियों, मानचित्रों, तस्वीरों, ध्वनि या वीडियो रिकॉर्डिंग सहित दस्तावेजी संग्रह शामिल हैं, जो मानवता की साझा विरासत के साक्षी हैं। यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अजोले ने कहा, ह्लदस्तावेजी विरासत दुनिया की स्मृति का एक आवश्यक तत्व हैं, लेकिन वे (संभालने की दृष्टि से ) नाजुक होते है। यही कारण है कि यूनेस्को इनकी सुरक्षा पर काम करता है - इसमें मॉरिटानिया में चिंगुएट्टी के पुस्तकालय या आइवरी कोस्ट में अमादौ हंपटे बा के अभिलेखागार शामिल हैं जो सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करते हैं, और इस रजिस्टर को बनाए रखते हैं जो मानव इतिहास के सबसे व्यापक धागों को रिकॉर्ड करता है।

इस रजिस्टर में शामिल नए संग्रहों में से चौदह वैज्ञानिक दस्तावेजी विरासत से संबंधित हैं। इनमें इताफ अल-महबूब (मिस्र ) भी है जो पहली सहस्त्राब्दी के दौरान खगोल विज्ञान, ग्रहों की चाल, आकाशीय पिंडों और ज्योतिषीय विश्लेषण में अरब दुनिया के योगदान का दस्तावेजीकरण है। यूनेस्को ने इस बार चार्ल्स डार्विन (ब्रिटे), फ्रेडरिक नीत्शे (जर्मनी), विल्हेम कॉनराड रोएंटजेन (जर्मनी) के अभिलेख भी दर्ज किए हैं जिसमें सबसे पहले दर्ज की गई एक्स-रे तस्वीरें हैं । इसी तरह कार्लोस चागास (ब्राजील) के अभिलेख भी हैं जो इस युग में रोगों पर आधुनिक अनुसंधान में अग्रणी थे।

## अरविंद श्रीवास्तव बने केंद्रीय राजस्व सचिव

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह अरविंद श्रीवास्तव को शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा किए गए शीर्ष-स्तरीय नौकरशाही फेरबदल के तहत नया राजस्व सचिव नियुक्त किया गया है। कर्नाटक कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी श्रीवास्तव वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम को व्यय विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वह मनोज गोविल का स्थान लेंगे। बिहार कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी राजित पुन्हानी को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। मप्र कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल को संस्कृति मंत्रालय का सचिव नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

# युद्ध के लिए जेलेंस्की जिम्मेदार नहीं : ट्रंप

### अमेरिका के राष्ट्रपति बोले, यूक्रेन के साथ मिनरल्स की डील साइन करेंगे



▸▸ यूक्रेन की रक्षा के लिए काम कर रहा है अमेरिका और इटली : मेलोनी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोडिमीर जेलेंस्की को लेकर नरम दिखाई पड़ रहे हैं। व्हाइट हाउस में मीडिया के सामने अपने उपराष्ट्रपति वैंस के साथ मिलकर जेलेंस्की को खरी-खोटी सुनाने वाले ट्रंप ने गुरुवार को अपने पुराने दावे से पीछे हटते हुए कहा कि वह यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की को जिम्मेदार नहीं मानते हैं। वह बस इस बात से चिंतित हैं कि यह युद्ध शुरू हुआ है।

इसके साथ ही ट्रंप ने कहा कि हम जल्द ही यूक्रेन के साथ एक मिनरल्स की डील साइन करेंगे। व्हाइट हाउस में इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हुई मीटिंग के बाद ट्रंप ने मीडिया से बात की। मीडिया के यूक्रेन के मुद्दे पर सवाल पूछने पर ट्रंप ने कहा कि मैं जेलेंस्की को युद्ध के लिए जिम्मेदार नहीं मानता हूं लेकिन मैं इस बात से बिलकुल भी खुश नहीं हूं कि उस क्षेत्र में युद्ध शुरू हुआ.. मैं उसे कोई दोष नहीं दे रहा हूं लेकिन यह जरूर कहूंगा कि उसने जो भी किया मैं उसका कोई बड़ा प्रशंसक नहीं हूं। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के सामने दिया ट्रंप का यह बयान इसलिए भी ज्यादा मायने रखता है क्योंकि ट्रंप शुरूआत से ही जेलेंस्की पर हमलावर रहे हैं। शपथ लेने के बाद ट्रंप ने युद्द के लिए पुतिन को उकसाने का आरोप जेलेंस्की पर मढ़ते हुए उन्हें लाखों मौतों का जिम्मेदार बताया था। वहीं दूसरी तरफ व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ वाक युद्ध लड़कर गए जेलेंस्की ने ट्रंप को यूक्रेन आकर पुतिन द्वारा मचाई गई तबाही को अपनी आंखों से देखने का न्यौता दिया है। वहीं ट्रंप की मीडिया से हुई इस बातचीत के दौरान साथ में मौजूद इटली की प्रधानमंत्री ने कहा कि हम एक साथ मिलकर यूक्रेन की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं, ताकि हम साथ मिलकर एक न्याय पूर्ण और स्थायी शांति का निर्माण कर सकें।



## नीतीश कुमार ने महिला संवाद का किया शुभारंभ

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को महिला संवाद का शुभारंभ किया। कुमार ने शुक्रवार को एक, अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं एवं कार्यों के विषय में महिलाओं को जानकारी दी जाएगी।

## भारत और ब्रिटेन रक्षा संबंधों को और अधिक बनायेंगे सशक्त

**नयी दिल्ली ।** भारत और ब्रिटेन ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि रक्षा सचिव राजेश सिंह ने दो दिन की लंदन यात्रा के दौरान वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा सचिव ने लंदन में अपने समकक्ष डेविड विलियम्स के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की और रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह चर्चा 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को विस्तार देगी। रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहभागिता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# शौर्य दिवस पर 23 अप्रैल को पटना में होगा भव्य एयर शो

▸▸ मुख्यमंत्री ने वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क और जेपी गंगा पथ का किया निरीक्षण

▸▸ 132 जेट विमान आकाश में हैरतगंजेब प्रदर्शन करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शहीद वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में 23 अप्रैल को होनेवाले वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्क को पूरी तरह मेंटेन रखें ताकि यहां पर आनेवाले लोगों को सहूलियत हो और वे आनंदित महसूस करें। मुख्यमंत्री ने 23 अप्रैल को शौर्य दिवस पर जेपी गंगा पथ के पास आयोजित होनेवाले एयर शो कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। एयर शो कार्यक्रम को देखने के लिए सभ्यता द्वार के सामने जेपी गंगा पथ पर बैठने की व्यवस्था की जा रही है। यह जगह प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सामने जेपी गंगा पथ अंडरपास से पूरब की तरफ सभ्यता द्वार के नजदीक गंगा नदी के किनारे है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पटना में पहली बार 23 अप्रैल को शौर्य दिवस पर सूर्य किरण एरोबैटिक टीम, हॉक-



132 जेट विमान आकाश में हैरतगंजेब प्रदर्शन करेंगे। जेपी गंगा पथ पर लगभग एक घंटा का यह भव्य एयर शो होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# शांति वार्ता के लिए एक माह तक ऑपरेशन रोके छत्तीसगढ़ सरकार

### नक्सलियों के उत्तर पश्चिम सब जोनल प्रभारी रूपेश ने जारी किया पर्चा, कहा- हत्या रोके

एजेंसी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने पर्चा जारी कर शांति वार्ता के लिए एक महीने तक नक्सल ऑपरेशन रोकने की मांग की है। यह पर्चा नक्सलियों के उत्तर पश्चिम सब जोनल प्रभारी रूपेश ने जारी किया है। इस पर्चे में शांति वार्ता को लेकर 8 अप्रैल को दिए गए पहले के बयान पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद दिया है। इस पर्चे में उत्तर पश्चिम सब जोनल प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा की गारंटी देते हुए इस कोशिश को आगे बढ़ाने की अनुमति देने के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। पर्चे में आरोप लगाया गया है कि कोशिश का मुख्य उद्देश्य ऑपरेशन कगार के नाम से हो रहे हत्याकांड को तुरंत रोक होना चाहिए। समस्या का हल होना चाहिए ताकि शांति वार्ता के जरिए इसे हासिल किया जा सके। हमारी पेशकश के पीछे और कोई रणनीति नहीं है। जब आप और हम वार्ता के लिए तैयार हैं, तो दोनों ओर से कम से कम अस्थायी तौर पर युद्ध विराम का ऐलान करना लाजमी है। यह शर्त के दायरे में नहीं आता, बल्कि शांति वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनाने का हिस्सा है। इस पर आप की प्रतिक्रिया की हम प्रतीक्षा करेंगे। नक्सली प्रवक्ता ने कहा है कि समस्या के परिष्कार के लिए, उसे पूर्णरूप देने के लिए, वार्ता में हमारी तरफ से प्रतिनिधित्व करने वाले एक मध्यवर्ती प्रतिनिधिमंडल और हमारे पार्टी के प्रतिनिधियों को तय करने के लिए हमारी केंद्रीय कमेटी एवं स्पेशल जोनल कमेटी के नेतृत्वकारी कामरेडों से मिलना जरूरी है। सरकार से मेरी अपील है कि एक महीने तक शासकीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशनों पर रोक लगाए। मैंने पहले ही हमारे तमाम कामरेडों से प्रेस बयान और विशेष पत्र के जरिए अपील की है कि इस वार्ता के दौर में सरकारी सशस्त्र बलों पर बंदूक नहीं चलाएं, इसलिए आप मेरी बात पर सहमत हों।

## छत्तीसगढ़ में हथियार के साथ 33 कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिलों में विभिन्न ऑपरेशन्स में कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने 33 कुख्यात नक्सलियों को आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। शाह ने इस सफलता के लिए सुरक्षा बल के जवानों और छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने छिपे हुए नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील की है। अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में विभिन्न ऑपरेशन्स में कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने 22 कुख्यात नक्सलियों को आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही, सुकमा की बडेसेट्टी पंचायत में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे यह पंचायत पूरी तरह नक्सलमुक्त हो गई है। छिपे हुए नक्सलियों से मेरी अपील है कि मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों।

# भारतीय फार्मा कंपनियां अमेरिका में तेजी से कर रही विस्तार



▸▸ कई भारतीय दवा कंपनियों ने कैंसर दवाओं के जेनेरिक वर्जन के लिए यूएस फूड और एफडीए से ली मंजूरी

▸▸ वर्ष 2025 में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स के लिए 7,246 करोड़ के 13 एफडीआई प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय फार्मा कंपनियां वर्तमान में 145 अरब डॉलर वैल्यू के अमेरिकी ऑन्कोलॉजी जेनेरिक्स बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। यह बाजार सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। यह जानकारी नई रिपोर्ट में दी गई। हाल के महीनों में कई भारतीय दवा कंपनियों ने कैंसर दवाओं के जेनेरिक वर्जन के लिए यूएस फूड और ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) से एप्रूवल प्राप्त किया है, जिससे अमेरिकी बाजार में कॉम्पलेक्स जेनेरिक और बायोसिमिलर दवाओं की एंट्री में लगातार वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि ऑन्कोलॉजी वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते सेगमेंटों में से एक है और भारतीय कंपनियां किफायती मैन्युफैक्चरिंग, तकनीकी विशेषज्ञता और बढ़ती नियामक मंजूरी के जरिए इस उच्च-मूल्य वाले क्षेत्र में प्रवेश करने की तैयारी कर रही हैं। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह पारंपरिक जेनेरिक दवाओं से अधिक कॉम्पलेक्स फॉर्मूलेशन की ओर बदलाव और भारतीय फार्मा कंपनियों की विकसित होती क्षमताओं को दिखाता है।

वैश्विक बाजारों में सफलता मिलने से भारतीय फार्मा सेक्टर में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़ रहा है। फार्मास्यूटिकल्स डिपार्टमेंट के अनुसार, भारत के फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस सेक्टर को अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच 11,888 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2025 के दौरान ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स के लिए 7,246.40 करोड़ रुपये के 13 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिससे कुल एफडीआई 19,134.4 करोड़ रुपये हो गई। इस सेक्टर में एफडीआई बढ़ने की वजह केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को माना जा रहा है। इसका उद्देश्य घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाना, आयात पर निर्भरता कम करना और निर्यात को बढ़ाना है। फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर के लिए 15,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ 2021 में शुरू की गई यह योजना कॉम्पलेक्स जेनरिक, बायोफार्मास्युटिकल्स और एंटी कैंसर दवाओं जैसे हाई-वैल्यू उत्पादों पर केंद्रित है। इस योजना का एक अच्छा परिणाम यह है कि इसमें शुरूआती निवेश लक्ष्य से अधिक निवेश हुआ है। प्रस्तावित निवेश 3,938.57 करोड़ रुपये था, जबकि 2024 के अंत तक वास्तविक निवेश 4,253.92 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। आंध्र प्रदेश में पेनिसिलिन जी यूनिट और हिमाचल प्रदेश में क्लावुलैनिक एसिड सुविधा जैसे प्रोजेक्ट पीएलआई के प्रमुख लाभार्थियों में से हैं, जिनसे आयात लागत में काफी कमी आने की उम्मीद है।

